लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 205
लखनऊ, शनिवार, 18 मई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

www.dailypioneer.com

# मालीवाल ने बयां की आपबीती

## एफआईआर के मुताबिक मारपीट, दुर्व्यवहार, धमकी दी गई

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद सिविल लाइंस स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास से निकलते हुए।

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ आप नेता और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल द्वारा दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में हमले का चौंकाने वाला विवरण सामने आया है। मालीवाल ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने उन्हें कम से कम सात से आठ बार थप्पड़ मारा, जबकि वह चिल्लाती रहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें बेरहमी से घसीटा, छाती, पेट और श्रोणि क्षेत्र पर लातें मारीं और गंभीर परिणाम की धमकी दी। जब मैंने हमले के बाद 112 (आपातकालीन नंबर) पर कॉल किया तो विभव ने कहा कि तुम्हें जो करना है वह करो। तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। एफआईआर में मालीवाल ने कहा है कि उन्हें ऐसी जगह दफनाने की धमकी दी गई, जहां उन्हेंकोई खोज नहीं पाएगा।

संबंधित घटनाक्रम में मालीवाल अपने ऊपर हुए कथित हमले के बारे में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराने के लिए शुक्रवार को तीस हजारी अदालत गई थीं। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कात्यायिनी शर्मा कंडवाल ने अपने कक्ष में मालीवाल का बयान दर्ज किया। सीआरपीसी की धारा 164 के तहत, एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को जांच के दौरान उसके सामने दिए गए किसी भी बयान या कबूलनामे को रिकॉर्ड करने का अधिकार है।

मेडिको-लीगल केस रिपोर्ट में यह भी पुष्टि हुई कि उनके चेहरे पर अंदरुनी चोटें आई हैं। मालीवाल की शुक्रवार तड़के एम्स दिल्ली में चार घंटे तक चिकित्सा जांच की गई। दिल्ली पुलिस की एक टीम रात करीब 11 बजे आप सांसद को लेकर एम्स पहुंची और करीब 03.15 बजे वहां से निकली। दिल्ली महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य वंदना सिंह भी स्वाति मालीवाल के साथ थीं। इस मेडिकल जांच के दौरान एक्स-रे और सीटी स्कैन किया गया।

एफआईआर के मुताबिक, 13 मई को मालीवाल केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास पर उनके कैंप कार्यालय गईं, जहां उन्होंने कुमार को फोन किया और मैसेज किया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। वह ड्राइंग रूम में सीएम का इंतजार कर रही थी, कुमार अचानक अंदर घुस आए, बिना उकसावे के उस पर चिल्लाए और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। घटना के तीन दिन बाद गुरुवार को दर्ज की गई मालीवाल की शिकायत पर आधारित एफआईआर में कहा गया है कि चूंकि कुमार सीएम के घर पर मौजूद नहीं थे, इसलिए वह मुख्य दरवाजे से आवासीय क्षेत्र के अंदर चली गईं, जैसा कि वह पिछले साल हमेशा करती रही हैं और सीएम के स्टाफ को बताया कि वह उनसे मिलने के लिए वहां आई थीं। एफआईआर में लिखा है, मैं कैंप ऑफिस के अंदर गई और सीएम के पीएस बिभव कुमार को फोन किया, लेकिन मैं अंदर नहीं जा सकी। फिर मैंने उनके मोबाइल नंबर पर (व्हाट्सएप के माध्यम से) एक संदेश भेजा। हालाँकि, कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।उन्होंने कहा कि एक स्टाफ सदस्य ने मुझे बताया कि सीएम कुछ ही देर में मुझसे ( शेष पेज 9 )

# ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया, आप भी नामजद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** ने कथित आबाकरी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। साथ ही आम आदमी पार्टी को भी नामजद किया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल की और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था और इस समय वह अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर हैं। इस मामले में ईडी द्वारा दाखिल यह आठवां आरोप पत्र है और वह अबतक 18 लोगों को गिरफ्तार कर ( शेष पेज 9 )




# कांग्रेस आई तो राममंदिर पर चलवा देगी बुलडोजर: मोदी

## बोले मोदी, कहां चलाना है बुलडोजर, योगी से ट्यूशन ले कांग्रेस-सपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ बाराबंकी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं। पीएम मोदी शुक्रवार को यहां जैदपुर मार्ग के समीप विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट की ताकत ने 500 साल के इंतजार को खत्म करके भव्य राममंदिर में श्रीरामलला को विराजमान कराया। कहा कि पहले जब लोग रामलला को टेंट में देखते थे तो सरकार को भद्दी भद्दी गालियां देते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी जी के ओडीओपी मिशन से अब मुझे विदेश जाते वक्त गिफ्ट लेने के लिए चिंता नहीं करनी पड़ती। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

### जनता-जनार्दन चुनाव परिणाम को लेकर पहले से आश्वस्त, जीतेंगे तो मोदी ही: योगी

**लखनऊ/ बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता जनार्दन 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। यही वजह है कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के विभाजनकारी तुष्टीकरण और अराजकता की नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बाराबंकी लोकसभा के जैदपुर मार्ग पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में वोट की अपील की। साथ ही, उन्होंने अवध प्रांत के देवाधिदेव महादेव की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना की विजय का अबकी बार 400 पार का नारा एक नया उद्घोष भी है। उन्होंने महादेवा और सिद्धेश्वर महादेव की धरती पर भारत की सांस्कृतिक नवजागरण के पुरोधा, एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी, दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बाराबंकी की जनता की ओर से हृदय से स्वागत किया।

# रामजन्म भूमि में जातीय समीकरण सबसे बड़ा मुद्दा

**विश्वजीत बनर्जी/कमलेश श्रीवास्तव।** अयोध्या



**22 जनवरी** को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर के भव्य उद्घाटन ने अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया है। हालाँकि, इस लोकसभा क्षेत्र, जिसे अब भी आमतौर पर फैजाबाद के नाम से जाना जाता है, में चुनावी गणित कहीं अधिक जटिल है, जो मंदिर की राजनीति के साथ-साथ जटिल जाति समीकरणों से गहराई से प्रभावित है।इस हाई-स्टेक सीट पर भाजपा के ठाकुर उम्मीदवार लल्लू सिंह को सपा के दलित उम्मीदवार और मौजूदा विधायक अवधेश प्रसाद और बसपा के ब्राह्मण उम्मीदवार सच्चिदानंद पांडे से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में भाजपा से बसपा में शामिल हुए पांडे का लक्ष्य ब्राह्मण वोट बैंक पर कब्जा करना है।

राजनीतिक विश्लेषक राजेश एन. बाजपेयी ने कहा, अयोध्या भगवान राम का पर्याय है। लेकिन जब चुनाव की बात आती है तो राम का नाम लेना पर्याप्त नहीं है। उम्मीदवारों की जाति भी मायने रखती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि राम मंदिर की लंबे समय से चली आ रही वकालत के कारण बाहरी लोग अयोध्या को भाजपा के गढ़ के रूप में देख सकते हैं, लेकिन वास्तविकता थोड़ी अलग है। 1989 के बाद से अब तक आठ लोकसभा चुनाव हुए हैं और उनमें से केवल चार में ही भाजपा को जीत मिली है। लल्लू सिंह और विनय कटियार दो-दो बार जीते, जबकि मित्रसेन यादव तीन बार जीते- दो बार एसपी के टिकट पर और एक बार सीपीआई उम्मीदवार के रूप में। 2009 में भी सपा ने इस सीट पर कब्ज़ा जमाया।1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद राम लहर के चरम के दौरान सोशल इंजीनियरिंग नामक रणनीतिक गठबंधन के कारण भाजपा को 1993 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। कांशीराम और मुलायम सिंह यादव एकजुट हुए, जिससे सपा और बसपा की पहली सरकार बनी। स्थानीय ( शेष पेज 9 )



# रायबरेली में बोलीं सोनिया गांधी, अपना बेटा सौंप रही हूं

**पायनियर समाचार सेवा।** रायबरेली/अमेठी

**आगामी** लोकसभा चुनाव में अपनी पहली सार्वजनिक रैली में पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाने का प्रयास किया और लोगों से उनके बेटे राहुल गांधी को भी अपना मानने के लिए कहा जो वहां से उम्मीदवार हैं और सोनिया द्वारा खाली की गई सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता गृह मंत्री अमित शाह ने भी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित किया, जिसके दौरान उन्होंने रायबरेली को पारिवारिक सीट कहने के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर हमला किया और कहा कि यह किसी परिवार की सीट नहीं बल्कि लोगों की सीट है। सोनिया ने कहा, राहुल आपको निराश नहीं करेंगे, उनके साथ राहुल, बेटी प्रियंका गांधी वाद्रा और इंडिया ब्लॉक के ( शेष पेज 9 )

# बाकी चरणों में नौतपा भी तपाएगा मतदाताओं को

**राजेश कुमार नई** दिल्ली



**दिल्ली,** हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 58 संसदीय क्षेत्रों के लोग 2024 के लोकसभा चुनावों के छठे चरण के लिए मतदान करेंगे, वह दिन साल के सबसे गर्म नौ दिनों में शामिल है। इसे नौतपा के जाना जाता है। नौतपा 2 जून तक चलेगा। इसे दक्षिण पश्चिम मानसून का जन्म समय भी माना जाता है। नौतपा के दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब होता है और इस कारण भीषण गर्मी होती है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है, जिससे 50 डिग्री सेल्सियस तक गर्मी का एहसास हो सकता है। नौतपा के दौरान मतदान ने शेष चरणों में विशाल मैदानी इलाकों में मतदाताओं की कम भागीदारी को लेकर चिंता बढ़ा दी है।मौसम ज्योतिषी डॉ. एसएन वाजपेई के मुताबिक नौतपा 25 मई से शुरू होगा, जिस दिन दिल्ली के लोग वोट डालेंगे और 2 जून तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा, ऐसा माना जाता है कि सूर्य की गर्मी और रोहिणी के जल तत्व के कारण, यह मानसून का जन्म समय है और इस कारण से नौतपा को मानसून का जन्म समय माना जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार, नौतपा के नौ दिनों के दौरान जब चार ग्रह – सूर्य, मंगल, बुध और शनि – कुंडली ( शेष पेज 9 )



# रामद्रोहियों की जमानत जब्त होंगी: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

## कहा-जब सपा-कांग्रेस मिलते हैं कोई न कोई अपशकुन जरूर होता है



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के तहत मिल्कीपुर, अयोध्या में विशाल जनसभा को संबोधित किया और मौजूदा सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। इस दौरान सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का वर्तमान संस्करण बहुत खतरनाक हैं। जब भी ये दोनों मिलते हैं मानकर चलिए कि कोई अपशकुन होने वाला है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के इस नए संस्करण को 'खून चुसवा' कहते हैं। औरंगजेब की आत्मा इनके अंदर घुस गई है। ये देश के लोगों से जजिया कर वसूलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज जो माहौल देश के अंदर बन रहा है इसमें हम सबको सहभागी बनना है। ये अवसर कमल चुनाव पर वोट करके लोक और परलोक दोनों सुधारने का है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है तो यह केवल भाजपा ही कर सकती है। मोदी भारत के विकास के रथ के सारथी हैं। महाभारत के इस युद्ध में वह श्रीकृष्ण की भूमिका में हैं और जहां मोदी होंगे, कमल का फूल होगा तो विजय अवश्य होनी है। वहीं, रामद्रोहियों की जमानतें जब्त होंगी।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा ये तीनों केवल आज के दिन पर वोट कटवा हैं। सपा और कांग्रेस जब आपस में मिलते हैं तो कोई न कोई गड़बड़ जरूर करते हैं। जब राज्य में समाजवादी पार्टी की सरकार थी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब अयोध्या में रामजन्म भूमि पर हमला हुआ था। इस बार इन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध लगाने की साजिश की है। इनका गरीबी हटाओ का मॉडल बहुत खतरनाक है। ये कहते हैं कि एक झटके में गरीबी हटा देंगे। किसी ने पूछा कैसे हटाएंगे तो कहा कि संपत्ति का सर्वे करेंगे और फिर जो आपके बाप, दादा की संपत्ति होगी उसमें से आधी संपत्ति ले लेंगे और समाजवादी पार्टी के गुंडों में बांट देंगे। उन्होंने कहा कि कमल के फूल पर जब वोट पड़ता है वही मोदी और योगी को ताकत देता है। यही ताकत है जिसने 500 वर्षों की समस्या का समाधान एक झटके में करके आपको और वर्तमान पीढ़ी को गौरव की अनुभूति कराई है। एक तरफ ये विकास है और दूसरी तरफ गरीब कल्याण भी है। कांग्रेस-सपा के समय राशन माफिया हावी थे। भाजपा के समय माफिया को जहां पहुंचाना था पहुंचा दिया। पूरे देश के अंदर अभी तीन चरण के चुनाव बाकी हैं, लेकिन यह पहला चुनाव है जब एक ही नारा गूंज रहा है और वह नारा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। जब लोग बोलते हैं कि 400 पार कैसे? तो जनता कह देती है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह बोलने में कोई संकोच नहीं है कि वर्तमान का यह चुनाव चौथा चरण आते-आते पूरे देश के अंदर रामद्रोही और रामभक्तों के बीच बंट गया है। रामद्रोही वही जो रामभक्तों पर गोलियां चलाते हैं। रामद्रोही वही जो हमारे रामलला की जन्मभूमि पर हमला करने वालों पर मुकदमे वापस लेते हैं। रामद्रोही वही जो कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बेकार बना है। रामद्रोही वही जो राम भक्त कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त नहीं करते लेकिन माफिया के मरने पर मातम मनाने जरूर जाते हैं। रामद्रोही वही जो देश

## आतंकवाद व भ्रष्टाचार को बढ़ाकर सत्ता प्राप्त करना चाहता है इंडी गठबंधन: योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/सारण (बिहार)

● यूपी के सीएम ने बिहार के सारण में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जहां एक तरफ मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल युग में प्रवेश कर रहा है वहीं कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग जातियों को लड़ाकर और आतंकवाद, नक्सलवाद एवं भ्रष्टाचार को बढ़ाकर सत्ता प्राप्त करना चाहता है। योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को यहां धौरहरा खुर्द में सारण लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के लिए जनता से वोट की अपील की।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम की धरती से आपके बीच आया हूं। हम यूपी वाले बिहार को अपना ननिहाल मानते हैं, क्योंकि ये मां जानकी का मायका। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद और जय प्रकाश नारायण जी के जिस बिहार ने दुनिया को दिशा दी, कांग्रेस और आरजेडी ने उसके नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। कहा कि यूपी में भी माफिया नाम की बीमारी थी जिसे पूरी तरह से समाप्त किया जा चुका है, अब यूपी में महोत्सव होते हैं। अपने संबोधन की शुरुआत योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी में करते हुए कहा कि महर्षि दधीचि और बाबा हरिनाथ की पवित्र धरती पर राउर लोगन क वंदन अभिनंदन कर तानी।

उन्होंने कहा कि आज सीता प्राकट्य दिवस भी है। इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है कि इस अवसर पर मुझे सारण आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण हो चुके हैं।

## सपा विधायक मनोज पांडे आखिरकार भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ रायबरेली

**ऊंचाहार** से सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने आखिरकार भाजपा की सदस्यता ले ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रायबरेली के दौलतपुर में आयोजित जनसभा में उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

इसके पहले पार्टी नेतृत्व द्वारा प्रचार करने के लिए उन्हें लगातार मनाने की कोशिशें हो रही थी लेकिन अब विधिवत भाजपा में शामिल होने के बाद राहुल की डगर आसान नहीं होगी। मनोज पांडे के चुनाव में खुलकर आ जाने से निश्चित रूप से भाजपा प्रत्याशी को फ़ायदा मिलेगा। कम उम्र है और अपनी ज़मीनी पकड़ के कारण वह प्रदेश में ब्राम्हण चेहरे के रूप में माने जाते हैं। मनोज पांडे अपनी राजनीति के शुरुआत से ही राजनीतिक दिग्गजों के करीबी रहे हैं,पक्ष-विपक्ष हर तरफ़ के मजबूत नेताओं से वह सम्बंध बनाने में माहिर माने जाते हैं। रायबरेली नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रहते हुए तत्कालीन दिग्गज़ लालजी टंडन के वह खासमखास रहे और टंडन ने ही उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा दिलवा दिया था। इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्त के वह भरोसेमंद रहे। डॉ मुरली मनोहर जोशी की भी कृपा दृष्टि उनपर हमेशा रही। समाजवादी पार्टी में भी रहते हुए वह मुलायम सिंह यादव और जनेश्वर मिश्र के चहेते रहे। 2012 में विधायक बनने के बाद अखिलेश यादव के प्रिय बन गए। अखिलेश यादव ने उन्हें मंत्री और मुख्य सचेतक तक बना दिया था। सपा से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने वाले मनोज पांडे दलों से परे अपने सम्बंध बनाने के लिए जाने जाते हैं। सपा के विधायक रहते हुए वह सोनिया गांधी के भी नज़दीक रहे। दिग्गजों के भरोसेमंद होने का उन्हें खूब फायदा भी मिला और 2012 में भारी विरोध के बावजूद उन्हें ऊंचाहार से सपा का टिकट मिल गया।

राजनीति की नब्ज़ समझने वाले मनोज पांडे की जनता में पकड़ का यह असर है कि विधानसभा के चुनाव में उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे को दो बार हराया।तीसरी बार 2022 मे उन्होंने भाजपा के अमरपाल मौर्य को हराकर विधायक बने। वहीं 2012 में पहली बार सपा के टिकट पर ऊंचाहार सीट से लड़ने आए डा. मनोज पांडेय ने बसपा के टिकट पर लड़े स्वामी प्रसाद मौर्य के पुत्र को हराकर विधान सभा पहुंचे तो 2017 के चुनावी दंगल में भी मनोज का मुकाबला अशोक से हुआ और दुबारा विधानसभा पहुंचे। 2022 में तीसरी बार विधानसभा पहुंचे मनोज पाण्डेय का जन्म 15 अप्रैल, 1968 को रायबरेली में हुआ। सुल्तानपुर के मूलनिवासी मनोज कुमार पाण्डेय के पिता आयुर्वेदित चिकित्सक डॉ. रमाकांत पांडे रायबरेली आये थे,रायबरेली में वह मशहूर चिकित्सक के रूप में विख्यात थे और दवा व्यवसाय में भी अग्रणी रहे। मनोज पांडे स्नातकोत्तर के साथ ही पीएचडी डिग्रीधारक है।

## अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में आज करेंगे कई जनसभाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 18 मई , शनिवार को लोकसभा श्रावस्ती, फैजाबाद, सुल्तानपुर एवं अम्बेडकरनगर में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

अखिलेश यादव 11:40 बजे लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा के पक्ष में एमएलके पीजी कॉलेज का छोटा परेड ग्राउण्ड बलरामपुर में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यादव मध्याह्न 1:00 बजे जनसभा स्थल -5 नं0 ट्यूबेल कदनपुर इनायतनगर जनपद फैजाबाद में लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील करेंगे। अखिलेश यादव अपराह्न 2:00 बजे चांदपुर सैदोपट्टी थाना गोसाईगंज जिला सुल्तानपुर में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी राम भुआल को विजयी बनाने के लिए जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यादव अपराह्न 3:00 बजे शिव बाबा का मैदान ग्राम सीहमई तहसील अकबरपुर जिला अम्बेडकरनगर में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के लोकसभा क्षेत्र अम्बेडकरनगर से प्रत्याशी लालजी वर्मा को भारी मतों से जिताने के लिए चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### बाराबंकी में राहुल गांधी की जनसभा आज

लखनऊ। कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 18 मई, शनिवार को अपरान्ह दो बजे जनपद बाराबंकी के मदारपुर तिराहा, कोशानेश्वर मोड़, निकट-कोठी विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय ने बताया कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय भी मौजूद रहेंगे।

### डिम्पल यादव आज गोंडा में करेंगी रोड-शो

**लखनऊ।** सांसद डिम्पल यादव 18 मई, शनिवार को गोण्डा जनपद में रोड-शो में भाग लेंगी। उनके साथ गोण्डा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी श्रेया वर्मा भी होंगी। रोड-शो अम्बेडकर चौराहा थाना नगर कोतवाली गोण्डा से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी आवास से एसबीएस चौराहा नगर कोतवाली होते हुए गुरुनानक चौक थाना नगर कोतवाली और गुड्डू मल चौराहा पहुंचेगा। रोड-शो वहां से मनकापुर बस अड्डा (वाया आवास विकास चौराहा) बड़ा गांव पुलिस चौकी से गुरुनानक चौक होते हुए अम्बेडकर चौराहा में समाप्त होगा।

## मोदी सरकार ने 10 से 12 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कानून से वंचित किया: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे, उप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम तथा यूपी कांग्रेस प्रवक्ता शुचि विश्वास द्वारा प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया गया।

उक्त नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 से 12 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कानून से वंचित किया। कांग्रेस पार्टी ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए देश के नागरिकों की मोदी जनित महंगाई से मुक्ति का शंखनाद कर दिया है। पहले हर गरीब परिवार की महिला को 1 लाख रुपए साल देने का वादा किया फिर युवाओं की पहली नौकरी की पक्की की घोषणा ने देश के हर घर को खुशियों से भर दिया। मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए प्रतिदिन का आत्मसम्मान उनकी दहलीज पर रख दिया। अब 5 किलो नहीं बल्कि 10 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रति माह की घोषणा ने इतिहास रच दिया। मोदी सरकार बनाम कांग्रेस की गारंटी का सच बताते हुए नेताओं ने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून 2013 का नाम बदलकर गरीब कल्याण रखा। मोदी सरकार ने बंद की गरीब कल्याण योजना कांग्रेस के खाद्य सुरक्षा कानून का नाम बदलकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना रखा। सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की प्रेरणा से 10 सितम्बर 2013 को खाद्य सुरक्षा कानून अधिसूचित किया गया था, जिसके तहत देश की 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी अर्थात लगभग देश की 80 करोड़ लोगों को 5 किलो गेंहू और चावल 2 और 3 रूपये प्रतिकिलो में दिया जा रहा था। जिसके तहत उत्तर प्रदेश के 14 करोड़ 97 लाख लोगों को इस योजना में शामिल किया गया था।

मोदी सरकार ने कोविड की महामारी को देखते हुए 21 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना प्रारंभ की गई थी जिसके तहत 5 किलो अतिरिक्त अनाज प्रत्येक व्यक्ति को दिया जाना तय किया गया था, जिसके तहत 4 किलो गेंहू और 1 किलो चावल दिया जा रहा था। इस योजना को मोदी सरकार ने 1 जनवरी 2023 को इस योजना को बंद कर दिया, और 2013 के खाद्य सुरक्षा कानून का नाम बदलकर इसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना नाम दे दिया और उस में लिख दिया कि यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना 2013 के प्रावधानों को सुदृढ़ करने के लिए लाई गई है।

मोदी सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 में यह बदलाव किया कि 2 और 3 रूपये प्रतिकिलो मिलने वाला गेंहू और चावल मुफ्त कर दिया। इस योजना में मोदी सरकार को अतिरिक्त सलाना सिर्फ 10 से 12 हजार करोड़ खर्च करना पड़ा। कांग्रेस पार्टी ने 10 किलो अनाज प्रति व्यक्ति प्रति माह की घोषणा की है अर्थात अतिरिक्त 5 किलो अनाज के आधार पर मूल्यांकन किया जाये तो आज चावल की इकोनॉमिक कास्ट 39.2 रूपये प्रतिकिलो और गेंहू की इकोनॉमिक कास्ट 27 रुपए प्रतिकिलो है। औसत के आधार पर यदि मूल्यांकन किया जाए तो लगभग 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए इस योजना पर अतिरिक्त व्यय किये जायेंगे। इतना ही नहीं कांग्रेस पार्टी ने देश को महंगाई की मार से बचाने के लिए अपने घोषणा पत्र में दाल और तेल में मुहैया कराने का वादा किया है।

## भाजपा सरकार में लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया: स्वतंत्र देव सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब आपलोग बूथ के अंदर वोट देने जाएँगे तो याद रखियेगा कैसे सपा-कांग्रेस के नेताओं ने श्री राम के अस्तित्व को काल्पनिक बताया और रामलला सालों तक टेंट में रहे। उन्होंने कहा कि जब से अयोध्या में श्री राम मंदिर बना है, पूरे क्षेत्र का कायापलट हो गया है। रोज़ 2 से 3 लाख लोग प्रभु के दर्शन भी कर रहे हैं और दूसरी तरफ़ अर्थव्यवस्था को भी गतिशील कर रहे हैं। जलशक्ति मंत्री ने शुक्रवार को दो जन सभाएँ और एक युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित किया। कैसरगंज से लोकसभा प्रत्याशी करणभूषण सिंह के पक्ष में जनसभा की तथा अंबेडकर नगर में लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के लिए युवा मोर्चा सम्मेलन और जनसभा संबोधित की। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जो श्री राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं। इंडी गठबंधन के नेताओं ने ना सिर्फ़ राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाए बल्कि मंदिर निर्माण के बाद प्रभु श्रीराम के दर्शन करने भी नहीं गये। अब कांग्रेस सपा के नेता कह रहे हैं कि सत्ता पाते ही रामलला को फिर से टेंट में भेज देंगे। ऐसे लोगों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।


Declaration about criminal cases - Form- C-1

Name and address of candidate: **Kapil Mohan Chowdhary**
Name of political party: **Mera Adhikaar Rashtriya Dal**
Name of Election : **LOKSABHA General Election 2024 ;**
*Name of Constituency: **35-Lucknow (U.P.)**

I **Kapil Mohan Chowdhary**, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Sections of Act concerned & brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Civil Judge (JD/FTC – CAW) | 4101/2013 (FIR No. 25/99) | Pending | Sections 498a, 323, 504, 506 of IPC and 3/4 D.P. Act (Case based on False allegations) |
| 2. | 18-CJM Barabanki | 110/2023 (FIR No. 1350/2022) | Pending | Sections 323, 504, 506, 307 of IPC (Final Report/case expunged and 182/211 IPC initiated against applicant) |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences : NOT APPLICABLE**


# पांचवे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर मैदान में हैं 144 प्रत्याशी

● चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन, 20 मई को होगा मतदान

## लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव चुनाव में 4 प्रत्याशी मैदान में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में पांचवे चरण के अंतर्गत प्रदेश की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 20 मई, 2024 (सोमवार) को मतदान होगा। पांचवे चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, लखनऊ जनपद की 173-लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने से पूर्व के 48 घंटे की अवधि में अर्थात कल 18 मई, 2024 को सायं 6 बजे से पांचवे चरण के सभी 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार-प्रसार संबंधी समस्त गतिविधियों व अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पांचवे चरण का चुनाव प्रचार अभियान समाप्ति के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनैतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान इन निर्वाचन क्षेत्रों में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगायी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में पांचवे चरण के अंतर्गत 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 20 मई, 2024 (सोमवार) को मतदान होना है। इस चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मोहनलालगंज (अ.जा.), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अ.जा.), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अ.जा.), बाराबंकी (अ.जा.), फैजाबाद, कैसरगंज, गोण्डा लोकसभा सीटें आती हैं।

इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 4 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। पांचवे चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच तथा बलरामपुर सहित 21 जिलों के अंतर्गत आते हैं।


**कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन - L24123UP1984PLC014111
पंजीकृत कार्यालयः ए-7, सेक्टर-VII, नोएडा-201301, यू.पी.
दूरभाषः 91-120-2423316 ईमेलः info@dependentsoft.com, nkc@dependentsoft.com, वेबः www.kontinentelhemicalsltd.com

**31 मार्च, 2024 को तिमाही और वर्ष समाप्ति हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**
(ईपीएस छोड़कर लाख रुपये में)

| | विवरण | 31.03.2024 को समाप्ति तिमाही (लेखापरीक्षित) | 31.12.2023 को समाप्ति तिमाही (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2023 को समाप्ति तिमाही (लेखापरीक्षित) | 31.03.2024 को वर्ष समाप्ति (लेखापरीक्षित) | 31.03.2023 को वर्ष समाप्ति (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालन से आय | 37.36 | 44.65 | 23.50 | 157.49 | 126.63 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या आसाधारण मदें) | 14.95 | 18.49 | (8.01) | 60.55 | 27.49 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्) | 14.95 | 18.49 | (8.01) | 60.55 | 27.49 |
| 4 | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या आसाधारण मदों पश्चात्) | 11.91 | 17.50 | (4.74) | 51.82 | 24.94 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) सहित (कर पश्चात्) | 11.94 | 17.58 | (4.66) | 52.11 | 26.55 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर जैसा कि पिछले वर्ष की तुलन-पत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर आय (रु-10/- प्रत्येक) मूलभूतः | 0.53 | 0.78 | (0.21) | 2.30 | 1.11 |
| | तरलीकृतः | 0.53 | 0.78 | (0.21) | 2.30 | 1.11 |

नोटः
1 उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाती है और इस प्रकार निदेशक मंडल द्वारा 17.05.2024 को आयोजित उनकी बैठक में अभिलेखों में लिया गया है।
2 पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए जब भी आवश्यक हुआ, उन्हें पुनः समूहीकृत/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।
3 ये परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (इंड एएस) और अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियों के अनुसार संभव सीमा तक तैयार किए गए हैं।
4 कंपनी केवल एक सेगमेंट में काम करती है।

बोर्ड और उसकी ओर से
कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता/-
(नरेश कुमार चिब्बा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00376963

स्थानः नोएडा
दिनांकः 17.05.2024



पायनियर वर्गीकृत

**नाम संशोधन सूचना**

मैं मो वरीद पुत्र मो इलियास निवासी 472 कटरा मसौली, बाराबंकी मेरे पासपोर्ट (पासपोर्ट संख्या-P967366) में मेरा नाम Mohammad Warid व पिता का नाम Mohammad Ilyas गलत दर्ज है जबकि मेरा सही नाम Mohd Warid व पिता का नाम Mohd Iliyas है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री साक्षी कुमारी के स्कूल में मेरा नाम लवकुश भारतीया व माँ का नाम अंजना देवी गलती से दर्ज है जबकि मेरा सही नाम लवकुश व माँ का सही नाम अंजना भारतीया है । आज से इसी नाम से जाना व पहचाना जाये । लवकुश, पता 14/13/12 लकूरगंज, प्रयागराज ।

**सूचना**

मैं, आर्मी नंबर -2891660W, रैंक-सिपाही अमरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र ईश्वर दयाल सिंह, यूनिट 537, DSC प्लाटून कमांड हॉस्पिटल पुणे -40 C/o 56APO,मेरे आर्मी रिकॉर्ड्स में मेरे बेटे का नाम गलत तरीके से AAUH PRATAP SINGH लिखा हुआ है। जबकि उनका सही नाम AAYUSH PRATAP SINGH है भविष्य के सभी प्रयोजनों के लिए, शपथ पत्र दिनांक 16 मई 2024 के साथ।

**सूचना**

सूचित हो मेरा पासपोर्ट में नाम मोहम्मद अमान अंकित हो गया था जो की गलत है मेरा सही नाम मोहम्मंद अमान अंसारी है जो की आधार कार्ड में अंकित है मोहम्मद अमान अंसारी पता 366/पी एल-75-76 कैम्पबेल रोड किशोर गंज लखनऊ

**सूचना**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, राजीव टंडन पुत्र चन्द्र प्रकाश टंडन , निवासी बी पी / 131, भीतरी पीर बटावन लेन, नवाबगंज, बाराबंकी, कि मूल विक्रय विलेख दिनांक-24.07.1999 दस्तावेज संख्या 2075, अपने निवास से हजरतगंज मार्केट जाते समय रास्ते में गिर गया है / जिस किसी व्यक्ति को उपरोक्त मूल विक्रय विलेख प्राप्त हो तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें / यदि उपरोक्त मूल विक्रय विलेख का किसी के द्वारा उपयोग किया जाता है तो वह अमान्य माना जायेगा।
**राजीव टंडन पुत्र चन्द्र प्रकाश टंडन,**
निवासी बी पी /131, भीतरी पीर बटावन लेन, नवाबगंज, बाराबंकी

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है
श्री बच्चू राम राम स्वरूप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अढ़ौली-धाता, फतेहपुर (उ.प्र.) कालेज कोड- 2006 में स्नातक कला संकाय हेतु हिन्दी साहित्य, प्रा० भा० इतिहास तथा स्नातकोत्तर-संस्कृत विषयों में एक-एक सहा० आचार्यों की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यू०जी० सी० के मानकानुसार। आवेदन की अन्तिम तिथि- 10 जून 2024
मुख्य ट्रस्टी/प्रबन्धक
मो०- 6306376276, 9935306738

# राजनाथ ने लखनऊ के विकास का रचा है मॉडल: योगी

## सीएम योगी ने मुंशी पुलिया पर चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस और इमरजेंसी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। कांग्रेस के डीएनए में इमरजेंसी है। उन्होंने सपा और कांग्रेस की जोड़ी को खून चुसवा बताते हुए कहा कि ये दोनों जब भी गठबंधन में होते हैं तो देश के लिए खतरे की घंट बज जाती है। केंद्र में जब कांग्रेस और प्रदेश में सपा थी तो यूपी के विभिन्न शहरों, कचहरियों और सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमले हुए थे। सीएम योगी शुक्रवार को यहां मुंशी पुलिया में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लखनऊ लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए जनता से भारी बहुमत की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांचवें चरण का चुनाव प्रचार अंतिम दौर में जा रहा है। पांचवें चरण में लखनऊवासियों को मतदान करना है। देश में आम जनमानस पहले से इस बात के लिए आश्वस्त है और हर तरफ संकल्प गूंज रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। अब विपक्ष सशंकित और आतंकित हो रहा है कि उसके इतने षडयंत्र के बावजूद देश की जनता क्यों कह रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 500 साल का इंतजार मोदी जी ने खत्म कराया है। भारत अपने विरासत पर गौरव कर रहा है, साथ ही विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहा है। बीते 10 साल में देश का सम्मान बढ़ा है। हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर नकेल कसी गई है। हर तरफ आधुनिक इंन्फ्रास्ट्रक्चर देखने को मिल रहा है। जनता की हर जरूरत को देखते हुए आवश्यकता के अनुरूप नये इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियों का दंश आजतक देश भुगत रहा है। इनके कार्यकाल में गरीब भूख से मरता था, मगर आज फ्री राशन मिल रहा है। इनके समय में राशन माफिया, शराब माफिया और भू माफिया को प्रश्रय दिया जाता था। ये लोग न तो गांव, गरीब, नौजवान, किसान और महिलाओं के लिए कुछ कर सके न देश की विरासत के सम्मान के लिए कुछ करने की नियत थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में हर तरफ विकास दिख रहा है। लखनऊ को ही देख लें तो यहां मेट्रो की सुविधा, ग्रीन कॉरीडोर, वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट, किसान पथ, अटल आवासीय विद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के साथ ही अटल जी के हर उस सपने को पूरा करने का कार्य हुआ है जो कभी केवल सपने थे। उन्होंने बताया कि लखनऊ में दो नये काम होने जा रहे हैं। इनमें पहला है श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी और पं दीन दयाल उपाध्याय जी की सबसे बड़ी प्रतिमा का निर्माण, जोकि दो माह में बनकर तैयार हो जाएगा। दूसरा है कुकरैल में नाइट सफारी। लखनऊ आने वाले दिनों में दुनिया की सबसे सुंदर नगरी बनेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में लखनऊ तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस और सपा का इंडी गठबंधन खतरनाक मंसूबों के साथ चुनाव में आया है। इनका घोषणापत्र देश के खिलाफ षडयंत्र है। इनके समय में न बेटी सुरक्षित थी और व्यापारी भी उपेक्षित और भयभीत थे।

गरीब की योजनाओं में ये डकैती डालते थे। अब कांग्रेस आपकी संपत्ति का सर्वे कराके उसका आधा भाग सपा और कांग्रेस के गुंडों के हवाले करने का षडयंत्र रच रही है। कांग्रेस का घोषणा पत्र भारत के खिलाफ षडयंत्र का घोषणापत्र है। इसमें औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। ये एक तरह का जजिया कर है जो आपके पूर्वज और बाप दादाओं के खून पसीने की कमाई पर अधिकार जताकर उसे अपने गुंडों के हवाले कर देगा। ये लोग गुंडों को प्रश्रय देते हैं और केवल अफवाह फैलाने का काम करते हैं। ये किसी खून चुसवा से कम नहीं हैं।

### पीओके भारत का था और हमेशा रहेगा

**लखनऊ।** इंडी गठबंधन के लोग पीओके को लेकर अनाप-शनाप बातें करते हैं जबकि बीजेपी साफ-साफ कहती है कि पीओके भारत का था और हमेशा भारत का रहेगा। इसे हमसे दुनिया की कोई भी ताकत अलग नहीं कर सकती है। पीओके भारत में शामिल होकर रहेगा। आज हमें पीओके को लेने के लिए आक्रमण करने की जरुरत नहीं है बल्कि वहां के लोग स्वयं भारत में विलय की मांग कर रहे हैं। वह भारत में रहना चाहते हैं। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पीओके के नागरिकों पर होने वाले जुल्म की तरफ ध्यान देना चाहिये। इंडी गठबंधन के लोग जनता की आंखों में धूल झोंक कर उनका समर्थन चाहते हैं। वह कहते हैं कि मोदी सरकार आई तो देश का लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा जबकि देशवासी अच्छी तरह से जानते हैं कि भारत में लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कांग्रेस ने किया था। इंदिरा गांधी ने सांसद का चुनाव हारने के बाद देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। वहीं बीजेपी लोकतंत्र को सशक्त और प्रभावी बनाने वाली एक राजनीतिक पार्टी है। ये बातें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजधानी के मुंशीपुलिया पर जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने भाषण में सीएम योगी के विकास कार्यों और सुदृढ़ कानून व्यवस्था की जमकर तारीफ की।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो एनडीए चार सौ पार की सफलता प्राप्त करने जा रही है। हमारे लिये प्रत्याशी अहमियत नहीं रखता है बल्कि देश का मस्तिष्क दुनिया में कौन ऊपर कर सकता है, यह मायने रखता है। वहीं यह काम पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके दिखाया है। आज दुनिया में भारत ताकतवर देश के रूप में जाना जाता है जबकि पहले यह धारणा थी कि भारत के साथ छेड़छाड़ करेंगे तो वह मुकाबला नहीं कर पाएगा। आज नया भारत कमजोर नहीं बल्कि दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए केंद्र सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, जो निराधार है। यह लोग कहते हैं कि मोदी सरकार आएगी तो आरक्षण की व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी।

# अखिलेश यादव का हजरतगंज में निकला भव्य रोड शो, सपा प्रत्याशी रविदास के लिए मांगे वोट




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिलेश** यादव ने लखनऊ के सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा के समर्थन में रोड शो किया। इस रोड शो में भारी भीड़ जुटी। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू हुआ यह रोड शो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ आंबेडकर प्रतिमा के पास संपन्न हुआ। रोड शो दोनों तरफ सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। अखिलेश यादव का रोड शो केडी सिंह बाबू स्टेडियम से शुरू होकर हिंदी संस्थान, हलवासिया मार्केट, मेफेयर तिराहा, क्रिस्टल लीना सिनेमा मोड़, लव लेन, गांधी आश्रम, हजरतगंज हनुमान मंदिर से होते हुए हजरतगंज स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर समाप्त हुआ। एक किलोमीटर से भी कम दूरी तय करने में अखिलेश यादव को करीब डेढ़ घंटे का समय लग गया। इस दौरान सपा प्रत्याशा रविदास मेहरोत्रा समेत अन्य नेता मौजूद रहे। हजरतगंज में अखिलेश का शंख बजाकर और फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। एक जगह अखिलेश को चांदी का मुकुट पहनाया गया और गदा भी दिया गया। इस दौरान गाना बज रहा था, 'अखिलेश फिर से आ जाओ, फिर से छा जाओ, देश बचाओ'। रविदास के समर्थन में निकाले गए अखिलेश यादव के इस रोड शो में कार्यकर्ता लाल टी-शर्ट में सपा का झंडा लेकर सड़क के दोनों ओर जमा रहे। कई कार्यकर्ताओं ने सीने पर अखिलेश के टैटू बनवा रखे थे। रथ पर अखिलेश यादव के साथ लखनऊ से सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के साथ कई नेता मौजूद थे।

## पांच लाख से अधिक वोटों से जिताने का संकल्प लें राजधानीवासी: डॉ. दिनेश शर्मा

**लखनऊ।** महाराष्ट्र के चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डा.दिनेश शर्मा ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी कर भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने लखनऊ वासियों से पांच लाख से अधिक मतों से राजनाथ सिंह को जिताने का आह्वान किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पांच लाख से अधिक वोटों से जिताने का संकल्प तभी पूरा होगा, जब सभी लोग अपना निजी दायित्व मानकर मतदान करने निकलें। मैं प्रभारी के रूप में महाराष्ट्र प्रदेश में भाजपा के विजय हेतु दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं। साथ ही समय-समय पर आपके बीच उपस्थित होकर राजनाथ सिंह के पक्ष में अनुरोध करता रहा हूं। राज्यसभा सांसद डा.दिनेश शर्मा ने लखनऊ के मतदाताओं से कहा कि लखनऊ के मेरे परिवारीजन मतदाता भाइयों और बहनों 20 मई को हम लोकसभा चुनाव के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं।

# व्यापारियों ने मतदान की अपील कर निकाली पदयात्रा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के लखनऊ लोकसभा सीट पर प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल और साप्ताहिक बाजार दुकानदार समिति से जुड़ें व्यापारियों ने अमीनाबाद बाजार में मोहन मार्केट से लेकर डाकखाना तक पदयात्रा की। व्यापारियों ने अपने हाथों में पदयात्रा के दौरान लखनऊ मांगे पांच लाख पार...,अबकी बार चार सौ पार... जैसे स्लोगन के बैनर और नारे भी लगाये गए। साप्ताहिक बाजार दुकान कल्याण के अध्यक्ष वसीम खान एवं महामंत्री नदीम अहमद ने कहा कि व्यापारी व दुकानदार के लिए भाजपा की सरकार ने तमाम योजनाएं लायी है। योजना का लाभ दुकानदारों को मिला है। मुद्रा योजना से तो बहुत सारे दुकानदार अपने आप ही खड़े हो गये है। व्यापारियों की सुरक्षा आज सम्भव है। पुलिस भी किसी प्रकार से तंग नहीं करती है। भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के अध्यक्ष और भाजपा नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना ने व्यापारियों और जनता को चुनाव प्रचार के पम्पलेट दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने के लिए लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह को पांच लाख के अंतर से विजयी बनाकर संसद में भेजना है। मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि दुकानदार और व्यापारी समाज अपने कार्यों को रोक कर मतदान दिवस की सुबह अपना मतदान करें और परिवार का भी मत डलवाएं। पदयात्रा में व्यापारी नेता रितेश गुप्ता, अनुज साहू, ताज खान, रमेश जायसवाल, अहमदुद्दीन कुरैशी सहित व्यापारी दुकानदार शामिल रहे।

# महापौर सुषमा खर्कवाल व नम्रता पाठक ने भाजपा उम्मीदवार की ऐतिहासिक जीत के लिए मांगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**छावनी** स्थित एम.बी. क्लब सर्वेंट क्वार्टर्स में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक शुक्रवार को रक्षा मंत्री तथा लखनऊ से लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह की ऐतिहासिक जीत के लिए वोट मांगने पहुंचीं।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा में सुषमा खर्कवाल ने राजनाथ सिंह द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों को प्रमुखता से याद दिलाते हुए लखनऊ की बढ़ती चका चौंध, नई सड़कों का निर्माण से लेकर लखनऊ में पहले जी-20 तक का सफ़र राजनाथ सिंह के नेतृत्व में तय किया है। नम्रता पाठक ने राजनाथ सिंह व केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यों एवं योजनाओं के बारे में बताकर लखनऊ की उन्नति एवं विकास हेत राजनाथ सिंह को 5 लाख से अधिक वोटों से विजयी बनाने की अपील की। लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजू ने जनता से अपील की है कि 20 मई को अपने अपने घरों से निकलकर वोट अवश्य करे,यह हम सभी का अधिकार है और हमे इसमें पूरे जोश से हिस्सा लेना चाहिए। आपका एक वोट अगले 5 सालों तक रहने वाली सरकार का फ़ैसला करता है, एक वोट पूरी जनता की ख़िस्मत बदल सकता है, बना सकता है। नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से रूपा देवी(मण्डल अध्यक्ष), सुनील वेश, विपिन दयाल, सलीम साधना जग्गी, विकास धानुक, संतोष अग्रवाल, रीता सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मतदान वाले दिन पीजीआई में रहेगा अवकाश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** में लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं विधान सभा उप निर्वाचन 2024 हेतु मतदान के लिए 20 मई को संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। संस्थान की जनसंपर्क अधिकारी कुसुम यादव के मुताबिक 20 मई सोमवार को ओपीडी, प्रशासनिक भवन व शैक्षणिक ब्लाक बंद रहेंगे। जबकि आकस्मिक सेवाएं यथावत चलेगी।

## एमबीए, एमसीए का परीक्षा परिणाम घोषित

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर परीक्षा के एमबीए इंटीग्रेटेड और एमसीए इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम के तीसरे, पांचवें, सातवें और नौवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। छात्र अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। वहीं जिन छात्रों की एबीसी आईडी नहीं बनी हैं,उनका परिणाम रोक दिया गया है।

# हाईकोर्ट ने प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रैक्टिस को दी मंजूरी



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

● **लगाई शर्त भी- प्रैक्टिशनर नहीं इस्तेमाल करेगा 'डॉक्टर' शब्द**

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रैक्टिस की मंजूरी दे दी है। पीठ ने कहा है कि चूंकि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस को किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, लिहाजा मेडिकल के इस विधा में प्रैक्टिस करने में हस्तक्षेप तब तक नहीं किया जाए जब तक कि इस सम्बंध में नियम न बना लिए जाएं। हालांकि पीठ ने यह शर्त भी लगाया है कि प्रैक्टिश्नर याचिकाकर्ता अपने नाम के आगे 'डॉक्टर' शब्द नहीं लगाएंगे।

जस्टिस विवेक चौधरी एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश वर्ष 2009 में राजेश कुमार व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में 25 नवंबर 2003 के केंद्र सरकार व एक जून 2004 के राज्य सरकार के शासनादेशों को चुनौती दी गई थी। याचिककर्ताओं की ओर से पांच मई 2010 का स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार का एक आदेश पेश किया गया। जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि केंद्र सरकार का 25 नवंबर 2003 का शासनादेश इलेक्ट्रो होम्योपैथी के रिसर्च को प्रतिबंधित नहीं करता और न ही इसके प्रैक्टिस को रोकने का कोई प्रस्ताव है। कहा गया कि याचिककर्ताओं ने काउंट मैती एसोसिएशन से इलेक्ट्रो होम्योपैथ की प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। इस सर्टिफिकेट के साथ वो पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व केरल आदि प्रदेशों में प्रैक्टिस कर सकते हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि इस विधा के तहत प्रैक्टिस के लिए नियम बनाने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को है। यदि केंद्र नियम बनाता है तो राज्य सरकार उसका अनुपालन करेगी। पीठ ने सभी पक्षों की बहस के पश्चात याचिका को निस्तारित करते हुए 'डॉक्टर' शब्द को अपने नाम में इस्तेमाल नहीं करने की शर्त पर याचिककर्ताओं को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रैक्टिस की मंजूरी दे दी।

## मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोपी तलब

**विधि संवादाता।** लखनऊ

**आतंकी** गतिविधियों के ज़रिए काला धन अर्जित करने व धन को सफ़ेद करने के मामले में अभियुक्त आफ़ताब अली, जावेद इक़बाल नविवाला व अल्ताफ़ हनीफ़ के ख़िलाफ़ दायर परिवाद पर ईडी की विशेष अदालत ने संज्ञान लेकर अभियुक्तों को तलब किया है। पत्रावली के मुताबिक ईडी ने अभियुक्तों के ख़िलाफ़ एटीएस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में विवेचना की और साक्ष्य मिलने पर 22 अक्तूबर 2023 को अदालत में अपना परिवाद दायर किया था। इस मामले के आरोपी आफ़ताब अली को पूर्व में एटीएस/एनआईए की विशेष अदालत सजा भी सुना चुकी है। अयोध्या निवासी आफताब अली ने फर्जी नाम पते पर मोबाइल लेकर सेना के प्रतिबंधित, गोपनीय और महत्वपूर्ण सूचनाओं को आइएसएस को भेजा था



# इंडी गठबंधन आपस में जाति के नाम पर लड़ाने वाले हैं: योगी

## योगी बोले, कांग्रेस और सपा रामद्रोही के साथ राष्ट्र विरोधी भी, यह आतंकवाद को प्रेरित करने वाले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ बलरामपुर



**सीएम** योगी ने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण की रणनीति वर्ष 1949 में बलरामपुर में बनी थी इसलिए रामलला पर पहला अधिकार आप सबका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में 500 वर्षों के बाद भव्य रामलला का मंदिर बनाकर बलरामपुरवासियों का इंतजार खत्म किया है। आप सभी अच्छी तरह जानते हैं कि यह काम कांग्रेस और सपा के लोग कभी नहीं कर पाते क्योंकि यह लोग तो हमेशा प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते आये हैं। यह सब लोकतंत्र में आपके वोट की ताकत से हुआ है। यही वजह है कि पूरे देश में जनता जनार्दन एक स्वर में अबकी बार मोदी सरकार और 400 पार की बात कह रही है। वह कह रहे हैं जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इतिहास रामद्रोही है। ऐसे में यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच का हो गया है। यह रामद्रोही के साथ राष्ट्र विरोधी भी हैं। यह लोग आतंकवाद को प्रेरित और प्रोत्साहित करने वाले हैं। यह लोग समाज को आपस में जाति के नाम पर लड़ाने वाले है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर के उतरौला के गोंडा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने गोंडा के लोकसभा प्रत्याशी कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध लगाने वाले हैं। यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले लोग हैं। यह देश को तुष्टिकरण की नीति के जरिये अस्थिरता और अराजकता की ओर धकेलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। यह वही लोग हैं जिन्होंने देश के हर नागरिक के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। कांग्रेस के समय में रोज सुबह समाचार में भ्रष्टाचार और शाम होते-होते आतंकी वारदात की खबर सुनने को मिलती थी। सीएम योगी ने कहा कि गोंडा में समाजवादी पार्टी के समय में खाद्यान्न घोटाला हुआ था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। आज यह आटा और डाटा फ्री में देने की बात कहते हैं जबकि गरीब के राशन में डकैती डालते थे। इनकी इन बातों पर कतई विश्वास नहीं करना है। आज गरीब के हक पर कोई डाका नहीं डाल सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब का जनधन अकाउंट खोलकर कमीशनखोरी को समाप्त किया है। आज डीबीटी के माध्यम से अकाउंट में पैसा भेजा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनता ही उनका परिवार है। ऐसे में उन्होंने देश के हर 70 वर्ष के बुजुर्ग को हर साल 5 लाख फ्री इलाज की सुविधा देने की घोषणा की है, जो मोदी की गारंटी को दर्शाता है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलाई थी, जिसे यह देश कभी भूल नहीं सकता है। ऐसे में अपने वोट की चोट से रामद्रोहियों की जमानत जब्त करानी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ रामद्रोही हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामभक्त हैं। जिनके लिये देश ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राम भक्त के लिए जनता जनार्दन की सेवा ही सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस के समय में आतंकवाद की घटना होती थी तो वह कहते थे कि आतंकवादी सीमा पार के हैं। वहीं पिछले 10 वर्षों में एक भी आतंकी घटना नहीं हुई। सीएम योगी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, हाईवे, रेलवे और एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। श्रावस्ती का एयरपोर्ट चालू हो गया है। यहां मां पाटेश्वरी के नाम पर नया विश्वविद्यालय बनने जा रहा है। गोंडा, बहराइच और बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है।

# अध्यापकों के विनियमितिकरण पर नए सिरे से नियमानुसार करें विचार

- **वर्ष 1993 से 1996 के बीच मैनेजमेंट कॉलेजों में नियुक्त अध्यापकों के विनियमितिकरण विवाद पर हाईकोर्ट का आदेश**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सूबे** में वर्ष 1993 से 1996 के बीच विभिन्न प्रबंधकीय कॉलेजों में नियुक्त किए गए अध्यापकों का विनियमितिकरण करने से इंकार करने के क्षेत्र स्तरीय कमेटी के विभिन्न आदेशों को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा है कि सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षकों या कॉलेजों के सम्बंधित मैनेजमेंट से अध्यापकों के रिकॉर्ड मंगाकर उन्हें सुनवाई का पूरा मौका देते हुए नियमानुसार विनियमितिकरण पर निर्णय लिया जाए। पीठ ने तीन माह में यह कार्यवाही पूर्ण करने का भी आदेश दिया है। जस्टिस श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश तीरथराज समेत लगभग तीन दर्जन से अधिक अध्यापकों की याचिकाओं को मंजूर करते हुए पारित किया है। पीठ का कहना था कि सरकार से एक कल्याणकारी सरकार की तरह न्यायोचित और पारदर्शी तरीके से काम करने की अपेक्षा है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता पिछले दो दशक से अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति प्रदेश के दूरदराज इलाकों में उस समय की गई थी जब शिक्षकों की काफी कमी थी। याचिका में क्षेत्र स्तरीय कमेटी के आदेशों को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में यह कहकर याचिकाकर्ताओं का विनियमितिकरण करने से इंकार कर दिया गया था कि जिला विद्यालय निरीक्षक या प्रबंध तंत्र ने उनका आवश्यक दस्तावेज प्रेषित नहीं किया। पीठ का इस पर कहना था कि जिला विद्यालय निरीक्षक स्वयं क्षेत्र स्तरीय कमेटी का सदस्य होता है। ऐसे में जिस तर्क के आधार याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आदेश पारित हुआ है वह समझ से परे है। याचिककर्ताओं को सुनवाई का भी मौका नहीं दिया गया है। ।

## हाईकोर्ट ने बसपा सांसद अतुल राय को जमानत देने से किया इंकार

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सुप्रीम** कोर्ट के समक्ष एक युवती व उसके साथी द्वारा आत्मदाह करने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को जमानत देने से इंकार कर दिया है। पीठ ने इसके पूर्व 29 जनवरी 2024 को उन्हें स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

जस्टिस जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया है। इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर युवती व उसके साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की एफआईआर लिखाई थी। हालांकि दुराचार के मामले में वह बरी हो चुका है।

# ब्लड प्रेशर नियंत्रण करने को लेकर किया गया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ.** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शुक्रवार को ब्लड प्रेशर से बचाव और नियंत्रण के महत्व पर डिपार्टमेंट ऑफ़ कम्युनिटी मेडिसिन ,डिपार्टमेंट ऑफ़ कार्डियोवैस्कुलर एवम थोरेसिक सर्जरी और डिपार्टमेंट ऑफ़ कार्डियोलॉजी के संयुक्त प्रयासों से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉक्टर सी एम सिंह ने सभी को ब्लड प्रेशर की जाँच का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन शैली में कुछ छोटे छोटे बदलाव करके हम सभी इस गंभीर समस्या से बच सकते हैं। उनके द्वारा सभी को प्रतिदिन 30-40 मिनट तेज तेज टहलने( ब्रिस्क वाक), जंक फूड से स्वयं बचने और अपने बच्चों को बचाने, कम नमक का सेवन करने, और मोटापे को नियंत्रित करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से यह बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर व्यक्ति के महत्वपूर्ण अंगों जैसे कि दिल, दिमाग , किडनी और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचाता है। संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भुवन चन्द्र तिवारी ने सभी को ब्लड प्रेशर की जाँच अवश्य कराने का सुझाव दिया और ब्लड प्रेशर बढ़ा होने पर नियमित दवाई का सेवन करने और डॉक्टर की सलाह को अवश्य मानने का सुझाव दिया। कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ सुनील दत्त कांडपाल के द्वारा ब्लड प्रेशर के नियंत्रण हेतु शारीरिक हेल्थ के साथ मानसिक स्वास्थय की उपयोगिता पर चर्चा की गई और उन्होंने सभी को योग एवं मैडिटेशन को अपनी जीवन शैली में सम्मिलित करने का सुझाव दिया। अंत में संस्थान के निदेशक डॉक्टर सी एम सिंह ने डॉक्टर भुवन तिवारी से सभी के समक्ष अपना ब्लड प्रेशर चेक करवाया और इस तरह सभी को नियमित रूप से अपनी जांच कराने के लिए प्रेरित किया।

# सरकार नौकरियों में आरक्षण खत्म करने की हो रही साजिश: डिम्पल यादव

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**चुनावी** सभा को सम्बोधित करने शुक्रवार को मोहनलालगंज पहुंची समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। सांसद डिम्पल यादव ने कहा भाजपा के सारे वायदे झूठे निकल चुके हैं। सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम रही है। आरक्षण खत्म करने के लिए भाजपा सरकार पेपरलीक कराकर नौकरियां निरस्त कर रही है। राशन की चोरी की जा रही है। गेहूं चावल केरोसीन और शक्कर वितरण के बजाए भाजपा सरकार लोगों को बाजरा खिला रही है। सभा स्थल पर भारी भीड़ देखकर गदगद सांसद डिम्पल यादव ने कहा भीड़ दर्शा रही है कि भाजपा वाले जा रहे हैं और गठबन्धन की सरकार बनने जा रही है। चार सौ पार की बात कहने वाले दो सौ पार भी नही पहुंच रहे हैं। सपा कार्यकर्ताओं और युवाओं को बूथ रक्षा का संकल्प दिलाते हुए सांसद डिम्पल यादव ने कार्यकर्ताओं को निडर होकर बूथ का हर वोट जुटाने की अहम जिम्मेदारी सौंपी। उन्होने कहा भाजपा सरकार जा रही है कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को किसी भी तरह के दबाव में आने की जरुरत नही है।समाजवादी पार्टी हर पल आपके साथ है। भाजपा के दबाव की राजनीति लोकतंत्र को खतरे में दर्शाती है। समाज के हर वर्ग को सरकार प्रताड़ित कर रही है। महंगाई तेजी से बढ़ रही है। सरकार की नीयत और नीति में खोंट है । परिवार वाले ही परिवार की परेशानी समझ सकते हैं। सांसद डिम्पल यादव ने मोहनलालगंज लोकसभा सीट से इण्डिया गठबन्धन के उम्मीदवार आरके चौधरी को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा मतदान वाले दिन सभी को एकजुट होकर हर बूथ जिताने की जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होने परिवर्तन की लड़ाई में गठबन्धन के हर एक कार्यकर्ता को सिपाही की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी।

# महान दल ने बिना शर्त एनडीए को दिया समर्थन

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के समक्ष शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने बिना शर्त अपनी पार्टी का समर्थन एनडीए को देने की घोषणा की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने महान दल के नेता केशव देव मौर्य सहित उनके पदाधिकारियों का एनडीए परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विकास यात्रा को समर्थन देने के निर्णय के लिए महान दल का स्वागत व अभिनंदन है। हम सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का काम करेगें। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा व महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए समर्पित भाजपा सरकार देश को आर्थिक महाशक्ति बनाकर जन-जन की आत्मनिर्भरता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर एनडीए परिवार को मजबूत करेंगें तथा एनडीए प्रत्याशियों की विजय में सहयोग के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागी बनेंगे।

# बड़ी संख्या में बसपा नेता सपा में शामिल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए बड़ी संख्या में शुक्रवार को लखनऊ जनपद के प्रमुख बसपा पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में यूथ ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद एबाद के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल पूर्व बसपा पदाधिकारियों ने अखिलेश यादव से मुलाकात की और लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा को जिताने का भरोसा दिलाया। बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में हैं हनुमान प्रसाद गौतम पूर्व मण्डल अध्यक्ष, कैलाश गौतम पूर्व सेक्टर अध्यक्ष, किशोर बहेलिया पूर्व सेक्टर अध्यक्ष मदेयगंज, संजू गौतम पूर्व सेक्टर अध्यक्ष हुसैनाबाद, सुरेन्द्र कुमार गौतम पूर्व सेक्टर प्रभारी हुसैनाबाद, सुधांशू गौतम कार्यकर्ता, प्रताप सिंह कार्यकर्ता दौलतगंज, आशीष गौतम कार्यकर्ता, गोपाल पूर्व महासचिव, सरवन राजपूत महासचिव मदेयगंज, जब्बार हुसैन पूर्व महासचिव विधानसभा क्षेत्र लखनऊ उत्तर, नसीर हुसैन गुड्डु पूर्व प्रभारी दौलतगंज, कासिम रज़ा कक्कू पूर्व महासचिव दौलतगंज, मोहम्मद कल्लू पूर्व कार्यकर्ता एवं गुलाम रसूल पूर्व कार्यकर्ता आदि। इनके अतिरिक्त सुभाष साहू, बैजनाथ मौर्या, अशर्फीलाल सरोज, अमित रावत, अनिल कश्यप चौक, अजय यादव, नौशाद, प्रमोद सिंह, मोहम्मद इब्राहिम आदि भी आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं।

# पोस्टल बैलेट की फोटो शेयर करने के आरोप में सचिव के विरुद्ध केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** मतदान के लिए दिए गए पोस्टल बैलेट की फोटो मोहनलालगंज के एक ग्राम पंचायत सचिव ने सोशल मीडिया में शेयर कर दी। गोपनीयता भंग होने की भनक लगते ही जिला निर्वाचन कार्यालय ने मातहतों से गहरी नाराजगी जताई। बीडीओ ने मामले में आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। उधर जिला प्रशासन की सख्ती के बाद मामले में विभागीय कार्रवाई की भी तैयारी है। मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत मस्तीपुर के सचिव संदीप कुमार को 14 मई को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट दिया गया था। आरोप है कि सचिव ने पोस्टल बैलेट की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर दी। गोपनीय मतदान के लिए दिए गए पोस्टल बैलेट की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने की भनक लगते ही जिला निर्वाचन कार्यालय ने मातहतों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद बीडीओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने हुसैनगंज थाने में सचिव संदीप कुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि इस बारे में जानकारी के लिए बार बार फोन मिलाने पर भी बीडीओ ने कोई जवाब नही दिया। उधर डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर ने बताया सचिव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन से किया आच्छादित

- **मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन से आच्छादित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अवशेष घरों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाये। भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये। भूगर्भ जल निधि से जल संचयन एवं संवर्धन के कार्य कराये जायें। वर्षा जल संचय के लिये शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की जाये। भूजल संचयन एवं संवर्धन हेतु आम जनमानस को जागरूक किया जाये।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जल जीवन मिशन से 2,65,59,189 घरों के सापेक्ष 2,20,17,328 घरों को नल कनेक्शन से संतृप्त किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 82.90 प्रतिशत है, जबकि 15 अगस्त, 2019 को मात्र 1.94 प्रतिशत घर ही योजना से संतृप्त थे। वर्तमान में 50 प्रतिशत हाउसहोल्ड्स को वाटर कनेक्शन देने के मामले में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। कम्पोनेन्टवाइज रिपोर्ट में बताया गया कि अब तक 38914 के सापेक्ष 38,421 ट्यूबवेल तथा 38364 के सापेक्ष 35,860 पम्प हाउस को क्रियाशील कराया जा चुका है। इसी प्रकार 9514 के सापेक्ष 7576 क्लोरिनेशन प्लांट को क्रियाशील, 1,67,865 के सापेक्ष 1,32,385 किमी रोड रेस्टोरेशन, 5,04,352 किमी के सापेक्ष 4,53,114 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी तरह 33,976 सोलर पैनल के सापेक्ष 26,578 सोलर पैनल लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसकी क्षमता 844.80 मेगावाट है। यह भी बताया गया कि वर्ष 2017 की तुलना में वर्तमान में प्रदेश के 36 जनपदों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ है एवं 34 विकास खण्ड संकट ग्रस्त श्रेणी से बाहर आये हैं। वर्ष 2023-24 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को आच्छादित करते शासकीय/अर्द्ध शासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया।

# केजीबीवी में तीन टाइम प्रेरणा पोर्टल पर उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में तैनात शिक्षकों सहित कर्मचारियों को वेतन अब उपस्थिति के आधार पर मिलेगा। इसके लिए स्टाफ को सुबह से लेकर दोपहर और शाम के समय पढ़ने वाली बालिकाओं संग प्रेरणा पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इस बाबत शुक्रवार को राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य परियोजना निदेशक की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं एवं स्टाफ की उपस्थिति प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से कराये जाने की व्यवस्था है। विद्यालय में बालिकाओं एवं कार्यरत् स्टाफ की ससमय शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु कई बार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों / जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) को निर्देशित किया गया है। इसके उपरान्त भी कतिपय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं एवं स्टाफ की उपस्थिति का स्तर न्यून है, जो अत्यन्त खेदजनक है।

# आरटीई के तहत तीसरे चरण में 23846 बच्चों को स्कूल आवंटित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नि:शुल्क** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत प्रदेश के निजी स्कूलों में पढ़ने के लिए आवेदन करने वाले बच्चों के आवेदन में से इस बार तीसरे चरण में तकरीबन 13 हजार आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। जबकि 23846 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए हैं। शुक्रवार को यह जानकारी बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दी है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तीसरे चरण की लॉटरी के लिए विभाग 43375 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें स्क्रुटनी के दौरान 30372 आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये थे। जबकि 13002 आवेदन खारिज कर दिये गये थे। वहीं 23846 बच्चों को स्कूल आवंटित किये गये हैं। 6525 आवेदन के लिए कोई आवंटन नहीं हुआ है। इस तरह अब तक 152416 बच्चों को अभी तक स्कूल आवंटित किये जा चुके हैं।

# जुबान पे मजहब पर दलों के दिल में जाति बना अमोघ अस्त्र



- **डुमरियागंज, संतकबीनगर व बस्ती में भाजपा की हैट्रिक में बाधा बना विपक्ष**

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव के चार चरण बीतते ही सियासत गर्म हो गयी है। निर्वाचन क्षेत्रों से मिले फीडबैक के आधार पर मैदान में उतरे दलों ने अपने चुनावी एजेंडे को मजहब पर फोकस करना शुरू कर दिया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा वोट पार्टी की झोली में गिरे। कहीं पाकिस्तान तो कहीं हिन्दू-मुसलमान तो कहीं आतंकवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे जनता के समक्ष परोसे जा रहे हैं। पर सभी राजनीतिक दलों में एक बात कॉमन नजर आती है, वो है जाति। कहने का तात्पर्य सभी दलों की जुबान पर भले ही मुद्दे अलग-अलग हों, पर जीत का समीकरण तो जाति ही है। जिताऊ व टिकाऊ समीकरण के रूप में राजनीतिक दलों के लिए जाति एक अमोघ अस्त्र बन गया है।

## डुमरियागंज संसदीय सीट





**पूर्वांचल** के दिग्गज नेताओं में शुमार जगदम्बिका पाल के कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में आने और 2014 के आम चुनाव में जीत हासिल करने के बाद यह प्रदेश के अहम सीटों में यह सीट शामिल हो गयी। जगदम्बिका पाल इस सीट से हैट्रिक बना चुके हैं। वर्तमान में भाजपा ने फिर से इन्हें उम्मीदवार बनाया है। वहीं बसपा से सपा में पहुँचे भीष्मशंकर उर्फ कुशल तिवारी भी मैदान में उन्हें टक्कर दे रहे हैं। सपा ने कुशल तिवारी को मैदान में उतार कर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है। जबकि बसपा ने यहां से मो. नदीम को मैदान में उतार कर दलित-मुस्लिम वोट बैंक के सहारे सीट जितने के प्रयास में है। डुमरियागंज संसदीय सीट को अगर जातिगत आधार पर देखा जाय जो यहां 87 फीसदी आबादी सामान्य वर्ग की है, जबकि अनुसूचित जाति की 12 फीसदी है। वहीं धर्म के आधार पर देखा जाए तो यहां पर 54 फीसदी आबादी हिंदुओं की है जबकि 43 फीसद आबादी मुस्लिमों की है। पिछले लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मौजूदा सांसद जगदम्बिका पाल ने सपा-बसपा गठबंधन की तरफ से बसपा के आफताब आलम को हराया था। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के जगदम्बिका पाल ने बहुजन समाज पार्टी के मुहम्मद मुकीम को शिकस्त दी थी। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जगदम्बिका पाल ने भाजपा प्रत्याशी जयप्रताप सिंह को हराया था।

**जगदम्बिका पाल से पूर्व रामपाल सिंह लगा चुके हैं हैट्रिक:** डुमरियागंज लोकसभा सीट से जगदम्बिका पाल के अलावा केवल रामपाल सिंह ही ऐसे नेता रहे हैं, जिनको तीन बार संसद में बैठने का मौका मिला है। इनके अलावा स्व. काजी जलील अब्बासी, स्व. बृजभूषण तिवारी को दो बार जीत मिली है। तीसरी बार काजी जलील अब्बासी को 1989 में हैट्रिक लगाने का मौका मिला, लेकिन उन्हें जनता दल के उम्मीदवार रहे स्व. बृजभूषण तिवारी के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

## बस्ती संसदीय सीट





**हिंदी** के प्रकांड विद्वान आचार्य रामचंद्र शुक्ल की धरती के नाम से पहचाने जाने वाली बस्ती संसदीय सीट पर भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद हरीश द्विवेदी को मैदान में उतारा है। जबकि सपा से राम प्रसाद चौधरी व बसपा से लवकुश पटेल भाग्य आजमा रहे हैं। बस्ती संसदीय पर वैसे तो लड़ाई त्रिकोणीय है लेकिन हॉल ही में सपा नेता व पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह के भाजपा में आने से भाजपा का पलड़ा कुछ भारी दिख रहा है। वहीं सपा के राम प्रसाद कुर्मी बिरादरी से आते हैं। प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं। लंबे समय तक बसपा की राजनीति करने के बाद चुनाव से ठीक पहले उन्होंने सपा का दामन थाम लिया था। ऐसे में बसपा को यहां पर अपने बागियों से भी लड़ना पड़ रहा है। बस्ती संसदीय सीट पर कुर्मी बिरादरी की संख्या ज्यादा है और वे ही निर्णायक भूमिका में होते हैं। लेकिन, स्वर्ण भी कम नहीं है। ब्राह्मण और क्षत्रियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। यही वोट बैंक चुनाव का रुख तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में सपा और बसपा की तरफ से पिछड़ा वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए इन्हें मैदान में उतारा गया है। पिछले लोकसभा चुनावों की बात करें तो बीजेपी के हरीश द्विवेदी ने बसपा के राम प्रसाद चौधरी को हराया था। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के हरीश द्विवेदी ने सपा के राजकिशोर सिंह डिंपल को हराया था। जबकि 2009 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के अरविंद कुमार चौधरी ने सपा के राजकिशोर सिंह को हराया था।

**1990 के बाद से यहां पर बीजेपी-बसपा के बीच रहा मुकाबला:** बस्ती लोकसभा सीट में 5 विधानसभा सीट (हरैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती सदर और महादेवा) है और सभी सीट पर बीजेपी का ही कब्जा है। 2011 की जनगणना के अनुसार बस्ती की आबादी 24.6 लाख है। बस्ती लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का अब तक खाता तक नहीं खुल सका है, जबकि 1990 के बाद से यहां पर जीत बीजेपी और बसपा के बीच में ही रही है।

## संतकबीरनगर संसदीय सीट





**महान** संत और कवि कबीर दास के नाम पर रखे गए संत कबीर नगर संसदीय सीट 2008 में अस्तित्व में आई। भाजपा ने यहां से वर्तमान सांसद प्रवीण निषाद को मैदान में उतारा है। प्रवीण निषाद निषाद पार्टी के संस्थापक संजय निषाद के पुत्र हैं। वहीं सपा ने लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद पर भरोसा जताया है। जबकि बसपा ने यहां से मुस्लिम कार्ड खोलते हुए नदीम अशरफ पर भरोसा जताया है। 2011 की जनगणना के अनुसार, संसदीय सीट संत कबीर नगर की आबादी 17.2 लाख है। इसमें 78 फीसदी आबादी सामान्य वर्ग की है और 22 फीसद आबादी अनुसूचित जाति की हैं। मुस्लिम वोट बैंक भी यहां पर अच्छी-खासी स्थिति में हैं। ऐसे में यहां पर लड़ाई त्रिकोणीय है। पिछले लोकसभा चुनावों पर गौर करें तो 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के प्रवीण कुमार निषाद ने बसपा के भीष्म शंकर तिवारी को हराया था। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के शरद त्रिपाठी ने बसपा के भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को हराया था। जबकि 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर भीष्मशंकर तिवारी ने भाजपा के शरद त्रिपाठी को हराया था।

**तीन जिले की विधानसभा को शामिल कर बनी संसदीय सीट:** संत कबीर नगर के तहत 5 विधानसभा क्षेत्र (आलापुर, मेंहदावल, खलीलाबाद, धनघाटा और खजनी) आते हैं, जिसमें आलापुर, धनघाटा और खजनी अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इस संसदीय सीट को तीन जिलों के क्षेत्रों को शामिल कर बनाया गया। अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर की विधानसभा सीटों को इस नई संसदीय सीट में शामिल किया गया।

# सभी का सम्मान करता है सनातन धर्मः निर्मला

● भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन संपन्न

**संवाददाता।** सोनभद्र



**लोकसभा** महिला मोर्चा का सम्मेलन ओबरा विधानसभा के क्लब नं01 में आयोजित किया गया। सम्मेलन मे बतौर मुख्य अतिथि निर्मला पासवान ने कहा कि महिला शक्ति आज किसी से कम नही है। महिलाओं को सशक्त करने का काम अगर कोई कर रहा है तो वो वह नरेन्द्र मोदी है। मोदी महिलाओं के मान सम्मान के लिए अनेको कार्य कर रहे है भारत कि मातृशक्ति का शौर्य गाथा पूरा विश्व जानता है।

नरेन्द्र मोदी जैसे व्यक्तित्व वाले प्रधानमंत्री हम सबको मिले है ये हमारा भाग्य है। महिलाएं चौके से चौपाल पर आ गयी है पहले बेटी के पैदा होते ही उसके शादी की चिंता माता पिता को सताती थी नरेन्द्र मोदी ने सोच को बदला और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की सोच विकसित की वही उत्तर प्रदेश में योगी सरकार में महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करती है। भारतीय जनता पार्टी को इस उंचाई पर ले जाने मे मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, आधी आबादी के शत प्रतिशत मतदान के लिए महिला मोर्चा को युद्ध स्तर पर लगना होगा। महिला मोर्चा ने हमेशा संगठनात्मक स्तर पर अपनी योग्यता साबित किया है अब समय है कि एक बार फिर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर चुनाव अभियान मे लग जाये।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि समाज मे महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ने ऐतिहासिक कार्य किया है महिला सशक्तिकरण के लिए लोकसभा और विधानसभा मे 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारीशक्ति बंदन अधिनियम संसद मे पारित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार मे महिला अपराध मे कमी आयी है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी व छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा कि पिछली सरकारों ने महिलाओं को सिर्फ घर तक सीमित कर दिया था नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद उन्हे सशक्त बनाने का अभियान चला और आज मातृशक्ति का गांव से लेकर देश व समाज के विकास मे महत्वपूर्ण योगदान दिख रहा है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद ने कहा कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ का नारा देकर नरेन्द्र मोदी ने बेटियों के प्रति समाज के संकिर्ण सोच को बदला है महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता निभा रहीं है यह कार्य नरेन्द्र मोदी के विजन के कारण ही संभव हो रहा है। सम्मेलन को मुख्यरुप से लोकसभा प्रभारी रामप्रकाश दूबे, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, ओबरा विधानसभा प्रभारी मधुकर पाण्डेय, काशी क्षेत्र कि महिला मोर्चा उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह व संचालन मीनू चौबे ने किया।

## प्रेक्षक द्वारा सुनी जाएंगी चुनाव से जुड़ी शिकायतें

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए आयोग की ओर से सामान्य प्रेक्षक के रूप में आईएएस जया लक्ष्मी की तैनाती की गई। कोई भी व्यक्ति उनसे चुनाव से जुड़ी समस्याएं व शिकायतें बता सकता है। इसके लिए प्रेक्षक ने अपना नंबर जारी किया है, साथ ही चुनाव सम्बन्धित शिकायतें सुनने के लिए दिनांक 22, 24, 27 व 29 मई, 2024 तक की तिथि निर्धारित की हैं। इन तिथियों पर अपरान्ह 3.00 बजे से 5.00 बजे तक निर्वाचन से सम्बन्धित शिकायतें सर्किट हाउस चुर्क में मौजूद रहकर सुनेंगी। सामान्य प्रेक्षक जया लक्ष्मी से मोबाइल नंबर 9236082780 टेलीफोन नंबर 05444-297712 पर संपर्क किया जा सकता है, इसके अलावा वह 22, 24, 27 और 29 मई को सर्किट हाउस सभागार में भी शिकायतें सुनेंगी।

# जल, जमीन व जंगल सभी क्षेत्रों में निषाद समाज की भागीदारी हुई सुनिश्चितः संजय

**संवाददाता।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने मेजा और बारा के अनेक क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

बतौर मुख्य अतिथि संजय निषाद ने कहा कि हमारे समाज के सम्मान और उत्थान के लिये अगर किसी दल ने काम किया है तो वो है भारतीय जनता पार्टी इसलिये हमारा समाज पूरे शक्ति के साथ कमल का फूल खिलाने को तत्पर हैं। जल जमीन जंगल सभी क्षेत्रों में हमारे समाज की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। आज सबसे ज्यादा मेहनत करने वाले हमारे मछुआरा समाज तक सरकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से पहुंच रहा है और कोई भी भूखा और लाचार नही है। पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी ने आज मेजा और बारा विधानसभा के जगदीशपुर मानपुर भभौर बेलामुंडी महेरा अमिलिया लालापुर तरहार छीणी कजान्सा जसरा बलुआ मेजा के बाद कीडगंज में तीर्थ पुरोहितों के बीच गये। अपने सम्मान में उतरे जनसैलाब से अभिभूत नीरज त्रिपाठी ने कहा कि संगम क्षेत्र में तीर्थ पुरोहित समाज और मल्लाह केवट निषाद और श्रमिक सभी के हित में ऐतिहासिक कार्य किये हैं। श्रमिकों के सम्मान में ट्रक एवं आटो ड्राईवर के साठ गिग वर्कर्स को पंजीकृत कर लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

राजमार्ग नदियों के तट गांव कस्बा फेरीवालों ठेला वालों तक को पीएम स्वनिधि योजना से जोड़ने का काम सरकार पूरे ईमानदारी से करेगी। प्रदेश मंत्री कविता यादव त्रिपाठी पति के लिये कड़ी मेहनत कर रही है और क्षेत्र में अनेक सामाजिक व्यापारिक और समाज के प्रतिष्ठित लोगों से मिलकर नीरज त्रिपाठी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील कर रही हैं।

# मुख्य न्यायाधीश से की गई गर्मी का ड्रेस कोड बदलने की मांग

**प्रयागराज।** आदर्श अधिवक्ता संघ हाईकोर्ट ने तपती और भीषण गर्मी को देखते हुए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूण भंसाली से अधिवक्ताओं के ड्रेस कोड में बदलाव करने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने कहा है कि न्यायमूर्तियों की प्रशासनिक कमेटी कोरोना काल की तरह ही गर्मी के दो महीने में ड्रेस कोड से राहत देने पर विचार करना चाहिए।

हाईकोर्ट में गर्मियों की छुट्टी होने वाली है और इस भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं को कोट वेस्टकोट और गाउन पहनना पड़ता है। न्याय कक्ष में एयर कंडीशनर और बरामदों में उमस भरी गर्मी अधिवक्ताओं को बीमार कर रही है। खास तौर पर दोपहिया वाहन चलाने वाले अधिवक्ताओं को रास्ते में धूप में काले कोट की गर्मी बीमार कर रही है।कोरोना काल में हाईकोर्ट ने केवल पैंट और शर्ट में वकालत करने की छूट दी थी।वैसी ही सुविधा गर्मी के महीनों में दिए जाने से अधिवक्ताओं को बड़ी राहत मिल जाएगी। वैसे भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बार काउंसिल आफ इंडिया ने कमेटी गठित की है जो नए ड्रेस कोड पर विचार कर रही है। अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को पत्र भेजकर गर्मियों में ड्रेस कोड से राहत देने का अनुरोध किया है। जिसे लेकर शीघ्र निर्णय की आशा व्यक्त की जा रही है।

अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट की प्रशासनिक कमेटी और बार एसोसिएशन से शीघ्र उपयुक्त कदम उठाए जाने की उम्मीद जताई है। जिससे गर्मी में अधिवक्ताओं को राहत मिल सके। भारत सरकार के डिप्टी सालिसिटर जनरल वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश ने बैठक को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित किया। उन्होंने संघ के प्रस्ताव की सराहना की। अंग्रेजों की देन ड्रेस कोड काली कोट पेंट गाउन के बजाए भारतीय परिवेश में ड्रेस कोड तय किए जाने पर बल दिया।

# योगी राज में बहन-बेटियां सुरक्षितः स्वतंत्र देव सिंह

● भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के पक्ष में प्रचार को उतरे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

● युवा सम्मेलन में शिरकत करने के साथ जनसभा को किया संबोधित

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**विधान** सभा क्षेत्र कटेहरी और अकबरपुर में कैबिनेट मंत्री पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा लोक सभा प्रत्याशी सांसद रितेश पाण्डेय के समर्थन में युवा सम्मेलन और सभा कर चुनावी माहौल को और गर्मा दिया है।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सया इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन और अकबरपुर चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा के संयोजन और आदर्श चौधरी के संचालन में जिला मुख्यालय के एक मैरेज लॉन में आयोजित जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी जी के राज में बहन बेटियां सुरक्षित हैं। बिजली 18 से 24 घंटे मिल रही है। गरीब बेटियों की शादी योगी जी की नेतृत्व में भाजपा सरकार निभा रही है।

गरीबों को मुफ्त राशन, प्रधान मंत्री आवास, गैस सहित सैकड़ों योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कहा कि रितेश पाण्डेय सभी की चिंता करने वाले नेता हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।आगे मोदी योगी उनके भविष्य की चिंता करेंगे।गुंडे बाबा की दर से घर में छिप गए हैं कमल खिलाने का आवाहन करते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर और सरदार पटेल की सम्मान भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है।

लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। बिजली की व्यवस्था चाक चौबंद हुई है।रोजगार के लिए अंबेडकर नगर में दो दो औद्योगिक क्षेत्र बनाए गए हैं। गरीब जनता की असाध्य रोगों का फ्री इलाज भाजपा सरकार में ही संभव हो सका है। अंबेडकर नगर की जनता के लिए हर तरह से तैयार रहेंगे। जनता का आशिर्वाद प्राप्त कर दोबारा आपकी सेवा में समर्पित रहूंगा। आभार और समापन की घोषणा लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने किया।

उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, कार्यकारी जिला प्रभारी शिव नायक वर्मा, लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, युवा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, राम प्रकाश यादव, रमा शंकर सिंह,मुशी लाल जयंत, आकाश वर्मा, आदि शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### तमंचा व कारतूस समेत आरोपी गिरफ्तार

**बीजपुर, सोनभद्र।** जनपद के पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज पाण्डेय ने अराजक तत्वों पर नकेल कसने व धड़-पकड़ हेतु थाने के पुलिस कर्मियों की अलग-अलग टीमें गठित की हैं, जिनमें से एक टीम में शामिल उप निरीक्षक अमिताभचंद व आरक्षी मंगल प्रजापति शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे के आसपास ग्राम सभा सिरसोती परिक्षेत्र स्थित बीजपुर बैढ़न मार्ग के बगल मौजूद आश्रम के समीप तिराहे पर संदिग्धों के चेकिंग अभियान में लगे हुए थे उसी दौरान ग्राम सभा डोड़हर के बेलहवाटोला निवासी पिंटू बैगा पुत्र रामलाल आता हुआ दिखाई दिया जैसे हीं पुलिस टीम उसकी तरफ बढ़ी वैसे हीं वह पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा।शंकावश पुलिस उसे दौड़कर दबोच लिया।तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने मु0 अ0 सं0 42/2024 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत अग्रिम विधीक कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की।

### कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




**चकिया, चंदौली।** किड्स किंगडम कॉन्वेंट स्कूल बियासड़ के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदान के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। मतदाता रैली विद्यालय परिसर से निकलकर प्राथमिक विद्यालय से होते हुए ग्राम सभा बियासड़ के अंतिम छोर इसहुल पुल के रास्ते से विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी ताकत पहचान लो चलो करें हम सब मतदान, वोट मेरा भविष्य, पहले मतदान फिर जलपान आदि नारों के माध्यम से लोगों को 1 जून को अपने बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान प्रबंधक मिथिलेश पांडे ने कहा कि हमारा लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस मौके पर प्रधानाचार्या राजकौर, श्वेता पांडे, आशुतोष तिवारी, शिवम केशरी,पंकज मौर्या, गीता चौहान, पूजा, अंकित चौहान, आरती सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने ली शत प्रतिशत मतदान की प्रतिज्ञा

**संवाददाता।** प्रयागराज



**यमुनापार** की बारा तहसील के बार एसोसिएशन सभागार में लोक जागरण मंच के तत्वावधान में अधिवक्ता श्रेणी का संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारत सरकार के अपर महान्यायवादी शशि प्रकाश सिंह ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही कर्तव्य भी है।

इसका हमें बोध होना चाहिए इसलिए राष्ट्र हित में मतदान अवश्य करें। उन्होंने बताया कि हमारे देश का नागरिक नौकरी परस्त न हो बल्कि रोजगारपरक हो। वर्तमान सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। विशिष्ट वक्ता उच्च न्यायालय के पूर्व अपर महाधिवक्ता शिव कुमार पाल ने कहा कि आज लड़ाई अस्त्र शस्त्र की नहीं बल्कि विचारों की है मत की है हमें पुरानी गल्तियों से सीख लेते हुए संरक्षा सुरक्षा तथा विकास की गति को बढ़ाने के लिए राष्ट्र हित में मतदान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय के मुख्य स्थाई अधिवक्ता विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता बुद्धिजीवी वर्ग है। उसे स्वयं जागकर समाज के हर वर्ग को जगाने का काम करना होगा और अधिकतम मतदान के लिए समाज को प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बारा बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद पाठक ने किया। सभा को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश द्विवेदी तथा मंत्री रत्नाकर सिंह ने भी शत प्रतिशत मतदान हेतु संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन तथा विषय प्रवर्तन अधिवक्ता श्रेणी प्रमुख डा अवधेश चन्द्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अन्त में शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रतिज्ञा अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित सभी सम्मानित अधिवक्ताओं को दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## 21 मई मोदी और 19 मई को योगी की प्रयागराज में सभा

**प्रयागराज।** 21 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 19 मई को सीएम योगी आदित्यनाथ की होने वाली जनसभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री की जनसभा 21 मई को परेड ग्राउंड प्रयागराज में और सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा 19 मई को इलाहाबाद व फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में होनी है। दोनों प्रत्याशियों नीरज त्रिपाठी और प्रवीण पटेल के समर्थन में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया की सीएम योगी फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में विधानसभा उत्तरी के अल्लापुर रामलीला मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। महानगर अध्यक्ष ने कहा की मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए चुनावी तैयारी के साथ पार्टी कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं।

# यह चुनाव देश की दशा व दिशा को करेगा तयः पारसनाथ राय



**गाजीपुर।** जनपद में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने सदर विधानसभा के करंडा मण्डल में गोसन्देपुर, जमुआंव, बड़सरा, दीनापुर, पुरैना, कटारिया आदि गांव में चौपाल व नुक्कड़ सभाएं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल सांसद और मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव नहीं है यह चुनाव देश की दशा और दिशा को तय करेगा। यह चुनाव राम के साथ सरकार चलाने वालों को सत्ता में पुनः स्थापित करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव गुंडे और माफियाओं को जमींदोज करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मै भारतीय जनता पार्टी व देश का सच्चा सिपाही हूं और इस मिट्टी के लिए तथा यहां की जनता के लिए जो कुछ संभव होगा उसको रात दिन मेहनत करके पुरा करूंगा। जन चौपाल का संचालन नीतीश कुमार दुबे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक राजकुमार सिंह गौतम, हरेन्द्र यादव,मयंक जायसवाल,मंडल अध्यक्ष उमेश दुबे, राणा सिंह, शशिकांत गिरी, विनोद राय, अमरेश गुप्ता, अवधेश दुबे,पंचदेव सिंह,हर्ष सिंह अंकेश कुमार सिंह , तुलसी बिंद सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# प्रशासन ने दीपदान के माध्यम से की लोगों से मतदान करने की अपील



**अंबेडकर नगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, खण्ड विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, समूह की महिलाएं, ब्लॉक के कर्मचारी तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी के साथ विधानसभा क्षेत्र टांडा के अंतर्गत नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा से चल कर बसखारी बाजार होते हुए खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय बसखारी तक पैदल मार्च कर राहगीरों तथा दुकानदारों को मतदान करने हेतु आमंत्रण पत्र वितरण किया गया। इसके उपरांत बसखारी ब्लॉक परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों के साथ दीपक जलाया गया और लोगो द्वारा शपथ लिया गया कि शत प्रतिशत मतदान करेंगे। लोकतंत्र के महा पर्व पर अपनी आहुति डालेंगे। विकासखंड परिसर दीपक से जगमगा उठा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा वरिष्ठ नागरिको को सम्मानित किया गया। तथा वाहन रैली को मतदाता जागरूकता हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समूह की दीदियों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया गया।उ न्होंने वृद्ध ,युवा एवं अन्य मतदाताओ को पारंपरिक आमंत्रण दिया।

# परिचालन प्रबंधक ने किया क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण

● गाड़ियों के संचालन से जुड़े संरक्षा नियमों पर आधारित परिचालन प्रश्नोत्तरी पुस्तिका का हुआ विमोचन

**संवाददाता।** गाजीपुर



**जनपद** में गुरुवार 16 मई को पूर्वोत्तर रेलवे के क्षेत्रिय रेल प्रशिक्षण संस्थान, में संरक्षा श्रेणी और गैर संरक्षा श्रेणी के सभी प्रशिक्षुओं के बेहतर प्रशिक्षण और गाड़ियों के परिचालन से जुड़े संरक्षा सुधार नियमों की जानकारी के लिए उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (परियोजना) गोरखपुर, सुमित कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रिय रेल प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य संजय कुमार राय, मुख्य अनुदेशक ब्रजेश शुक्ला, वरिष्ठ अनुदेशक अरूण कुमार पाल एवं समस्त अनुदेशक गण उपस्थित थे। सुमित कुमार ने जोनल ट्रेनिंग सेंटर में स्थित सभी क्लास रूम, छात्रावास,उपकरण कक्ष एवं मिनीएचर स्टेशन व ट्रेन से युक्त प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और संस्थान के उत्थान एवं अच्छी गुणवत्ता के साथ प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग सेंटर के सभागार कक्ष मे एक संरक्षा सेमिनार आयोजित कर प्रशिक्षणार्थियों से संरक्षा संवाद कर उनका संरक्षा के प्रति ज्ञान परखा। इसके साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को संरक्षा के अपडेटेड नियमों की सोदाहरण जानकारी हेतु संरक्षा संगोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें कर्मचारियों की संरक्षा से सम्बंधित विभिन्न भ्रांतियों को निराकरण किया गया।

इस अवसर पर सुमित कुमार ने अपने संक्षिप्त संबोधन में प्रशिक्षणार्थियों को संरक्षित होकर नियम पूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया और साथ ही प्रशिक्षणरत कर्मचारियों को संरक्षा शपथ दिलाई गयी। संरक्षा सेमिनार के अंत में अजीत कुमार राय एवं ट्रेनिंग सेंटर के समस्त अनुदेशकों की कड़ी मेहनत से तैयार संरक्षा श्रेणी और गैर संरक्षा श्रेणी के सभी प्रशिक्षुओं के बेहतर प्रशिक्षण और गाड़ियों के संचलन से जुड़े महत्वपूर्ण संरक्षा नियमोँ पर आधारित परिचालन प्रश्नोत्तरी पुस्तिका का विमोचन किया गया। संरक्षा सेमिनार का संचालन सुनील कुमार सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुमार पाल द्वारा किया गया।

## जनवादी पार्टी के प्रत्याशी ने पर्चा लिया वापस

**गाजीपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिये नाम वापसी एवं प्रतीक आवंटन प्रक्रिया न्यायालय कक्ष में सम्पन्न हुई। जिस क्रम में नाम वापसी जन जनवादी पार्टी के प्रत्याशी रामचरन द्वारा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के समक्ष अपना पर्चा वापस लिया एवं कुल 10 प्रत्याशियों का प्रतिक (चुनाव चिन्ह) आवटन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अफजाल अंसारी को साइकिल चिन्ह, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उमेश कुमार सिंह को हाथी, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पारस नाथ राय को कमल, विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी के प्रत्याशी अजय को स्पैनर, युग तुलसी पार्टी के प्रत्याशी आदित्य श्रीवास्तव को रोड रोलर, भारतीय लोकवाणी पार्टी के प्रत्याशी धनन्जय कुमार तिवारी को कम्प्यूटर, मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी रामप्रवेश को ऑटो-रिक्सा, निर्दलीय प्रत्याशी नुसरत अंसारी को छड़ी, निर्दलीय प्रत्याशी सत्यदेव यादव को केतली एवं ज्ञानचन्द्र बिन्द को चारपाई चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

# कमेरा प्रत्याशी ने जनसंपर्क के दौरान लोगों से मांगा समर्थन



**मीरज़ापुर।** मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र के अपना दल कमेरावादी पार्टी के सांसद प्रत्याशी दौलत सिंह पटेल ने शुक्रवार को अपने कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारियों के साथ तूफानी दौरा कर स्थानीय लोगों से अपना समर्थन मांगा।लालगंज के बेलाही,कलवारी खुर्द,भेड़ा,चरखी, ब्लाक पटेहरा कला के कमलापुर चौराहा,सिरसी, पथरहिया,नरायनपुर ब्लाक के भरेहठा,कछवा बाजार, जमालपुर सहित दर्जनों गांवों में कार्यकर्ताओं के साथ जन संपर्क के दौरान सांसद प्रत्याशी ने कहा कि यह चुनाव मिर्जापुर के मतदाताओं के सम्मान व उनके अधिकारों की लड़ाई है।आप अपने मताधिकारों का प्रयोग कर अपने जिले के प्रत्याशी कमेरावादी को एक मौका दे। जन संपर्क में निकले अन्य कार्यकर्ताओं ने गांव गांव जाकर अपना दल (कमेरावादी) के विचारों को मतदाताओं के बीच रखा। अपना दल (कमेरावादी) जिलाध्यक्ष श्याम बहादुर पटेल, प्रो0 राम प्यारे कुशवाहा, एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष खालिद तिवारी,संदीप भारतीय, मु. आरिफ, मो. इकबाल, सत्यनारायण भारतीय, ओमनाथ गुप्ता,नवीन गौड़, लालमन मौर्य, अनिल सिंह, संतोष पाण्डेय,संजय कन्नौजिया, रजनीश तिवारी, प्रदीप, अनिल, कैलाश बिंद, राधा रमन पटेल, आलोक, आदि शामिल हुए।

# एबीपीएस रेणुसागर ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**सोनभद्र।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेणुसागर में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा-2024 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की प्रात:कालीन सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य एस के सिंह ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। प्रारंभ में छात्रों द्वारा बोर्ड-परीक्षा में अर्जित उत्कृष्ट अंकों की घोषणा की गयी। कक्षा 10वीं में कुल 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें अल्लुरी श्रीपद वल्लभ 96.6 प्रतिशत प्रथम, रुद्राक्ष सिंह 95.2 प्रतिशत द्वितीय तथा सक्षम सिंह 94.0 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 12वीं कक्षा में कुल 47 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें विज्ञान वर्ग में रोशन कुमार सिंह 92.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, शुभ श्रीवास्तव 92.0 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा एकांश सिंह 88.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे जबकि वाणिज्य वर्ग में कृति गौतम 90.6 प्रतिशत प्रथम, संस्कृति सिंह 89.4 प्रतिशत द्वितीय तथा जोया जेहरा 89.2 प्रतिशत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों से कठिन परिश्रम करने और आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। रेणुसागर पावर डिवीजन, रेणुसागर के यूनिट हेड व विद्यालय के अध्यक्ष आरपी सिंह ने सभी सफल छात्रों तथा उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी है तथा और अधिक परिश्रम करने एवं रेणुसागर का नाम रोशन करने का आह्वान किया है।

## पीओके में अशांति

### अमित शाह का बयान

**पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके** में जनता का गुस्सा तथा व्यापक अराजकता को देखते हुए अमित शाह ने कहा है कि भारत इसे अपने साथ शामिल कर लेगा। वर्तमान समय में कश्मीर घाटी में शांति एवं सद्भावना व्याप्त है, पर एलओसी के पार पीओके में जनता के साथ पुलिस व अर्धसैनिक बलों के बीच टकराव से अराजकता की स्थिति व्याप्त है। ऐसे में भारतीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोर दिया है कि यह क्षेत्र 'भारत का है और हम इसे फिर अपने साथ शामिल कर लेंगे।' उनके इस बयान से संवेदनशील इतिहास के विवादित क्षेत्र पर फिर बहस तेज हुई है। विभाजन के बाद अन्य ऐसे राज्यों की तरह जम्मू कश्मीर की देशी रियासत को भारत या पाकिस्तान के साथ विलय का विकल्प दिया गया था। जम्मू कश्मीर के तत्कालीन शासक महाराजा हरि सिंह शुरुआत में तो 'स्वतंत्र' रहना चाहते थे, पर पाकिस्तान-समर्थित कबीलाई उग्रवादियों की घुसपैठ के कारण उन्होंने अक्टूबर, 1947 में भारत में विलय का फैसला किया। इसके कारण भारत-पाकिस्तान के बीच पहला युद्ध हुआ और संयुक्त राष्ट्रसंघ के आह्वान पर युद्धविराम के पश्चात एलओसी निर्धारित की गई। इससे यह क्षेत्र भारतीय जम्मू कश्मीर तथा पीओके में विभाजित हो गया। हालांकि, भारत ने अधिकांश क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, पर लगभग एक तिहाई क्षेत्र पर पाकिस्तानी कब्जा बना रहा जिसे उसने 'आजाद जम्मू कश्मीर' व गिलगिट-बाल्टिस्तान का नाम दिया। इस प्रकार भारतीय दृष्टिकोण से पीओके जम्मू कश्मीर का अखंड अंग है और उसे भारत में शामिल करना ऐतिहासिक, विधिक व नैतिक आधार पर उचित क्षेत्र संबंधी दावा है। भारतीय संसद ने इस पर सर्व-सम्मत प्रस्ताव पास किया है। लेकिन विपक्षी दल चुनाव के समय अमित शाह के बयान पर सवाल उठा रहे हैं।



पाकिस्तान पीओके को 'आजाद क्षेत्र' मानता और इस पर संयुक्त राष्ट्रसंघ-यूएनओ के एक पुराने प्रस्ताव के आधार पर 'जनमत संग्रह' की याद दिलाता रहा है। लेकिन उसने स्वयं यूएनओ प्रस्ताव की शर्तें पूरी नहीं की थीं और अब उसे दुहराने का कोई अर्थ नहीं है। पाकिस्तान शिमला समझौते का उल्लंघन करते हुए जम्मू कश्मीर का मुद्दा बार-बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहा है। उसने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के मुद्दे पर भी हायतोबा मचाई, पर उसे इस्लामी देशों का भी साथ नहीं मिला। जहां जम्मू कश्मीर अनुच्छेद 370 हटने के बाद से शांति, लोकतंत्र और प्रगति की राह पर तेजी से अग्रसर है, वहीं बदहाल पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके में जनता को दो जून की रोटी भी मुहाल है। वहां आटे की कीमतों, बिजली की दरों तथा पाकिस्तान सरकार द्वारा थोपे करों के विरोध में व्यापक जनान्दोलन हुआ। पुलिस व पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ मुठभेड़ में तीन प्रदर्शनकारियों के मारे जाने के बाद आंदोलन और उग्र हो गया। सालों से अशांत इस क्षेत्र में मानवाधिकार व लोकतांत्रिक अधिकारों के उल्लंघनों तथा पाकिस्तानी अवस्थापना द्वारा जनता के स्वर दबाने की घटनायें बार-बार सामने आई हैं। यहां 'गिलगिट बाल्टिस्तान मूवमेंट' जैसे नागरिक अधिकार आंदोलन पाकिस्तानी अत्याचारों का लगातार मुकाबला कर रहे हैं। इन आंदोलनों ने भारत सरकार से बार-बार आह्वान किया है कि वह उनके उत्पीड़न को दुनिया भर में उजागर करे। पीओके में जनता का बड़ा हिस्सा भारत वाले जम्मू कश्मीर में विलय का इच्छुक है और उसकी आवाज मुखर रूप से दुनिया के सामने आ रही है। ऐसे में अमित शाह के बयान को संकुचित चुनावी दृष्टिकोण के बजाय व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

# राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सोने की भूमिका

### व्यावहारिक घरेलू बचतकर्ताओं की तरह भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था में स्वर्ण भंडारों की उपयोगिता को देखते हुए आरक्षित स्वर्ण भंडार बढ़ा कर 817 मीट्रिक टन कर दिया है।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारतीय परिवारों द्वारा अपनी संपदा सुरक्षित रखने के रणनीतिक कदम की तरह भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने सक्रिय रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ा कर देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह साहसी पहल व्यावहारिक घरेलू बचतकर्ताओं की आदत का प्रतीक है। केन्द्रीय बैंक ने संभावित आर्थिक उथलपुथल से स्वयं को सुरक्षित रखने और देश की वित्तीय स्थिरता मजबूत करने की दिशा में यह कदम उठाया है। अब आरबीआई ने आरक्षित स्वर्ण भंडार बढ़ा कर 817 टन कर दिया है। इस बढ़ोत्तरी के पीछे अनेक कारण हैं जिनमें पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, फिलिस्तीन पर इज़राइल का हमला, रूस-यूक्रेन युद्ध तथा लगातार जारी मुद्रास्फीति शामिल हैं।

इन सबके कारण सोने की ओर आकर्षण बढ़ा है। दुनिया भर के केन्द्रीय बैंक अपने भंडारों की विविधता बढ़ाने तथा अमेरिकी डालर पर निर्भरता घटाने के लिए सक्रिय रूप से सोना एकत्र कर रहे हैं। चीन खासकर बड़े पैमाने पर लगातार 17 महीने से भारी मात्रा में सोना खरीद रहा है। इससे वह मुद्रा अवमूल्यन तथा भू-राजनीतिक जोखिमों से निपटने का प्रयास कर रहा है। इस प्रकार दुनिया अनाधिकारिक रूप से उन 'स्वर्ण मानकों' की ओर लौट रही है जिनको उसने 1971 में छोड़ दिया था। भारतीय शेयर बाजारों में लगातार 6 दिन गिरावट आई। इसके काण काफी निवेश नष्ट हुआ है। अनुमान है कि भारतीय शेयर बाजारों में इन 6 दिनों की गिरावट के कारण निवेशकों को लगभग 7 लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। घरेलू बचतकर्ताओं की बचत में बेरोजगारी और बढ़ती कीमतों के कारण गिरावट आई है क्योंकि इन्होंने उनको प्रभावित किया है। आरबीआई ने 9 मई को जारी अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि 'वे अपनी बचत रियल इस्टेट में लगा रहे हैं और केन्द्रीय बैंक को इस परिघटना से चिन्ता नहीं है।' बैंक ने स्वयं भी सोने की खरीद बढ़ा दी है ताकि 'अमेरिकी डालर की अस्थिरता को देखते हुए अपने विदेशी मुद्रा भंडारों का विविधीकरण किया जा सके।' अमेरिका में साल दर साल मुद्रास्फीति की दर बढ़ रही है और यह फरवरी में 3.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। फेडरल रिजर्व द्वारा 2022 में ब्याज दरें बढ़ाना शुरू करने के बाद से उसने जुलाई, 2023 में दरें बढ़ा कर 5.25 प्रतिशत के बजाय 5.5 प्रतिशत कर दीं। अमेरिका में चुनाव को देखते हुए वह अपना मुद्रा भंडार बढ़ा रहा है। इस साल की शुरुआत से सोने की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है।

इस प्रकार इसे मुद्रास्फीति के खिलाफ एक बाड़ तथा बढ़ती राजनीतिक व आर्थिक अनिश्चितता में सुरक्षित स्वर्ग की तरह देखा जा रहा है। सोने की कीमतें बढ़ने का प्रमुख कारण केन्द्रीय बैंकों द्वारा इसकी भारी मात्रा में खरीद तथा सुरक्षित-स्वर्गों में संपत्ति की बढ़ती मांग है। भारत में सोने की कीमतों में 2024 में काफी उछाल आया है। इसके कारण अक्षय तृतीया के दो दिन पहले इसकी कीमत अभूतपूर्व रूप से अब तक के सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। परंपरागत रूप से सोने की खरीद सबसे उच्च स्तर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इस प्रकार इसकी कीमतों में केवल एक साल के भीतर 21.1 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई। हालांकि, 10 मई को अक्षय तृतीया वाले दिन इसकी कीमत में थोड़ी कमी आई और यह 72,788 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले 6 महीने में सोने की घरेलू कीमतों में उछाल आया और यह 54,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़ कर रिकार्ड 73,958 रुपये पर पहुंच गईं।

कोई भी समझ सकता है कि सोने की तुलना में किसी भी चीज की कीमतें इतनी तेजी से नहीं बढ़ती हैं और ऐसे में आरबीआई की व्यावहारिकता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। वर्तमान समय में एक डालर 83.88 रुपये का है। 6 महीने में रुपये की कीमत में वृद्धि की उम्मीद है और यह 82.50 पर पहुंच सकता है। एक साल में 1.1 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 82 रुपये तक पहुंच सकता है जो 1.7 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसका अर्थ है कि आरबीआई के डालर भंडार का मूल्य एक साल में लगभग 2 प्रतिशत कम हो जाएगा। इसलिए आरबीआई ने डालर की तुलना में ज्यादा सोना खरीदने का निर्णय किया। इसमें प्रति 10 ग्राम पर 73,000 रुपये खर्च करने पर भी 20 प्रतिशत का लाभ होगा। यह समझदारी वाली अर्थव्यवस्था है। आरबीआई ने अपने भंडारों में विविधता लाने के ए़ि सोना खरीदना तेज कर दिया है। विदेशी मुद्रा भंडार में सोने के मूल्य में 3 बिलियन डालर की वृद्धि हुई है और यह 648.5 बिलियन डालर हो गई है। आरबीआई ने विविधीकरण तथा मुद्रास्फीति से सुरक्षा के लिए 2024 की शुरुआत में ज्यादा सोना खरीदा है।

विश्व स्वर्ण परिषद-डब्लूजीसी के अनुसार जनवरी-मार्च में आरबीआई द्वारा सोना खरीद बढ़ कर 19 टन पहुंच गई। इसकी तुलना में पूरे 2023 साल में उसने केवल 16 टन सोना खरीदा था। डब्लूजीसी के अनुसार, सर्वाधिक स्वर्ण भंडार वाले देशों में अमेरिका 8,133 टन के साथ सबसे ऊपर है, इसके बाद जर्मनी, इटली, फ्रांस और रूसी संघ का स्थान है जिनके पास क्रमशः 3366.49, 2451.84, 2436.01 व 2271.16 टन सोना है। केन्द्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद में वृद्धि अमेरिका द्वारा रूस पर लगे प्रतिबंधों के बाद आई। ये प्रतिबंध रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के कारण लगे और इनमें रूसी आरक्षित डालर भंडार फ्रीज करना तथा कच्चे तेल समेत उसके महत्वपूर्ण वस्तु व्यापार पर प्रतिबंध शामिल है। इन कदमों के वैश्विक विपरीत प्रभाव काफी व्यापक थे जिनसे पश्चिमी वित्तीय संस्थानों की संकटग्रस्त स्थिति उजागर हो गई। इसके चलते शेयरों में निवेश का विकल्प ज्यादा जोखिम वाला है। नवीनतम फेडरल रिजर्व डेटा के अनुसार चीन ने अमेरिकी ट्रेजरी सिक्यूरिटीज़ से 22.7 बिलियन डालर अतिरिक्त निकाले और अपनी कुल होल्डिंग घटा कर 775 बिलियन डालर कर दी। इस कमी के बावजूद चीन अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा कर्जदाता है। अमेरिकन फेडरल रिजर्व डेटा के अनुसार चीन डालर पर अपनी निर्भरता घटा रहा है। 'आईसीआईसीआई डाइरेक्ट स्टडी' के अनुसार आरबीआई अमेरिकी डालर पर अपनी निर्भरता घटाने के साथ अपने विदेशी मुद्रा भंडार में विविधता लाना चाहता है। सोना स्थायित्व प्रदान करता है और इसे सीधे किसी एक मुद्रा से नहीं जोड़ा जा सकता है। आर्थिक अनिश्चितता या डालर मूल्य में उतार-चढ़ाव के समय यह अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। सोने को मुद्रास्फीति के खिलाफ बाड़ समझा जाता है। जब मुद्रास्फीति के कारण मुद्राओं का मूल्य गिरता है तब भी सोने का मूल्य बना रहता है या बढ़ता है। यह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार की खरीद शक्ति की रक्षा करता है। आरबीआई का कहना है कि स्वर्ण भंडार पोर्टफोलियो में विविधता से भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ता है। यह भारत की मजबूत वित्तीय स्थिति और स्थायित्व का प्रतीक है जो विदेशी निवेश को आकर्षित करती है।

हालांकि, अब ज्यादा सामान्य नहीं है, पर अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में अब भी सोने का प्रयोग किया जा सकता है। ऐसे में आवश्यकता होने पर आरक्षित स्वर्ण भंडार के साथ भारत दूसरे देशों का कर्ज अदा कर सकता है। यदि कोई देश रुपया स्वीकार करने को तैयार न हो तो उसे सोना दिया जा सकता है। दुनिया की भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए अगले पांच साल उथलपुथल वाले हो सकते हैं और सोना अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। वर्तमान समय में आईटी क्षेत्र, उद्योग और बाजारों में उथलपुथल है और इनको शांत होने में कुछ समय लगेगा। ऐसे समय में कागजी मुद्रा की तुलना में सोने की मांग और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने आरक्षित स्वर्ण भंडार बढ़ाने का सही कदम उठाया है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा हम दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में प्रमुख स्थान प्राप्त करेंगे।

# भारत-ईरान के बीच चाबहार समझौता

> "भारत ने चाबहार में शाहिद बेहेश्टी पोर्ट टर्मिनल के विकास के लिए दस साल के दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में कामयाबी हासिल की।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत और ईरान आखिरकार दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सबसे तनावपूर्ण प्रमुख परियोजनाओं में से एक के लिए दीर्घकालिक अनुबंध को बंद करने में कामयाब रहे। भारत ने चाबहार में शाहिद बेहेश्टी पोर्ट टर्मिनल के विकास के लिए दस साल के दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में कामयाबी हासिल की।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी कि चुनावों के बीच में होने के बावजूद, केंद्रीय बंदरगाह शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने इस महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए चाबहार बंदरगाह का दौरा किया। चाबहार एक गहरे पानी का बंदरगाह है, जो भारत के सबसे नजदीक स्थित है, जो भारत की मध्य एशिया तक पहुंच और इस क्षेत्र के राज्यों के लिए हिंद महासागर में पहुंच के लिए महत्वपूर्ण है। चाबहार परियोजना पहली बार 2003 में ईरान और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मंच के रूप में सामने आई थी, जब पीएम वाजपेयी और ईरानी समकक्ष हसन रूबानी ने दोनों देशों के बीच परिवर्तनकारी रणनीतिक सहयोग खाका का अनावरण किया ईरान और भारत के बीच हस्ताक्षरित 2003 के दिल्ली घोषणापत्र में दोहराया गया है कि मेलक, जरांज और डेलाराम के माध्यम से चाबहार मार्ग विकसित करने के लिए भारत, ईरान और अफगानिस्तान की सरकारों के बीच हाल ही में हुआ त्रिपक्षीय समझौता क्षेत्रीय व्यापार और पारगमन को सुगम बनाएगा, जिसमें अफगानिस्तान और मध्य एशिया भी शामिल है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक समृद्धि में वृद्धि होगी।



हालांकि, वाजपेयी सरकार के बाद, भारत का ध्यान महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना पर स्थानांतरित हो गया, जो आंशिक रूप से घरेलू राजनीति और एक नई विश्व व्यवस्था से प्रभावित था। प्रधानमंत्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने तक इस एकीकृत बहु-मॉडल चाबहार परियोजना को प्रमुखता नहीं मिली। 2015 में अफगानी राष्ट्रपति की भारत यात्रा और उसके बाद 2016 में पीएम मोदी की ईरान यात्रा सहित व्यस्त बैकरूम वार्ता, त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर ने परियोजना को बहुत जरूरी प्रोत्साहन प्रदान किया। इसमें अमेरिका के साथ घनिष्ठ समन्वय भी शामिल था (जो चाबहार के साथ भारत के उत्साह को लेकर बहुत उत्सुक नहीं था), लेकिन अफगानिस्तान तक स्वतंत्र पहुंच ने हिचकिचाहट को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2017 में भारत, ईरान और अफ़गानिस्तान ने चाबहार में परिवहन और पारगमन गलियारे की स्थापना पर अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए दूसरी मंत्रिस्तरीय त्रिपक्षीय बैठक की। त्रिपक्षीय बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया, क्षेत्रीय आर्थिक संपर्क के लिए एक केंद्र के रूप में चाबहार के महत्व और इस उद्देश्य की दिशा में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, मंत्रियों ने चाबहार के माध्यम से भारत से अफ़गानिस्तान तक गेहूं के हाल ही में सफल पारगमन में तीनों देशों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। लगभग सात साल बाद भारत को महत्वपूर्ण परिचालनों को संभालने के लिए चाबहार बंदरगाह तक पूरी पहुंच मिली।

यह याद दिलाना ज़रूरी है कि चीन ने अपने बेल्ट एंड रोड पहल को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाते हुए मध्य एशिया में महत्वपूर्ण प्रगति की है। ईरानी राष्ट्रपति ने इस साल फरवरी में चीन में एक उच्च-स्तरीय आर्थिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जबकि उन्होंने दोहराया कि चीन उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है।

मध्य एशियाई देशों और आगे रूस के साथ भारत के संबंध दशकों से स्थिर हैं। चीन इस क्षेत्र में एक नया प्रवेशक रहा है जिसने सबसे पहले भारत के तत्काल पड़ोस जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका आदि में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को हासिल करने में कामयाबी हासिल की और अब रूस के साथ भी तालमेल बिठा रहा है। ईरान पारंपरिक रूप से पश्चिम एशियाई और मध्य एशियाई क्षेत्रों में एक प्रमुख प्रभावशाली देश रहा है, हालांकि, गाजा में चल रहे युद्ध ने इस क्षेत्र में पुरानी दरारों को फिर से जगा दिया है। अफगानिस्तान से वापस जाने वाला अमेरिका इस क्षेत्र में एक प्रमुख निर्णयकर्ता हुआ करता था और अब वह इस क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

## आप की बात

### होर्डिंग हादसा

**मुंबई** में होर्डिंग हादसा एक बड़ी त्रासदी है। 16 लोगों का असमय काल के काल में समा जाना मानवीय भूल व शहरी प्रबंधन में लापरवाही का ही नतीजा है। विज्ञापनों की होड़ में कंपनियां बड़े-बड़े होर्डिंग तो जगह-जगह लगा देती है मगर सुरक्षा के नाम पर रक्षात्मक उपाय नहीं किए जाते हैं। मुंबई में दुर्घटना के दो दिनों बाद भी लोगों का मलबे के नीचे से निकलना जताता है कि होर्डिंग अनुमति से कितने अधिक बड़े आकार में लगाए गए थे। पूर्व सांसद किरीट सोमैया के दावे को अगर सही मानें तो मुंबई में 400 से अधिक ऐसे होर्डिंग है जो अपनी सीमा में कहीं अधिक बड़े और खतरनाक है। घाटकोपर घटना से सबक लेकर सरकार को मुंबई ही नहीं देशभर में अवैध होर्डिंगों के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए ताकि घटना की पुनरावृत्ति ना हो। आने वाले बरसात के मौसम के मद्देनजर इस मामले में गंभीरता जरूरी है। मुंबई का होर्डिंग हादसा देश भर के सभी नगर निकायों के लिए सबक है कि वे शहरों में विज्ञापनों से होने वाली आय की तुलना में नागरिकों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान दें। इस तथ्य पर भी गौर करना चाहिए कि सामान्य स्थिति में भी सड़कों के किनारे लगे होर्डिंग ड्राइवरों का ध्यान बंटा कर ट्रैफिक दुर्घटनाओं का कारण बनते रहे हैं जिनमें अनेक लोगों की जान गई है।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

### मोदी की चुनौती

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार द्वारा बनाए सीएए कानून को समाप्त करने की विपक्ष की चुनौती पर समूचे विपक्ष को ललकारते हुए कहा है कि कोई माई का लाल सीएए कानून को खत्म नहीं कर सकता। आज जिस तरह विपक्षी दलों ने वोटबैंक की राजनीति में हिंदू-मुसलमान को लड़ा कर धर्मनिरपेक्षता का ऐसा चोला पहन लिया है जिसे मोदी इनके शरीर से हटाना चाहते हैं। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर विपक्षी दल मुस्लिम तुष्टीकरण कर सभी गैर-मुस्लिमों को नीचा दिखाने का काम करते हैं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वादा किया था कि यदि पाकिस्तान से कोई उत्पीड़ित अल्पसंख्यक भारत आया तो उसे नागरिकता दी जाएगी। लेकिन कांग्रेस ने अपने शासनकाल में इन लोगों को नागरिकता देने की सोची तक नहीं। मोदी ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आए उत्पीड़ित हिंदुओं, सिखों, जैनों, बौद्धों, पारसियों व ईसाइयों को नागरिकता देकर सचमुच भारतीयता का सम्मान किया है। आखिर गैर-मुस्लिम उत्पीड़ित लोगों को यदि भारत शरण नहीं देगा तो वे कहां जाएंगे। कांग्रेस समेत विपक्ष के भी हित में है कि वह सीएए को स्वीकार कर ले, नहीं तो जनता उनको अस्वीकार कर देगी।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### रूस-चीन दोस्ती

**रूस और चीन** दिन पर दिन करीब आ रहे हैं। इससे यह कहावत सही सिद्ध होती है कि दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त होता है। पश्चिमी देश और नाटो मास्को व बीजिंग के लिए आज दुश्मन नंबर एक हैं। इसीलिए दोनों तानाशाह- ब्लादिमीर पुतिन एवं शी जिनपिंग की दोस्ती दिन पर दिन परवान चढ़ रही है। शी जिनपिंग ने मॉस्को के दौरे में दोनों देशों के संबंधों में एक नए युग का वर्णन किया था, जबकि अक्टूबर 2023 में पुतिन ने बीजिंग का दौरा किया था तो शी ने दोनों नेताओं के बीच गहरी दोस्ती की बात की थी। अब एक बार फिर पुतिन बीजिंग की यात्रा पर हैं। दोनों देश उन संबंधों को और गहरा करना चाहते हैं जो दो मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद घनिष्ठ हो गए हैं। अब देखना है कि चीन यूक्रेन पर रुसी आक्रमण के मामले में कब तक साथ देता रहेगा? चीन के पश्चिमी देशों से भी संबंध हैं और उसने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में अपनी मध्यस्थता का भी प्रस्ताव किया था। चीन-रूस की बढ़ती निकटता भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के लिए भी परीक्षा की तरह है। देखना होगा कि चीन की भारत के प्रति आक्रामकता के मामले में रूस क्या दृष्टिकोण अपनाएगा। इसका भारत-अमेरिका संबंधों पर भी प्रभाव पड़ेगा।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### चारधाम यात्रा

**उत्तराखंड** की चारधाम यात्रा में श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। 10 मई से यात्रा शुरू होने के बाद से 14 मई तक करीब पौने तीन लाख तीर्थयात्री यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जा चुके हैं। अभी तक 27 लाख लोग चार धाम यात्रा के लिए पंजीयन करवा चुके हैं। इस वर्ष 80 लाख लोगों के चारधाम यात्रा हेतु हिमालय पर पहुंचने की संभावना है। बेशक लोगों में धार्मिक पर्यटन के प्रति प्रति रुझान बढ़ा है क्योंकि पहाड़ों पर सड़कें अच्छी बन गई है तथा नई सुरंगें बनाने से मार्ग सुगम और छोटे हो गए हैं। देशभर में कई ट्रेवल्स एजेंसीज सक्रिय हो गई है और हेलीकॉप्टर के सभी टिकट अभी से बुक हो चुके हैं। जिन्हें बाद में भारी मुनाफा जोड़कर बेंच दिया जाएगा। गत वर्षो से हमने पहाड़ों पर भारी प्राकृतिक आपदाएं आते हुऐ देखी हैं। इसका सबसे बड़ा कारण पर्यटक सुविधाओं के लिए किए जा रहे निर्माण व अधिक भीड़ है। समय आ गया है कि सरकार को पहाड़ों पर जाने वाले पर्यटकों की संख्या नियंत्रित करनी होगी। पर्यटन व पर्यावरण संरक्षण में संतुलन धार्मिक स्थलों के दूरगामी विकास व स्थायित्व के लिए भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# प्रधानमंत्री ने बनाया देश को सशक्त नागरिक है खुशहालः पंकज चौधरी

● पूर्व विधायक जय चौबे व प्रधान कौशल चौधरी ने कराया पिछड़ा वर्ग सम्मेलन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**खलीलाबाद** शहर के मनियरा स्थित एक होटल में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को हुआ। जिसमें भारी संख्या में कुर्मी समाज के लोग इकठ्ठा होकर संकल्प के साथ भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद को ताकत देने का वचन दिया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे एवं प्रधान कर्री कौशल चौधरी ने किया।

पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री महाराजगंज के सांसद पंकज चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सुरक्षित व सशक्त बनाया है बिना भेदभाव किये समाज के हर नागरिकों को सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक जय चौबे ने कुर्मी समाज का सम्मेलन करके भाजपा प्रत्याशी सांसद ई0 प्रवीण निषाद को मजबूत करने का कार्य किया है।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि जिस तरह से बिहार में गठबंधन से अलग होकर नितीश कुमार ने भाजपा को मजबूत किया उसी तरह खलीलाबाद में जय चौबे ने समाजवादी को छोड़कर भाजपा को मजबूत किया है। पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि वह सर्व समाज के नेता है और सभी का सेवा करते है। सम्मेलन को विधायक गणेश चौहान, विधायक अनिल त्रिपाठी ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खलीलाबाद जगत जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, ब्लाक प्रमुख खलीलाबाद प्रतिनिधि नित्यानन्द, ब्लाक प्रमुख बघौली, आदि रहे।

# अमित शाह ने सपा विधायक मनोज पांडेय को भाजपा की सदस्यता दिलाई



**ऊंचाहार।** इंडिया गठबंधन के लोग कहते हैं कि उनकी सरकार बनी तो राममंदिर में बाबरी ताला लगा दिया जायेगा, ये बातें केंद्रीय गृह मंत्री ने ऊंचाहार विधानसभा में आयोजित एक जनसभा में कहीं। शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर में आयोजित जनसभा में पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सपा विधायक डॉ मनोज कुमार पांडेय को बीजेपी की सदस्यता दिलाई। जिसके बाद डॉ पाण्डेय ने उन्हें गदा भेंटकर उनका स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने सभा को सम्बोधित कर कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग कहते है कि अगर उनकी सरकार बनेगी तो राम मंदिर में बाबरी ताला लटकेगा और धारा 370 पुराने तरीके से लागू की जायेगी। उन्होंने मंच पर मौजूद रायबरेली से प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह व अमेठी से लोकसभा उम्मीदवार स्मृति ईरानी को जिताने की अपील की।कहा कि अगर रायबरेली व अमेठी आप लोग जिता दोगे तो केंद्र में एनडीए गठबंधन 400 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। वहीं इस कार्यक्रम में भारी जनसैलाब देखने को मिला। इस दौरान मंच पर प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कोरी, आदि रहे।

# जिलाधिकारी की अगुवाई में मतदाता जागरूकता हेतु निकाली तिरंगा रैली

**संवाददाता।** गोंडा



**लोकसभा** सामान निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपलक्ष में मतदाता जागरूकता तिरंगा यात्रा रैली गांधी पार्क से चौक बाजार, गुड्डू मल चौराहा, गुरु नानक चौराहा से होते हुए अदम गोंडवी मैदान तक रैली निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मतदाता जागरूकता के दृष्टिगत जनपद में गांधी पार्क से 100 मीटर की तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। इस रैली कार्यक्रम में सर्वजाति सम्मान के आधार पर सभी धर्मो के लोगों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, तथा कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, उद्यमियों, सामाजिक संगठनों, धर्मगुरुओं, तथा चुनाव के मध्य नजर जनपद में प्रवासित पैरामिलिट्री फोर्स सहित सभी लोगों ने मिलकर मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए आगामी 20 मई को जनपद में होने वाले चुनाव में मतदान करने का अपील किया गया, तथा सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में निकालकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। वहीं अदम गोंडवी मैदान में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता एयर बैलून का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आगामी 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने का वैनर लगाकर बैलून को उड़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वीप कार्यक्रम के नोडल मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, प्राचार्य रवींद्र कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य फखरुद्दीन अली अहमद सहित सभी धर्मो के धर्मगुरु तथा अन्य सभी संबंधित अधिकारी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दलित व पिछड़े वर्ग का आरक्षण हड़पना चाहता है गठबंधनः योगी

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या



**फैजाबाद** लोकसभा के मिल्कीपुर विधानसभा के अमानीगंज बाजार के निकट डीबीएस अस्पताल के पीछे मैदान में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में हुई जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने जातिए समीकरण साधने की खूब कोशिश की। उन्होंने राममंदिर के बहाने लोगों को धार्मिक आस्था से जोड़ते हुए कहा कि जब जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो देश में अपशकुन होते हैं। केंद्र में कांग्रेस की सरकार और उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और राम द्रोहियों के खेमें में बंट गया है।

भाजपा सरकार ने अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि, निषाद राज, शबरी, राजश्री दशरथ सभी को सम्मान देने का काम किया। वहीं दूसरी तरफ सपा की सरकार में लगातार कारनामे होते थे। समाजवादी पार्टी से जुड़े लोग गरीबों के राशन, बीमारों की दवा और उनको मिलने वाली सुविधाओं पर डाका डालते थे। यह लोग राम भक्तों पर गोली चलवाने का काम करते थे। सपा ने लखनऊ में एक संस्थान में काशीराम का नाम बदला। हमने फिर उनका नाम वापस कर दिया। इसी तरह से कानपुर में भीमराव अंबेडकर के नाम से बना मेडिकल कॉलेज का नाम सपाईयों ने हटा दिया। दोबारा हमने फिर से भीमराव अंबेडकर का नाम रखा।

दलितों के स्मारकों को तोड़ने का संकल्प सपा ने ले लिया था। जिसकी लड़ाई हमने लड़ी। जो लोग राम भक्त कल्याण सिंह की मृत्यु पर उन्हें श्रद्धांजलि देने नहीं गए, वे माफियाओं की मौत पर उनके घर आंसू पोंछने पहुंच गए। सपा सरकार आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने में भी पीछे नहीं रही। योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा के बहाने जातीय समीकरण साधने की कोशिश की। उन्होंने मिल्कीपुर के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा के नाम लेकर कहा कि यह पासी बिरादरी के हैं। उन्होंने तीन बार पासी बिरादरी का संबोधन किया। इससे साफ जाहिर हो रहा था कि मिल्कीपुर की धरती में उन्होंने दलितों को जोड़ने के लिए जातीय समीकरण साधने का काम किया है। इसके अलावा पूरे भाषण के दौरान योगी आदित्यनाथ ने केवल एक बार अखिलेश यादव का नाम लिया। वहीं कई बार समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का नाम लेते रहे।उन्होंने एक बार बहुजन समाज पार्टी का भी नाम लिया।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में तीन चरण का चुनाव बाकी है। यह चुनाव रामद्रोहियों और राम भक्तों में बट गया है। अब केवल एक ही नारा गूंज रहा है, वह नारा है, एक बार फिर मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि अब अगल-बगल सब जगह एक ही गीत सुनने को मिल रहा है जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे। उन्होंने कहा अबकी बार.. भीड़ ने कहा 400 पार.. इसके बाद योगी ने कहा कि थोड़ा तेज बोलिए।अयोध्या की आवाज इतनी तेज होनी चाहिए कि उसकी धमक पूरी दुनिया में सुनाई दे। भाजपा सरकार ने 500 वर्षों के काले इतिहास को बदल कर रख दिया और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया।

पूरी अयोध्या विकास के आइने में चमक रही है। माफियाओं की राम नाम सत्य की यात्रा निकालनी शुरू हो गई है। राम भक्त वही है जो राष्ट्र की चिंता करे। राम भक्त वही है, जो भारत की चिंता करे और राम भक्त वही है जो गांव गरीबों की चिंता करें। मोदी सच्चे राम भक्त हैं। हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार बनी।

## मौन अवधि में प्रचार पर हो सकती है दो साल जेलः डीएम

**गोंडा।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-126 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार 57-कैसरगंज तथा 59-गोण्डा, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टों की अवधि अर्थात् दिनांक 18 मई की अपरान्ह 6 बजे से मतदान समाप्ति की कालावधि के दौरान सार्वजनिक सभाओं का प्रतिषेध किया जाता है। डीएम ने बताया कि इसके अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति 57-कैसरगंज तथा -गोण्डा, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घण्टों की अवधि अर्थात् 18 मई की अपरान्ह 6 बजे से मतदान की समाप्ति की कालावधि के दौरान निर्वाचन के सम्बन्ध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे सम्बोधित करेगा। उल्लंघन करने पर दो साल जेल की सजा हो सकती है।

# विशेष प्रेक्षक ने प्रेक्षकों व पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**संतकबीरनगर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित विशेष प्रेक्षक (सामान्य) अजय वी0 नायक, विशेष प्रेक्षक (व्यय) राजेश टुटेजा एवं विशेष प्रेक्षक (पुलिस) मनमोहन सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में तीनों जनपदों के प्रेक्षकगण जिसमे 60-डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित प्रेक्षक (सामान्य) श्रीमती नीमा अरोड़ा, प्रेक्षक (पुलिस) श्रीमती एस0 मल्लिखा एवं प्रेक्षक (व्यय) वाई0 आनन्द जी, 61-बस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित प्रेक्षक (सामान्य) श्रीमती बबिता, प्रेक्षक पुलिस रमेश चन्द्र छाटजा (बस्ती एवं संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र) एवं प्रेक्षक (व्यय) आर0एल0 अरूण प्रसाद एवं 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामित प्रेक्षक (सामान्य) जनक प्रसाद पाठक एवं प्रेक्षक (व्यय) ब्रज किशोर सिंह तथा रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट 60-डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र पवन अग्रवाल, रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट 61-बस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंद्रा वामसी, रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महेन्द्र सिंह तवंर व पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह के साथ कलक्ट्रेट सभागार, संत कबीर नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का अनुपालन सहित मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान दिवस के दिन से सम्बन्धित विभिन्न व्यवस्थाओं/सुविधाओं सहित भयमुक्त वातावरण में सम्पुर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराये जाने से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा/समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

# सनातन बनाम शासन-मठ के स्वामी के निर्देश के बाद उखाड़ फेंकी इंटरलॉकिंग



**डलमऊ, रायबरेली।** नगर पंचायत डलमऊ में गुरुवार रात को तकरीबन सात बजे सनातन धर्म व राधाकृष्ण संस्कृत महाविद्यालय के कर्ताधर्ता स्वामी देवेंद्रानंद गिरी महाराज के निजी स्वार्थ की भेंट चढ़ गई जो लगभग ढाई वर्ष पूर्व नगर पंचायत द्वारा 49.84 लाख में तैयार की गई थी गुरुवार की रात्रि में दो दर्जन से अधिक लोगों ने आकर इंटरलॉकिंग को उखाड़ फेंकी जो सार्वजनिक रास्ते के रूप में आमजनमानस के लिए बनाया गया था जिस रास्ते से नगर पंचायत के सैकड़ों राहगीरों सहित कार्तिक पूर्णिमा के लाखों श्रद्धालुओं के आवागमन सुलभता प्रदान करता है आज उसे सनातन धर्म के रक्षक संत द्वारा व्यक्तिगत लाभ में पहुंच रही बाधा के निमित्त उखाड़ फेंकने की घटना को अंजाम दिया गया।

दूसरे पक्षकार मठ के स्वामी रामचेतन द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ से सहमति लेने की बात को कहते हुए बताया गया जिस पर नगर अध्यक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए सभासदों को बताया कि उनके द्वारा ऐसी कोई भी सहमति नही दी गयी है।

# सम्मिलित जनसभा में सोनिया, राहुल, प्रियंका और अखिलेश ने मोदी सरकार पर जमकर बोला हमला

**संवाददाता।** रायबरेली




**आईटीआई** के राजीव गांधी मैदान में इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख दलों कांग्रेस में समाजवादी पार्टी की एक संयुक्त विशाल जनसभा आयोजित हुई हैं। जिसमें सोनिया गांधी ने रायबरेली वासियों से भावुक अपील की है। कहां है कि मैं राहुल को सौंप रही हूं। जैसे आपने 30 वर्षों तक मां और सम्मान दिया है वैसे ही राहुल गांधी आपका ख्याल रखेगा वह कभी आपको नाराज नहीं करेगा। इस जनसभा में रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी, सांसद सोनिया गांधी सहित अनेक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

जनसभा की शुरुआत में प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है कि आज राहुल जी व अखिलेश जी एक साथ हैं और कांग्रेस व समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता एकजुट है चुनाव में कार्यकर्ताओं ने देश को दिखा दिया कि आप दिल से काम कर रहे हैं कल चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। आपके साथ मेरे परिवार का गहरा इस तरह है मेरे भाई यहां से प्रत्याशी बने हैं। मैं इतना कहूंगी कि 10 सालों में देश का गरीब, किसान, नौजवान, प्रताड़ित हुआ है। महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ा है। नरेंद्र मोदी की सरकार में कोई सुनवाई नहीं है। आज देश में एक आंधी उठी है। देश की आवाज है कि इस तानाशाही भाजपा सरकार का सत्ता से हटाया जाए और एक नई राजनीति की शुरुआत की जाए।

इस बार मोदी जी के सरकार को उखाड़ सकेंगे हमारा नारा है 5 लाख, पार है। इसके बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि रायबरेली की ही राय है कि भाजपा या यहां से जाए देश के एक नेता हैं जो देश में हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल देते हैं वह भी देख ले और सुन ले कि राहुल गांधी का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। रा से रायबरेली और रा से राहुल बनता है। अब एक औए एक ग्यारह हो गए हैं भाजपा अब नो दो ग्यारह हो जाएगी। चार चरणों में बीजेपी चारों खाने चित हो गई है। भाजपा का रथ धँस गया है। जनता ने इन्हें यूपी में फंसा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी वाले वही लोग है जो किसानों के ऊपर चार काले कानून लागू कर रहे थे।

किसान शहीद हुए तब तक लड़े जब तक कानून वापस नहीं लिए गए। इन्होंने जानबूझकर पेपर लीक कराए ताकि नोकरी न देनी पड़े। मैं अमेठी गया था वहां सिलेंडर वाली सांसद के क्षेत्र में जो जनसैलाब देखा वहाँ के सांसद सरेंडर हो गए हैं। बीजेपी के लोग घबराए हुए हैं। दिल्ली वालों ने जबसे सुना है कि इंडी गठबंधन गरीबो के लिये फैसले ले रहे है तब से आपके नेता की खटाखट खटाखट की नकल करने लगे हैं।

# महिला सुपरवाइजर ने प्लांट को कंट्रोल रूम से चला कर दिखाया



**रायबरेली।** सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट से वॉटर प्रोग्राम के निदेशक दीपेंदर सिंह कपूर, कार्यक्रम प्रबंधक सुमिता सिंघल, कार्यक्रम अधिकारी अलका ननेरिया , मनीष मिश्रा एवं हर्ष यादव ने रायबरेली में बने फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और प्लांट से संबंधित अधिकारियों से प्लांट के सुचारू रूप से प्रबंधन के बारे में चर्चा की। समूह में महिला सुपरवाइजर द्वारा प्लांट को कंट्रोल रूम से चला कर दिखाया। सी एस ई के सदस्यों ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं पूनम त्रिपाठी एवं टीम से उनके कार्यों का जायजा लिया जिसमें अलका ने उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताया। प्लांट पर डूडा से परियोजना अधिकारी शशी कुमार मेहरोत्रा शहरी मिशन मैनेजर नेहा श्रीवास्तव , कुलदीप सिंह जलकल से सहायक अभियंता सुरेंद्र प्रसाद यादव एवं अवर अभियंता नीरज श्रीवास्तव एवं प्लांट पर कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही। जल निगम के अधिशासी अभियंता देवेंद्र सिंह ने प्लांट निरीक्षण के दौरान सभी महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया।

# विधायक अंकुर ने समर कैम्प का उद्घाटन कर बच्चों को सराहा




**संतकबीरनगर।** उदया इण्टरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को ग्रीष्मावकाश प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलक स्वागत के साथ-साथ मुख्य अतिथि खलीलाबाद विधायक अंकुर राज तिवारी ने उद्घाटन किया।

विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि उदया इण्टरनेशनल स्कूल के बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। विद्यालय परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि उदया इण्टरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य और उनके सहयोगी विद्वान अध्यापकों का प्रतिफल है जो बच्चों में दिख रहा है। विधायक समस्त अभिभावकों का अभिवादन करते हुए बताया कि दो दिवसीय ग्रीष्मावकाश प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए विद्यालय परिवार संकल्पित है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बच्चों द्वारा स्वागत गीत से, सभी अभिभावकों का स्वागत किया गया। बच्चे अपने-अपने ग्रीष्मावकाश प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में प्रतिभागी बने और प्रस्तोता का कार्यभार कु. किरण पाण्डेय व कु. काशिफा मशूद नें संभाला। वातावरण को संगीतमय करने का श्रेय रवि गौड़ व धनुषधारी चतुर्वेदी को प्राप्त हुआ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते गुरुवार की देर रात लगभग 10:00 बजे के आसपास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मृतक अनिल गुप्ता पुत्र स्व0 गया प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम गजियापुर थाना बछरावां गुरुवार की देर रात थाना क्षेत्र के बबुरिहा खेड़ा बाजार से सब्जी बेचकर अपने घर वापस जा रहा था, जैसे ही वह बिशनपुर गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दीस टक्कर इतनी तेज थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गयास सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयास जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दियास विदित हो कि मृतक अनिल गुप्ता की चार संताने हैं जिनमें तीन लड़की और एक लड़का है व मृतक अनिल गुप्ता सब्जी बेचकर किसी तरह अपने परिवार का गुजारा करता था।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जैन मंदिर में हुआ भव्य स्वागत



**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या दिगंबर जैन मंदिर रायगंज पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हुआ भव्य स्वागत दो दिवसीय प्रवास पर अयोध्या रहेंगे पूर्व राष्ट्रपति हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन मां सरयू की आरती श्री रामलला के साथ ऋषभ देव भगवान का दर्शन पूजन करेंगे और 18 में को दिन में 9.30 जैन साध्वी ज्ञानमती माताजी से आध्यात्मिक चर्चा। वंदे भारत ट्रेन से पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उनके परिवार के साथ 80 लोगों का डेलिगेशन धार्मिक यात्रा के लिए अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचा वहां पर उनका स्वागत हुआ और वह जैन मंदिर पहुंचे लगभग 2 घंटे आराम करने के बाद पूरे परिवार के साथ मां सरयू के तट पर पहुंचे जहां दर्शन पूजन के साथ अभिषेक किया आरती उतारी और हनुमान जी के दरबार पहुंचकर हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन किया।

दर्शन पूजन के उपरांत श्री कोविंद जैन मंदिर में ही रात्रि विश्राम करेंगे सुबह 5.30 बजे श्री राम लाल का दर्शन पूजन करेंगे मंदिर का निरीक्षण करेंगे मंदिर परिसर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट उनका स्वागत सम्मान करेगा।

# अमेठी मेरी और मैं अमेठी काः राहुल गांधी

**नीरज सिंह।** अमेठी



**अमेठी** से मेरा पारिवारिक रिश्ता है और वह रहेगा, अमेठी मेरी है और मैं अमेठी का। भाजपा ने अमेठी का बहुत ही नुकसान किया है, इसकी छवि को धूमिल किया है। उक्त उद्गार अमेठी के नंद महल में नंद बाबा धाम के मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कही राहुल गांधी एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से इस चुने जनसभा को संबोधित किया।

अमेठी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतीक हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 2024 का चुनाव अलग तरह का है।

यह चुनाव देश बचाने का है संविधान बढ़ाने का है। भाजपा संविधान को नष्ट करना चाहती है द्ध प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण खत्म कर आपके सारे ताकत को खत्म करना चाहते हैं। संविधान के बिना 22 लोगों के पास यह ताकत बचेगी। प्रधानमंत्री 22 उद्योगपति मित्रों को 16 लाख करोड़ दिए, जबकि इस धन राशि से 24 वर्ष तक मनरेगा का कार्य हो सकता है। लेकिन उसे माफ कर दिया।

राहुल गांधी अपने घोषणा पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि 4 जून के बाद परिवार के महिला के खाते में एक लाख रुपए ,बेरोजगार युवकों को नौकरी का अधिकार देते हुए 01 वर्ष तक 8600 प्रति महीने के अनुसार 1 वर्ष तक अप्रेंटिस कराया जाएगा और पक्की नौकरी की गारंटी दी जाएगी द्ध आंगनबाड़ी का मानदेय दुगने किए जाएंगे। सत्ता में आते ही अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाला जाएगा। अमेठी में विकास की चर्चा करते हुए श्री गांधी ने कहा कि अमेठी में मैंने बहुत सारे विकास के कार्य किए हैं द्ध एचएएल, बीएचईएल, सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर, पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट बनवाया। उन्होंने कहा कि किशोरी लाल शर्मा 40 वर्ष तक अमेठी और रायबरेली में कार्य किया है। अपना खून पसीना बहाया है। रायबरेली और अमेठी का विकास समान रूप से किया जाएगा, राहुल गांधी आपके हैं और हमेशा रहेंगे।

# हेमंत का चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर ईडी से जवाब मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि उन्हें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने से पहले प्रथम दृष्टया स्वयं को संतुष्ट करने की जरूरत है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सोरेन को अंतरिम जमानत देने के सवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 20 मई तक अपना जवाब दाखिल करने और मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर संक्षिप्त जवाब देने को कहा।पीठ ने मामले को 21 मई को अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करते हुए कह कि अंतरिम जमानत देने से पहले, हमें खुद को संतुष्ट करने की जरूरत है। ईडी को अंतरिम जमानत के सवाल पर अपना जवाब दाखिल करने दीजिए। हम मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई करेंगे। यह सबसे कम समय है, जो हम दे सकते हैं। सोरेन की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि यदि अंतरिम जमानत दी गई, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। सिब्बल ने कहा,"मामले में मेरे (सोरेन) खिलाफ कोई सामग्री नहीं है। यदि अंतरिम जमानत नहीं दी गई तो चुनाव खत्म हो जाएंगे।

मामले में सोरेन की ओर से पेश सिब्बल और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी ने कहा कि झामुमो नेता सोरेन के पास मामले से संबंधित जमीन का कब्जा नहीं है और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है।मामले में ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि सोरेन को बहुत पहले गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने अपनी नियमित जमानत याचिका खारिज होने को चुनौती भी नहीं दी है।राजू ने जांच एजेंसी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा और दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन सीधे तौर पर मामले में लिप्त हैं।सिब्बल ने कहा, उन्हें (राजू को) सभी दस्तावेज दाखिल करने दीजिए, मैं पांच मिनट में दिखा सकता हूं कि याचिकाकर्ता का उक्त जमीन से कोई लेना-देना नहीं है। न्यायमूर्ति खन्ना ने सिब्बल से कहा कि कुछ ऐसी सामग्री हैं जिन पर जांच एजेंसी भरोसा कर रही है - कि एक व्यक्ति संबंधित भूमि पर रह रहा है, भूमि पर एक चारदीवारी का निर्माण किया गया है और ईडी ने इसकी तस्वीरें संलग्न की हैं, फाइल नोटिंग की तस्वीरें हैं और भूमि पर रहने वाले उक्त व्यक्ति के बयान हैं।

पीठ ने सिब्बल से पूछा, एक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य है जिस पर जांच एजेंसी भरोसा कर रही है कि मामले में जांच शुरू होने के बाद, एक अन्य व्यक्ति गया और उसने जमीन का मूल मालिक होने का दावा किया। इन सामग्री पर आपका क्या कहना है?वरिष्ठ वकील ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति ने कहा है कि जमीन मंत्रीजी की है, इसका मतलब यह नहीं है कि सोरेन जमीन के मालिक हैं। सिब्बल ने कहा,मैं अपनी लिखित दलील दाखिल करूंगा और इन सामग्री का खंडन करूंगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की शेष 10 लोकसभा सीट के लिए मतदान अगले तीन चरणों में 20 मई, 25 मई और एक जून को होने वाला है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अदालत हर चीज पर विचार करेगी और संभवत: न्यायमूर्ति दत्ता वाली एक पीठ अगले सप्ताह गर्मी की छुट्टियों के दौरान बैठेगी और मामले पर सुनवाई करेगी। सोरेन ने झारखंड उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती दी है, जिसने ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध भी किया है, जब तक कि अदालत उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला नहीं सुना देती।

सोरेन ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े धनशोधन मामले में शीर्ष अदालत के आदेश का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया था। वकील प्रज्ञा बघेल के माध्यम से दायर अपनी अपील में झामुमो नेता ने कहा कि उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज करके गलती की है। सोरेन फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत रांची की बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में बंद हैं।ईडी ने आरोप लगाया है कि सोरेन द्वारा करोड़ों रुपए मूल्य के भूखंड हासिल करने के लिए जाली या फर्जी दस्तावेजों की आड़ में डमी विक्रेता और खरीदार दिखाकर आधिकारिक रिकॉर्ड में हेरफेर के माध्यम से"भारी मात्रा में अपराध की आये अर्जित की।सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से संबंधित है, जिसे ईडी के अनुसार, उनके द्वारा अवैध रूप से हासिल किया गया था।तेरह मई को झारखंड की चार लोकसभा सीट- खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू में मतदान हुआ था।

# टीएमसी नेताओं के आवास पर छापेमारी

## चुनाव बाद हिंसा मामले में सीबीआई को छह आरोपियों की तलाश

**कोलकाता।** सीबीआई ने 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में शुक्रवार को राज्य में कई स्थानों पर छापे मारे। सीबीआई को मामले में तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं सहित छह फरार आरोपियों की तलाश है। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी के तलाश अभियान का लक्ष्य उन छह आरोपियों का पता लगाना है जिनके खिलाफ एक विशेष अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है।

अदालत ने बुद्धदेब मैती, प्रदीप मंडल, देबब्रत पांडा, तापस बेज, अर्जुन कुमार मैती और बिक्रमजीत दास के खिलाफ वारंट जारी किया है।एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की टीम ने 2021 में चुनाव बाद हुई हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या की जांच के सिलसिले में पूर्वी मेदिनीपुर जिले के काथी में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के आवासों पर तलाशी ली।

सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम ने मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार तड़के काथी ब्लॉक नंबर तीन में तृणमूल नेता देबब्रत पांडा और एक ब्लॉक प्रमुख नंददुलाल मैती के आवास पर छापा मारा। जन्मेजय दोलुई की हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में पांडा, नंददुलाल के बेटे और 52 अन्य को नामजद किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता दोलुई की 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में हत्या कर दी गई थी। सीबीआई के अधिकारी ने कहा कि 30 लोगों को हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था लेकिन उनमें से कोई नहीं आया। उन्होंने कहा, हम इन लोगों के ठिकानों पर छापे मार रहे हैं। उनसे पूछताछ किए जाने की जरूरत है।

# शिक्षकों के नियमितीकरण पर सरकार विचार करे : हाईकोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह उप्र के विभिन्न प्रबंधकीय कॉलेजों में 1993 से 1996 के बीच नियुक्त दर्जनों शिक्षकों के नियमितीकरण पर विचार करे। न्यायमूर्ति प्रकाश सिंह की पीठ ने क्षेत्रीय स्तर की समितियों (आरएलसी) द्वारा पारित आदेशों को रद्द करने के बाद यह फैसला सुनाया, जिन्होंने इन शिक्षकों की सेवाओं को नियमित करने से इनकार कर दिया था। तीर्थराज सहित दर्जनों शिक्षकों ने क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता वाली आरएलसी के आदेशों को अदालत में चुनौती दी थी। सामग्री पर विचार करने के बाद, पीठ ने आरएलसी के आदेशों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हें सरसरी तौर पर पारित किया गया है। याचिकाकर्ता दो दशकों से अधिक समय से काम कर रहे हैं, राज्य को उन्हें सुनवाई का पूरा अवसर देने के बाद कानून के अनुसार उनके नियमितीकरण पर विचार करने के लिए एक कल्याणकारी राज्य के रूप में कार्य करना चाहिए।

# कोर्ट ने मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी करने संबंधी याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की उस याचिका पर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा, जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्एक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्रवार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ इस मुद्दे पर गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर सुनवाई के लिए शाम साढ़े छह बजे बैठी।सीजेआई ने कहा कि निर्वाचन आयोग को याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ उचित समय दिया जाना चाहिए और इसे सात चरण के लोकसभा चुनाव के छठे चरण से एक दिन पहले 24 मई को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान एक उचित पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।इससे पहले दिन में, वकील प्रशांत भूषण ने एनजीओ की ओर से मामले का उल्लेख किया और याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।पिछले हफ्ते एनजीओ ने अपनी 2019 की जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया, जिसमें उसने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने की अपील की कि सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-प्रथम (रिकॉर्ड किए गए मत) की स्कैन की गई पढ़ने योग्य प्रतियां मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।

# मणिपुर से बाहर जा रहे सिविल सेवा के प्रत्येक अभ्यर्थी को 3,000 रु प्रतिदिन दे राज्य सरकार: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर सरकार को हिंसा ग्रस्त पर्वतीय जिलों के सिविल सेवा अभ्यर्थियों को 26 मई को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य के बाहर की यात्रा करने के वास्ते प्रतिदिन 3,000 रुपए अदा करने का निर्देश दिया है।

शाम छह बजकर 50 मिनट पर एक विशेष सुनवाई में, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के पर्वतीय जिलों के उन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की शिकायतों पर गौर किया, जिन्होंने सुरक्षा चिंताओं को लेकर मणिपुर के बाहर के परीक्षा केंद्रों का विकल्प चुना है। न्यायालय ने कहा, जो लोग वर्तमान में पर्वतीय जिलों में रह रहे हैं और यूपीएससी परीक्षा के लिए आवेदन किया है, उनमें से प्रत्एक अभ्यर्थी को प्रति दिन 3,000 रुपए का भुगतान किया जाए ताकि वे परीक्षा में शामिल



होने के लिए राज्य के बाहर की यात्रा कर सकें। पीठ ने कहा, इस लाभ को प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी इस आदेश में उल्लेख किए गए ईमेल पते पर वहां के नोडल अधिकारी को सूचित करे, जहां वे वर्तमान में रह रहे हैं। शीर्ष अदालत 140 छात्रों की ओर से मणिपुर के बाहर परीक्षा केंद्र देने की मांग से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही है। कार्यवाही के दौरान, न्यायालय को यह बताया गया कि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को उनमें से प्रत्एक अभ्यर्थी को 1,500 रुपए देने के लिए कहा था, जिन्होंने मणिपुर के बाहर परीक्षा केंद्र का विकल्प चुना है।

प्रधान न्यायाधीश ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा, परिवहन की व्यवस्था करना व्यावहारिक नहीं था, ऐसे में भत्ता 1,प्रधान न्यायाधीश ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा, परिवहन की व्यवस्था करना व्यावहारिक नहीं था, ऐसे में भत्ता 1,500 रुपए से बढ़ा दिया गया है। हमारा विचार है कि उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित राशि को बढ़ाकर 3,000 रुपए कर दिया जाए।

मणिपुर में, मई 2023 में हिंसा भड़कने के बाद से राज्य में 160 से अधिक लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं। यह हिंसा राज्य में तीन मई को भड़की थी, जब अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की बहुसंख्यक मेइती समुदाय की मांग के विरोध में आदिवासी एकजुटता मार्च निकाला गया था।

# ईडी ने एम्स में लावा के एमडी बनकर जांच कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लावा इंटरनेशनल मोबाइल कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) बनकर एम्स में इकोकार्डियोग्राम जांच कराने के आरोप में शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि नवल किशोर राम को तब पकड़ा गया जब वह मोबाइल फोन कंपनी लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के एमडी हरिओम राय के नाम पर एम्स की ईसीएचओ प्रयोगशाला में अपनी इकोकार्डियोग्राम जांच करा रहा था। इकोकार्डियोग्राम हृदय की एक अल्ट्रासाउंड छवि है। इससे डॉक्टरों को हृदय संबंधी कई समस्याओं का निदान करने में मदद मिल सकती है।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राम के साथ-साथ राय, उनके बेटे प्रणय राय और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को पुलिस में मामला दर्ज किया था।राय को ईडी ने पिछले साल अक्टूबर में वीवो-इंडिया के खिलाफ मामले में धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था। उन्हें फरवरी में चिकित्सा आधार पर दिल्ली उच्च न्यायालय से तीन महीने की जमानत मिली थी।राय ने हाल में इस आधार पर अपनी चिकित्सा जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष एक आवेदन दायर किया था कि वह हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं।इसके बाद अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनकी हृदय संबंधी स्वास्थ्य जांच का आदेश दिया और निर्देश दिया कि रिपोर्ट बृहस्पतिवार को उसके समक्ष रखी जाए। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ईडी अधिकारियों की एक टीम राय की मेडिकल जांच की निगरानी के लिए बृहस्पतिवार को एम्स पहुंची थी। वह हालांकि अपराह्न एक बजे तक उपस्थित नहीं हुए, जबकि इस अवधि के दौरान उन्हें तीन ईमेल भेजे गए थे। उनके बेटे ने एम्स में इंतजार कर रहे ईडी अधिकारियों को बताया कि राय अस्वस्थ हैं और जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचेंगे।

# जम्मू-कश्मीर: एसीबी ने भूमि घोटाले में दो राजस्व अधिकारियों सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने भूमि के अवैध हस्तांतरण के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दो राजस्व अधिकारियों सहित चार लोगों के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया।एसीबी अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के पूर्व तहसीलदार बलवंत सिंह, रेहतल के पूर्व पटवारी मोहम्मद रफीक के साथ-साथ लाभार्थी कंवल सिंह और मसूद अनवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एक लिखित शिकायत के बाद एसीबी ने मामले में जांच शुरू की। शिकायत में आरोप लगाया कि बलवंत सिंह ने कंवल सिंह के साथ मिलकर 2010 में लाभार्थियों को अवैध रूप से एक संपत्ति का एकमात्र किराएदार घोषित करने की साजिश रची। यह जमीन दिवंगत जमींदार बृज लाल के नाम पर थी, जिसे लाभार्थियों को हस्तांतरित कर दिया गया जबकि जमीन के मालिक के कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम दस्तावेज में शामिल नहीं किया गया। सत्यापन प्रक्रिया में यह खुलासा हुआ कि सिंह और रफीक ने आधिकारिक रिकॉर्ड में अनधिकृत प्रविष्टियां कर लाभार्थियों को अवैध रूप से भूमि हस्तांतरित की।एसीबी ने कहा कि आपराधिक साजिश और आधिकारिक पदों के दुरुपयोग से प्रेरित इन कार्यों ने व्यक्तिगत वित्तीय लाभ के लिए लाभार्थियों को अनुचित लाभ प्रदान किया। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भाजपा कार्यकर्ता की मौत की जांच एसआईटी करेगी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के समर्थकों के साथ गंजाम जिले में हुई झड़प में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत की जांच के लिए शुक्रवार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। अधिकारियों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) आर के शर्मा के नेतृत्व वाली एसआईटी 30 दिन के भीतर आरोपपत्र दाखिल करेगी। पुलिस के अनुसार, भाजपा के कार्यकर्ता की मौत के सिलसिले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नए आपराधिक कानून के तहत वैवाहिक बलात्कार को अपवाद माने जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र को नोटिस जारी किया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वुमन एसोसिएशन (एआईडीडब्ल्यूए) की याचिका पर नोटिस जारी किया और कहा कि इसे वैवाहिक बलात्कार को अपराध बनाने की मांग करने वाली अन्य याचिकाओं के साथ जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा, "यह एक संवैधानिक मुद्दा है। नए कानून के बाद भी यह ज्वलंत रहेगा। शीर्ष अदालत ने 16 जनवरी, 2023 को भारतीय दंड संहिता के उस प्रावधान के खिलाफ कुछ याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था, जो पत्नी के वयस्क होने पर जबरन यौन संबंध के लिए अभियोजन से पति को सुरक्षा प्रदान करता है। भारतीय दंड संहिता की धारा 375 में दिए गए अपवाद के तहत, यदि पत्नी नाबालिग नहीं है तो पति द्वारा उसके साथ संभोग या यौन क्रिया किया जाना बलात्कार नहीं माना जाएगा।

# भाजपा ने लद्दाख के 70 वर्षों के सपने को पूरा किया

**भाषा।** कारगिल

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के लद्दाख चुनाव प्रभारी विक्रम रंधावा ने कहा है कि भाजपा सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनने के इसके 70 वर्ष के सपने को पूरा किया और लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के लोग पार्टी को लगातार तीसरी बार जीत दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित क्षेत्र में सड़कें वहां तक पहुंच गई हैं, जहां तक किसी ने सोचा भी नहीं था और लगभग हर घर में पानी पहुंच रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र के लोगों के जीवन में आया यह बड़ा बदलाव वोट में तब्दील होगा। रंधावा ने पीटीआई-भाषा से कहा, लद्दाख की जनता देश के साथ है।

लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में देखना लोगों का सपना था, जिसे (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी ने 2019 में पूरा किया। निश्चित तौर पर हम इस मुद्दे के साथ जनता के बीच जा रहे हैं। आम चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को लद्दाख में मतदान होना है। केंद्र द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त कर पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। रंधावा ने कहा, अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पांच वर्षों में विकास के लिहाज से लद्दाख में भारी बदलाव हुआ है। यहां के लोग खुद कहते हैं कि सड़कें वहां तक पहुंच गईं, जहां तक सोचा भी नहीं था और जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पानी पहुंच रहा है।

# पेज 1 का शेष

## मालीवाल ने...

मिलेंगे और अचानक सीएम के पीएस बिभव कुमार कमरे में घुस आये।एफआईआर में उन्होंने दावा किया कि उन्होंने बिना किसी उकसावे के चिल्लाना शुरू कर दिया और यहां तक ????कि मौखिक दुर्व्यवहार का भी सहारा लिया। मैं इस अचानक आक्रोश से स्तब्ध रह गई और प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उनसे कहा कि वह मुझसे इस तरह से बात करना बंद करें और सीएम को फोन करें। उन्होंने कहा, तुम्हारी हमारी बात न मानने की हिम्मत कैसे हुई? तुम हमारी बात कैसे नहीं मान सकती? तुम्हारी हैसियत इतनी कम है कि तुम हमें मना नहीं कर सकती। तुम एक नीच महिला हो, हम तुम्हें सबक सिखाएंगे।

मालीवाल ने कहा कि ये शब्द कहते-कहते वो मेरे ठीक सामने आकर खड़े हो गये। मेरी ओर से बिना किसी उकसावे के उन्होंने मुझे मारना शुरू कर दिया। मालीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा, उसने मुझे कम से कम 7-8 बार थप्पड़ मारे जबकि मैं मदद के लिए चिल्लाती रही। मुझे बिल्कुल सदमा लगा और मैं सहायता के लिए चिल्लाती रही। खुद को बचाने की कोशिश में मैंने उन्हें अपने पैरों से दूर धकेल दिया। उसी समय उन्होंने मुझ पर हमला किया, जानबूझकर मेरी शर्ट ऊपर खींची, जिससे बटन खुल गए। उन्होंने एफआईआर में दावा किया, मैं गिर गई और मेरा सिर सेंटर टेबल पर लगा। मैं मदद के लिए चिल्लाती रही क्योंकि वह नहीं रुके और अपने पैरों से मेरी छाती, पेट और पेल्विक क्षेत्र पर लात मारने लगे। उन्होंने कहा, मुझे बहुत दर्द हो रहा था और मैंने उनसे रुकने की विनती की। मेरी मिन्नतों के बावजूद उसने मुझ पर हमला करना जारी रखा। मेरी शर्ट खींच ली गई और हमला जारी रहा। आखिरकार, मुझे सीएम आवास के बाहर ले जाया गया, जहां तेज दर्द के कारण मैं कुछ देर के लिए फर्श पर बैठी रही। पीसीआर पुलिस पहुंची, लेकिन मैं सदमे में थी और सिविल लाइंस में अपने पिछले आवास की ओर चल पड़ी। मैं रो रही थी और अपने पहले वाले आवास तक पहुंचने में कामयाब रही। मैं कुछ देर तक वहीं जमीन पर बैठी रही, जब तक कि सीएम आवास से मेरे साथ आए कुछ कर्मियों ने मेरे लिए ऑटो नहीं बुलाया। मैं उसमें बैठ गई और अपने घर की ओर चल पड़ी, क्योंकि मैं भयानक दर्द में थी, सदमे में थी और टूट गई थी, मालीवाल ने आगे कहा, किसी तरह, मैंने मामले की रिपोर्ट करने के लिए पीएस सिविल लाइंस तक पहुंचने की ताकत जुटाई।

## ईडी ने ...

चुकी है। पिछले सप्ताह इसी तरह का आरोप पत्र ईडी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के.कविता एवं अन्य चार अन्य के खिलाफ दाखिल किया था। ईडी ने इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री को आबकारी नीति घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता करार दिया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों के साथ साठगांठ कर इसे अंजाम दिया। अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस.वी.राजू ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था, हमारे पास प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि केजरीवाल एक सात सितारा होटल में रुके थे, जिसके बिल का आंशिक भुगतान मामले के एक आरोपी ने किया था।

## कांग्रेस आई तो ...

कहा कि यूपी में जो %सफाई अभियान% योगी जी ने चलाया है, उसके कारण यहां निवेश का माहौल बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने रातों-रात कर्नाटक में ठप्पा मारकर मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण दे दिया है। पीएम ने कहा कि मोदी कभी हिन्दू-मुसलमान नहीं करता, बल्कि इंडी गठबंधन के पापों को इतिहास बताता है। प्रधानमंत्री ने यहां अवधी में अपने भाषण की शुरुआत की और कहा कि 'हम आपके कर्जा मा डूब गयन' और इस कर्ज को और ज्यादा मेहनत करके चुकाउंगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि मोदी हैट्रिक लगाने जा रहा है। पीएम ने इंडी गठबंधन को ऊटपटांग खिचड़ी बताते हुए कहा कि ये लोग ताश के पत्तों की तरह बिखरना शुरू हो गये हैं। मोदी ने कहा कि समाजवादी शहजादे की नई बुआ बंगाल में बनी हैं, जो अब कह रही हैं वो इंडी गठबंधन को बाहर से समर्थन देंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज आपके सामने एक तरफ देशहित के लिए समर्पित बीजेपी एनडीए का गठबंधन है। दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन मैदान में है। इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, मगर दिल के सारे अरमां बह गये। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऊटपटांग खिचड़ी को आप लोग वोट देकर अपना वोट बर्बाद न करें। भाजपा का सांसद होगा तो दिल्ली और लखनऊ से योजनाएं लेकर आएगा। अगर इंडी गठबंधन का सांसद होगा तो उसका मापदंड होगा कि उसने मोदी को कितनी गाली दी। 5 साल मोदी को गाली नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाला सांसद चाहिए। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है ओनली कमल।

## रायबरेली में...

सदस्य मौजूद थे। उन्होंने 20 साल तक सांसद के रूप में सेवा करने का मौका देने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। इसलिए, भाइयों और बहनों, मैं आपको अपना बेटा दे रही हूं। आप इसे अपना समझें।उन्होंने कहा, मैंने राहुल और प्रियंका को वही सबक सिखाया जो इंदिरा गांधी और रायबरेली के लोगों ने मुझे सिखाया था। सभी का सम्मान करना, कमजोरों की रक्षा करना, लोगों के अधिकारों के लिए अन्याय के खिलाफ लड़ना। डरो मत, क्योंकि आपकी जड़ें संघर्ष और परंपराएँ बहुत गहरी हैं। सोनिया गांधी ने कहा, न केवल जीवन की कोमल यादें, बल्कि मेरे परिवार की जड़ें भी पिछले 100 वर्षों से इस मिट्टी से जुड़ी हुई हैं...मां गंगा जैसा पवित्र ये रिश्ता अवध और रायबरेली के किसानों के साथ है। इसकी शुरुआत एक आंदोलन से हुई और यह आज तक जारी है।अपनी सास और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी, जो कि रायबरेली से सांसद थीं, के बारे में बात करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक विशेष स्थान था। काम करते हुए मैंने उन्हें करीब से देखा। आपसे बहुत स्नेह था।सोनिया गांधी पहली बार 2004 में रायबरेली से सांसद चुनी गईं और उन्होंने इस साल की शुरुआत तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया, जब उन्होंने राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर इसे खाली कर दिया। रैली में मंच पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कांग्रेस और सपा के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। अपनी मां के सामने बोलते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि देश भर के युवाओं ने अपना मन बना लिया है कि वे नरेंद्र मोदी को नहीं चाहते और कहा कि 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। राहुल गांधी ने कहा, 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। वह सरकार जनता की होगी।राहुल गांधी ने भारतीय संविधान की प्रति उठाते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी और आरएसएस के लोग इसे फाड़ना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा, मैं बीजेपी और आरएसएस के लोगों से कहना चाहता हूं कि वे सपने न देखें क्योंकि कोई भी इस किताब का अंत नहीं कर सकता।उन्होंने कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को दोहराया और महिलाओं और युवाओं के लिए वादा की गई योजनाओं को सूचीबद्ध किया।राहुल गांधी ने कहा, हमने गरीबों को मुफ्त राशन देने के लिए कानून बनाया। अभी आपको 5 किलो राशन मिल रहा है लेकिन सत्ता में आने पर हम 10 किलो मुफ्त राशन देंगे।

## रामजन्म भूमि...

लोग भगवान राम के अभिषेक के बाद अयोध्या के परिवर्तन की पुष्टि करते हैं। शहर अब ट्रैफिक जाम और देश भर से तीर्थयात्रियों की भीड़ से व्यस्त है। कभी शांत रहने वाली अयोध्या को फैजाबाद से जोड़ने वाली 13 किमी लंबी सड़क, जिसका नाम अब राम पथ रखा गया है, शहर का व्यस्त केंद्र बन गया है, जो दिल्ली के कनॉट प्लेस की याद दिलाती है। स्थानीय निवासी बी.पी. सिंह ने कहा, यह राम पथ शहर की जीवन रेखा बन गया है, जिसमें प्रमुख भोजनालय, बड़ी व्यापारिक दुकानें और व्यापारिक केंद्र उभर रहे हैं। अनोखी स्मारिका दुकानें राम मंदिर मॉडल, भगवा झंडे और अन्य हिंदू यादगार वस्तुओं से सजी आधुनिक प्रतिष्ठानों में बदल गई हैं। भगवा राजनीति की प्रमुखता के बावजूद फैजाबाद लोकसभा सीट पर जाति की गतिशीलता महत्वपूर्ण बनी हुई है, जहां पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 5 मई को एक रोड शो के साथ इस निर्वाचन क्षेत्र पर भाजपा के फोकस को रेखांकित किया, जिसमें लल्लू सिंह की लगातार तीसरी बार समर्थन किया गया।निर्वाचन क्षेत्र की आबादी में 26 फीसदी दलित हैं, जो मुख्य रूप से रावत, हरिजन और कोरी समुदायों से हैं। अनुभवी राजनेता और पार्टी के दलित चेहरे सपा उम्मीदवार अवधेश प्रसाद यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक प्रसाद का 1977 में अपनी पहली विधानसभा जीत के बाद से एक लंबा राजनीतिक करियर रहा है। 2017 का विधानसभा चुनाव हारने के बाद प्रसाद ने 2022 में मिल्कीपुर सीट फिर से हासिल कर ली। इस बीच, पूर्व भाजपा नेता सच्चिदानंद पांडे बसपा के हैं उम्मीदवार, ब्राह्मण हितों का प्रतिनिधित्व करता है। स्थानीय पत्रकार वी एन दास ने कहा, यह मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है क्योंकि जाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उच्च जातियां मुख्य रूप से भाजपा का समर्थन करती हैं, जबकि दलित और मुस्लिम इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार का समर्थन कर सकते हैं।दिग्गज भाजपा नेता लल्लू सिंह अपनी सीट सुरक्षित करने के लिए एकीकृत हिंदू वोट पर भरोसा कर रहे हैं। कमला कांत के नेतृत्व में सिंह का अभियान राम पथ पर पार्टी के कार्यालय से चल रहा है। अपने मजबूत स्थानीय संबंधों और सामुदायिक कार्यक्रमों में उपस्थिति के बावजूद सिंह अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं।फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र की जाति संरचना में 26 फीसदी दलित (रावत, हरिजन, कोरी), 14 फीसदी मुस्लिम, 12फीसदी कुर्मी, 12फीसदी यादव, 12फीसदी ब्राह्मण, 6 फीसदी राजपूत, 4फीसदी वैश्य, 5 फीसदी केवट/मल्लाह/निषाद तथा 12 फीसदी अन्य ओबीसी शामिल हैं। यह विविध जनसांख्यिकीय आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जैसे-जैसे अयोध्या का विकास जारी है धार्मिक महत्व और चुनावी राजनीति का प्रतिच्छेदन फैजाबाद लोकसभा सीट को 2024 के चुनावों में केंद्र बिंदु बनाता है।

## बाकी चरणों में...

में एक ही स्थान पर होते हैं तो पृथ्वी के एक बड़े हिस्से में भीषण गर्मी होती है। इन चार ग्रहों की युति को समसप्तक योग कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष नौतपा के दौरान सूर्य, मंगल, बुध और शनि की युति देखी जाती है। ऐसा माना जाता है कि नौतपा के दौरान होने वाली बारिश मानसून में कम बारिश का संकेत देती है। बिना बारिश वाले नौतपा का मतलब है मानसून के दौरान पर्याप्त बारिश। वाजपेयी ने कहा, 25 मई को दोपहर 3.17 बजे सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही नौतपा शुरू हो जाएगा। कृष्ण पक्ष की द्वितीया को सूर्य कृतिका से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा और 8 जून तक इसी नक्षत्र में रहेगा। इस अवधि के पहले 9 दिनों को नौतपा कहा जाता है। इस समय सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ेंगी लेकिन इस बार शुक्र और बृहस्पति तारे के अस्त होने के कारण उनका प्रभाव कम होगा।उन्होंने बताया कि देश के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी और कुछ जगहों पर तेज हवा और तूफान के साथ बारिश होने की संभावना है। वराहमिहिर के बृहत्संहिता पाठ में उल्लेख है कि ग्रहों के अस्त होने के कारण मौसम बदलता है। विज्ञान के अनुसार नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर आती हैं। जिसके कारण पृथ्वी का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाता है। अधिक गर्मी के कारण मैदानी इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनता है जो समुद्री लहरों को आकर्षित करता है, जिससे अच्छी बारिश होती है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नौतपा के दौरान सूर्य देव की पूजा करने की परंपरा है। माना जाता है कि नौतपा के नौ दिनों में सूर्य अपने प्रचंड रूप में होता है जिससे तापमान और भी अधिक बढ़ जाता है। मान्यताओं के अनुसार, नौतपा के समय में सूर्य देव की पूजा करना उचित होता है।

माना जाता है कि इस समय सूर्य देव की पूजा करने से परिवारों को बढ़ते तापमान से बचाया जा सकता है। कुछ अनुष्ठान भक्तों के जीवन में सुख और समृद्धि भी बढ़ाते हैं। नौतपा के समय में पानी, दही, दूध, नारियल पानी और अन्य ठंडे तापमान वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। इन वस्तुओं का सेवन करने के साथ-साथ भक्तों को इन्हें दान करने की भी पहल करनी चाहिए।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि नौतपा के सभी दिनों में सूर्य पूरी तरह तपता है तो यह अच्छी बारिश का संकेत माना जाता है।

# अब आतंकवाद उन्हें ही निगल रहा है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं : जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्वी लद्दाख में** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और सीमापार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में मुद्रा की ताकत पर भी बात की। उन्होंने यह भी कहा कि कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर प्रतिबंधों की धमकी का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा रहा है। जयशंकर का यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ ही दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह पर समझौता होने के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। जयशंकर ने यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के मद्देनजर साजो-सामान संबंधी व्यवधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सीआईआई की वार्षिक आम बैठक में कहा, दुनिया तीन एफ यानी फ्यूल, फूड, फर्टीलाइजर (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है। समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। जयशंकर ने कहा, आतंकवाद और अतिवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं। कई मायनों में, हम वास्तव में एक तूफान से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए महत्वपूर्ण है कि वह खुद पर इसका कम से कम प्रभाव पड़ने दे और जहां तक संभव हो सके, दुनिया को स्थिर करने में योगदान दे। भारत प्रथम और वसुधैव कुटुंबकम का विवेकपूर्ण संयोजन हमारी छवि को विश्व बंधु के रूप में परिभाषित करता है। परोक्ष तौर पर चीन के संदर्भ में जयशंकर ने आर्थिक गतिविधियों को हथियार बनाए जाने और राजनीतिक दबाव डालने के लिए कच्चे माल तक पहुंच या यहां तक कि पर्यटन की स्थिरता का उपयोग राजनीतिक दबाव डालने के लिए किए जाने पर भी चिंता व्यक्त की।उन्होंने कहा,हमारी चिंताओं का एक अलग आयाम अत्यधिक बाजार हिस्सेदारी, वित्तीय प्रभुत्व और प्रौद्योगिकी ट्रैकिंग के संयोजन से उत्पन्न हुआ है। उनके बीच, उन्होंने वास्तव में किसी भी प्रकार की आर्थिक गतिविधि को हथियार बनने दिया है। हमने देखा है कि कैसे निर्यात और आयात, कच्चे माल तक पहुंच या यहां तक कि पर्यटन की स्थिरता का उपयोग राजनीतिक दबाव डालने के लिए किया गया है।

# संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी

**● भूमि से संबंधित मामले में उच्चतम न्यायालय ने की अहम टिप्पणी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भूमि से संबंधित एक मामले में अपने अप्रैल 2022 के फैसले को वापस लेते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा, जो विशेष रूप से हरियाणा के एक गांव के निवासी के लिए थी। 7 अप्रैल, 2022 के अपने आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गईं हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं। न्यायालय ने कहा था, यहां इस बात पर गौर करना जरूरी है कि मालिकों की अनुमेय सीमा से आनुपातिक कटौती लागू करके मालिक से ली गई भूमि के मामले में, प्रबंधन और नियंत्रण केवल पंचायत में निहित है लेकिन प्रबंधन और नियंत्रण का ऐसा अधिकार अपरिवर्तनीय है और भूमि पुनर्वितरण के लिए मालिकों को वापस नहीं की जाएगी क्योंकि जिन सामान्य उद्देश्यों के लिए भूमि ली गई है उनमें न केवल वर्तमान आवश्यकताएं बल्कि भविष्य की आवश्यकताएं भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के फैसले के खिलाफ अपीलों के एक समूह पर फैसला सुनाया था, जिसने हरियाणा ग्राम सामान्य भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 की धारा 2 (जी) की उप-धारा 6 की वैधता की जांच की थी। उच्चतम न्यायालय ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की अपील करने वाली याचिका पर अपना यह फैसला सुनाया। बृहस्पतिवार को दिए गए एक फैसले में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जब उच्च न्यायालय का फैसला 1966 में शीर्ष अदालत की संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून पर आधारित था, तो समीक्षाधीन निर्णय में अदालत से कम से कम यह समझाने की उम्मीद की गई जाती है कि 1966 के फैसले पर भरोसा करने में उच्च न्यायालय गलत क्यों था। पीठ ने कहा यह बताने के लिए किसी कानून की आवश्यकता नहीं है कि संविधान पीठ का निर्णय कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा।

## मुंबई : सफाईकर्मी ने 150 ग्राम सोना सौंपा, सम्मानित किया गया

**मुंबई।** मुंबई में एक सड़क की सफाई करते वक्त एक सफाईकर्मी को 150 ग्राम से ज्यादा सोना मिला, जिसे उसने पुलिस को सौप दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी के मुताबिक, सफाईकर्मी के इस कृत्य के लिए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने शुक्रवार को उसे सम्मानित किया।बीएमसी के ग्रुप डी सफाई कर्मचारी सुनील कुंभार को 12 मई को कैनेडी पुल के निकट महर्षि कर्वे मार्ग पर सफाई करते समय 150 ग्राम सोना मिला था। कुंभार ने सोना सबसे पहले अपने सुपरवाइजर मुकरम बलराम जाधव को दिया और फिर दोनों डीबी मार्ग थाने पहुंचे और पुलिस को सोना सौप दिया।

## एसबीआई ऑटोमोटिव ऑप्र्च्युनिटीज फंड लॉन्च

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े फंड हाउस, एसबीआई म्यूचुअल फंड ने ऑटोमोटिव और इससे जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों की थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम, एसबीआई ऑटोमोटिव ऑपर्च्युनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। नया फंड ऑफर शुक्रवार, 17 मई, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 31 मई, 2024 को बंद होगा।एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के डिप्टी एमडी और संयुक्त सीईओ डी पी सिंह ने कहा, मुझे उन निवेशकों को एसबीआई ऑटोमोटिव अवसर निधि प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है जो अपने पोर्टफोलियो के सैटेलाइट हिस्से में एक विषयगत पेशकश जोड़ने के इच्छुक हैं। भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग शीर्ष गियर में चल रहा है क्योंकि हमारा देश वाहनों के उत्पादन और ऑटो निर्यात के मामले में एक ताकत है जबकि हमारा बढ़ता घरेलू बाजार सुरक्षित और प्रीमियम वाहनों की मांग करता है।

## मुजफ्फरनगर में ट्रक की चपेट में आकर दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** मुजफ्फरनगर जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र मे एक ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार दो युवको की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार नई मंडी थाना इलाके के भोपा रोड पर आज एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवको को टक्कर मार दिया। थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होने बताया कि दोनों की पहचान सिद्धबली पेपर मिल के कर्मचारी अंकित (22) और मोनू (26) के रूप में हुई जो हादसे के समय मिल से अपने गांव लौट रहे थे।

## माई ट्राइडेंट ने शर्मिला और करीना को साथ लिया

**नई दिल्ली।** माईट्राइडेंट होम डेकोर उद्योग में नए मानक स्थापित करते हुए अपने लेटेस्ट कैंपेन को पेश करने के लिए उत्साहित है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर खान के साथ प्रतिष्ठित शर्मिला टैगोर भी अभिनय करती नजर आएंगी। यह असाधारण सहयोग सास और बहू के बीच सामंजस्यपूर्ण और सुरुचिपूर्ण रिश्ते को उजागर करता है, जो आमतौर पर ब्रांड कैंपेनों में सामान्यत- प्रस्तुत किए जाने वाले पारंपरिक कहानियों से अलग है। दोनों अनुग्रह और परिष्कार बिखेरते हुए अपने घर की शानदार सजावट में डूबते हुए, माईट्राइडेंट के प्रीमियम होम एसेंशियल्स प्रदान की जाने वाली समृद्धि और आराम के बीच विलासिता का आनंद लेती हैं। यह कैंपेन समकालीन भारतीय परिवार के लिए एक उल्लासपूर्ण श्रद्धांजलि का प्रतीक है, जो स्टीरियोटाइप को पार करते हुए समावेशिता की टेपेस्ट्री को अपनाता है। ये जानकारी नेहा गुप्ता बेक्टर, चेयरपर्सन, माईट्राइडेंट ने कही।

## ऊटी में भारी बारिश का अनुमान

**नीलगिरि।** तमिलनाडु के नीलगिरि जिला प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि यहां 18-20 मई तक भारी बारिश होने का अनुमान है। जिला प्रशासन ने इस दौरान पर्यटकों को इस पहाड़ी स्थान की यात्रा नही करने की सलाह दी है।

# चाबहार बंदरगाह परियोजना से अफगानिस्तान, मध्य एशिया को फायदा होगा : भारत

भाषा। नई दिल्ली



**भारत ने** शुक्रवार को कहा कि चाबहार बंदरगाह परियोजना पर नई दिल्ली और तेहरान के बीच दीर्घकालिक समझौते को लेकर संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं रखा जाना चाहिए क्योंकि चारों ओर से जमीन से घिरे अफगानिस्तान, मध्य एशिया और पूरे क्षेत्र को इससे फायदा होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल की यह टिप्पणी भारत और ईरान द्वारा समझौते पर मुहर लगाने के बाद अमेरिका द्वारा प्रतिबंधों की चेतावनी दिए जाने के कुछ दिनों बाद आई है। भारत और ईरान ने सोमवार को 10 वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए जो चाबहार बंदरगाह पर भारतीय संचालन की सुविधा प्रदान करता है। चाबहार बंदरगाह के प्रति भारत की प्रतिबद्धता चारों ओर से जमीन से घिरे अफगानिस्तान और मध्य एशियाई देशों के लिए एक कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में इसकी क्षमता का दोहन करना है। एक भारतीय कंपनी - इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड - 2018 से अंतरिम अनुबंध पर बंदरगाह का संचालन कर रही है।

## पीओके में विरोध प्रदर्शन पाकिस्तान की संसाधनों की प्रणालीगत लूट की नीति का परिणाम: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कई हिस्सो मे देखा जा रहा विरोध प्रदर्शन इस्लामाबाद के जबरन और अवैध कब्जे वाले क्षेत्र से संसाधनो की प्रणालीगत लूट की पाकिस्तान की निरंतर चली आ रही नीति का स्वाभाविक परिणाम है। इसने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग थे, हैं, और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और भोजन, ईंधन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर पीओके में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन की रिपोर्ट देखी है। वह पीओके में विरोध प्रदर्शन पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जायसवाल ने कहा, हमारा मानना है कि यह इन क्षेत्रों से संसाधनो की प्रणालीगत लूट की पाकिस्तान की निरंतर नीति का एक स्वाभाविक परिणाम है जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में है। उन्होंने कहा, ऐसी शोषणकारी नीतियां स्थानीय लोगों को उनके अपने संसाधनो पर अधिकार और उनके लाभों से वंचित करती है।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने श्रीरंगम के रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को श्रीरंगम के रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने इसके प्रवेश द्वार पर भागवत की अगवानी की और अति विशिष्ट व्यक्तियों को मंदिर की ओर से सम्मानित करने की परंपरा के अनुसार उन्हें माला पहनाई और शॉल भेंट की। सरसंघचालक यहां 14 मई से शुरू हुई आरएसएस प्रशिक्षण शिविर की चार दिवसीय यात्रा के समापन के दिन शहर के दौरे पर थे।

# बारामूला लोस सीट पर 25 हजार विस्थापित कश्मीरी पंडित मतदाता डाल सकेंगे वोट

भाषा। जम्मू



**जम्मू-कश्मीर** की बारामूला लोकसभा सीट के लिए पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा और इस सीट के लिए देश के विभिन्न इलाकों में रह रहे 25 हजार से अधिक विस्थापित कश्मीर पंडित मतदान करने की अर्हता रखते हैं। बारामूला निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तैयारियां अंतिम दौर में है जहां के 17.32 लाख मतदाता 23 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। कुल मतदाताओं में 8.59 लाख महिलाएं हैं। माना जा रहा है कि मुख्य मुकाबला पीपुल्स कांफ्रेंस के सज्जाद लोन और नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला के बीच होगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी (विस्थापित) रियाज अहमद ने पीटीआई-भाषा को बताया, बारामूला लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए कुल 25,821विस्थापित कश्मीरी मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। इनमें से 12,747 पुरुष मतदाता और 13,074 महिला मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि विस्थापितों के लिए कुल 26 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 21 जम्मू में, चार दिल्ली में और एक मतदान केंद्र उधमपुर में स्थापित किया गया है। अहमद ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने कश्मीरी विस्थापित मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाने और वासस ले जाने की व्यवस्था की है। सुविधा सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक उपलब्ध रहेगी।उन्होंने कहा, परिवहन की व्यवस्था वहां मौजूद रहेगी जहां पर विस्थापितों की अधिक संख्या है।

## अदालत ने जद (एस) रेवन्ना की अंतरिम अग्रिम जमानत 20 मई तक बढ़ाई

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत शुक्रवार को 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने तब तक के लिए उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने इससे पहले बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई की थी और 66 वर्षीय रेवन्ना को आज तक के लिए अंतरिम राहत दी थी। रेवन्ना और उनके बेटे एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ हासन जिले के होलेनरसीपुर टाउन पुलिस थाने में 47 वर्षीय घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था।

# भरतपुरः यूपी रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकराई, पांच महिलाओं की मौत

भाषा। जयपुर

**राजस्थान के** भरतपुर जिले में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर यह हादसा उस समय हुआ जब उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई।पुलिस उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि हलैना महुआ राजमार्ग पर अलीगढ़ से जयपुर की ओर आ रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस आगे चल रहे एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस में सवार चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बस में सवार 13 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि एक अन्य घायल महिला ने भरतपुर के सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

फिलहाल 12 घायलों का इलाज किया जा रहा है। एक घायल यात्री ने संवाददाताओं को बताया कि बस तेज गति से चल रही थी। बस चालक ट्रेलर को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन समय रहते ब्रेक नहीं लगा सका और ट्रेलर से बस टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। भरतपुर जिला कलेक्टर अमित यादव और पुलिस अधीक्षक मृदुल कछावा घटनास्थल के अलावा सरकारी अस्पताल पहुंचे घायलों का हाल जाना।

## छत्तीसगढ़ः सुरक्षाबलों ने तीन बारूदी सुरंग की बरामद

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने तीन बारूदी सुरंग बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के शोभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरीबा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने तीन बारूदी सुरंग बरामद की है। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा पर स्थित शोभा थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की सूचना पर पुलिस दल को कोदोमाली, इचरादि, गरीबा, सहबीनकछार गांव की ओर रवाना किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल के जवान जब क्षेत्र के गरीबा गांव के जंगल में थे तब सुरक्षाबलों को देखकर नक्सली वहां से भाग गए। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जंगल से तीन-तीन किलोग्राम वजनी एक टिफिन बम, दो कुकर बम तथा अन्य सामान बरामद किया। सुरक्षाबलों ने बमों को नष्ट कर दिया है तथा नक्सलियों की खोज की जा रही है।

# तीर्थयात्रा के सुचारु संचालन के लिए गंगोत्री यमुनोत्री में बनेगा मास्टरप्लान : धामी

भाषा। देहरादून



चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ के मद्देनजर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में तीर्थयात्रा के सुचारु संचालन के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री में मास्टरप्लान बनाया जाएगा। चार धामों में श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के लिए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बृहस्पतिवार को एक बैठक की और उन्हें महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सुबह उन्होंने एक बार फिर अधिकारियों के साथ बैठक की और फिर यमुनोत्री यात्रा का जायजा लेने के लिए उत्तरकाशी के बड़कोट पहुंचे।जायजा लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्यादा संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं और पिछले वर्ष के मुकाबले यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई है जिसके कारण कहीं-कहीं श्रद्धालुओं को रोकना भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा, हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। धामों की क्षमता से दोगुने लोग आ रहे हैं। निकट भविष्य में हम गंगोत्री और यमुनोत्री क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान बनाएंगे जिससे वाहन खड़ा करने सहित सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान हो।

## होर्डिंग गिरने के मामले में आरोपी भावेश को 26 तक हिरासत में भेजा गया

भाषा। मुंबई

**मुंबई** की एक अदालत ने घाटकोपर में होर्डिंग गिरने के मामले में विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे को शुक्रवार को 26 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। होर्डिंग गिरने की घटना में 16 लोगों की मौत हो गई थी।भिंडे को बृहस्पतिवार को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार कर मुंबई लाया गया।भिंडे की ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने घाटकोपर में विशाल होर्डिंग लगाया था, जो 13 मई को धूल भरी तेज आंधी के दौरान एक पेट्रोल पंप पर गिर गया था।घटना के बाद से भिंडे फरार था, जिसके खिलाफ पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# वर्ष 2050 तक भारतीय पुरुषों की औसत आयु होगी 75 साल

**● महिलाओं की करीब 80 साल**

भाषा। नई दिल्ली

**द लैंसेट पत्रिका** में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन में कहा गया है कि 2022 और 2050 के बीच विश्व भर में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा में लगभग पांच वर्ष और महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में चार वर्ष से अधिक सुधार होने का अनुमान है। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में 2050 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा औसतन 75 वर्ष से अधिक तथा महिलाओं के लिए यह लगभग 80 वर्ष हो सकती है। जीवन प्रत्याशा का अर्थ किसी व्यक्ति का औसत जीवनकाल होता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि उन देशों में सुधार सबसे अधिक होने की उम्मीद है जहां जीवन प्रत्याशा कम है, जिससे सभी भौगोलिक क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा में समग्र वृद्धि देखने को मिलेगी। अध्ययन के लेखकों ने कहा कि हृदय रोगों, कोविड-19 और अन्य संक्रामक रोगों, जच्चा-बच्चा तथा पोषण संबंधी बीमारियों से बचाव संबंधी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय जीवित रहने की दर में सुधार करने वाले कारक हैं और इनसे बड़े पैमाने पर विश्व स्तर पर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि दिखेगी। अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) के निदेशक क्रिस मुरे ने कहा, हमने पाया है कि समग्र रूप से जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के साथ ही विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा में असमानता कम हो जाएगी। मुरे ने कहा यह एक संकेतक है कि उच्चतम और निम्नतम आय वाले क्षेत्रों के बीच स्वास्थ्य असमानताएं बनी रहेंगी, लेकिन अंतर कम हो रहा है। उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्र में अधिक सुधार की उम्मीद है। शोधकर्ताओं ने कहा कि दुनिया भर में स्वस्थ जीवन प्रत्याशा आने वाले वर्षों में 2.6 वर्ष बढ़ जाएगी।

## अदालत ने तिहाड़ जेल में विचाराधीन कैदी की हत्या के मामले में चार व्यक्तियों को दोषी करार दिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने तिहाड़ जेल में एक कैदी की 2021 में हुई हत्या के सिलसिले में चार व्यक्तियों को दोषी करार दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्रीकांत रामास्वामी की चार कैदियों ने 14 मई 2021 को हत्या कर दी थी। मामले की जांच सीबीआई ने की थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर मामले की जांच की जिम्मेदारी संभाली थी। रामास्वामी की बहन ने हत्या की सीबीआई जांच की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। सीबीआई ने गहन जांच के बाद यहां अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था।

## क्विक न्यूज

### हावड़ा में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को जान से मारने की धमकी वाला पोस्टर लगा मिला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलुबेरिया मे शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी को जान से मारने की धमकी वाला एक पोस्टर लगा मिला है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सफेद कपड़े पर हरे रंग की स्याही से हाथ से लिखा गया यह पोस्टर उलुबेरिया के फुलेश्वर क्षेत्र मे एक निर्माण स्थल से बरामद किया गया। इस क्षेत्र में 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। पोस्टर मे बंगाली मे लिखा था मै मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक को कार से टक्कर मारकर मार डालूंगा। इसके बाद सभी लोग दीए जलाएंगे। मेरे पास एक गुप्त पत्र है।यह पोस्टर ईंटो के ढेर पर लगा मिला। पुलिस अधिकारी ने बताया, अभी तक यह स्पष्ट नही हो सका है कि गुप्त पत्र का क्या अर्थ है। यह एक शरारत भी हो सकती है। हमे यह पता लगाना है कि इसमे कोई एक व्यक्ति या कोई समूह शामिल है। उन्होने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सामाजिक रीति-रिवाजों से रूबरू हो रहे लोग

**मुंबई।** जी टीवी का शो रब से है दुआ अपनी दिलचस्प कहानी के साथ दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है, जिसमें रिश्तों और सामाजिक रीति-रिवाजों का ताना-बाना बुना गया है। इस समय शो में बड़ा दिलचस्प सफर दिखाया जा रहा है, जहां लीड किरदार अपने रिश्तों में कई बड़े उतार-चढ़ाव से गुजर रहे हैं। जहां इस शो में अब सबकी नजरें सुभान, मन्नत और इबादत पर टिकी हुई हैं, जिनका किरदार क्रमशः धीरज धूपर, सीरत कपूर और येशा रुघानी निभा रही हैं, वहीं इस समय मन्नत और सुभान की बहुप्रतीक्षित शादी को लेकर पूरे परिवार में उत्साह का माहौल है। हालांकि मन्नत के फरहान के साथ भाग जाने के इरादों के कारण उसकी बहन और उसकी बेस्ट फ्रेंड इबादत को तनाव हो जाता है, क्योंकि वो चाहती है कि मन्नत अपना फैसला बदल ले क्योंकि फरहान उसके लिए एक सही लड़का नहीं है।इस शो के वेडिंग ट्रैक के लिए जहां सभी एक्टर्स शानदार ढंग से डिजाइन किए हुए, आपस में रंगों के तालमेल वाले परिधान पहने नजर आए, वहीं अपने गजब के फैशन सेंस के लिए मशहूर धीरज धूपर ने अपने पहनावे में अपना अनोखा अंदाज शामिल करने का फैसला किया। इस शादी से जुड़े सभी समारोहों में वो काफी स्टाइलिश और आकर्षक आउटफिट्स पहने नजर आए, जिससे सीन्स की भव्यता और बढ़ गई।

### जजपा ने अपने दो विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए विस अध्यक्ष को पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक याचिका दायर कर पार्टी के दो विधायकों - रामनिवास सुरजाखेड़ा और जोगी राम सिहाग - को कथित तौर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों मे शामिल होने के लिए दलबदल रोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित करने की मांग की है। जजपा कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सुरजाखेड़ा और सिहाग दोनों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार किया है और मौजूदा लोकसभा चुनावों मे सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारो के लिए वोट मांगे है। उन्होंने कहा कि जजपा के सभी 10 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारने के बावजूद सुरजाखेड़ा ने भाजपा के लिए नरवाना में जबकि सिहाग ने हिसार मे प्रचार किया।सिंह ने कहा, दोनो विधायकों को जजपा उम्मीदवारो के लिए प्रचार करना चाहिए था, लेकिन वे भाजपा के लिए वोट मांग रहे है। हमने उन्हे दो बार कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन हमे उनसे कोई जवाब नही मिला। उन्होने ने कहा कि अब पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक याचिका दायर की है जिसमे दलबदल रोधी कानून के तहत जजपा के दो विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई है।

### जमनापार से दिखेगी दिल्ली कर जिंदगी

**मुंबई।** अमेज़न की निःशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न मिनीटीवी अपनी आने वाली एस्पिरेशनल ड्रामा सीरीज़, जमनापार की बड़ी मनमोहक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में जगह बनाने के लिए तैयार है। अमेज़न की स्ट्रीमिंग सेवा ने इस सीरीज़ का ऑफिशल ट्रेलर रिलीज़ किया, जो शांतनु बंसल उर्फ़ शैंकी की दुनिया की झलक दिखाता है। पूर्वी दिल्ली के छोटे-छोटे घरों से लेकर दक्षिणी दिल्ली की आलीशान गगनचुंबी इमारतों तक, यह कहानी शैंकी की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने वजूद की तलाश करने के सफ़र पर निकलता है और अपनी जड़ों पर गर्व करता है। जमनापार 24 मई से सिर्फ अमेज़न मिनीटीवी पर मुफ्त में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगा, जिसमें ऋत्विक सहोरे, वरुण बडोला, रघु राम, सृष्टि गांगुली रिंदानी और अंकिता सहगल सहित कई होनहार कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं। इस मौके पर अमेज़न मिनीटीवी के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा, जमनापार इस बात को दर्शाता है कि हम दिल को छू लेने वाले और सोचने पर मजबूर कर देने वाले कंटेंट्स की पेशकश करने के अपने इरादे पर अटल हैं, जिनसे जीवन के सभी क्षेत्रों के दर्शक जुड़ाव महसूस करते हैं।

### बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया की उड़ान वापस दिल्ली पहुंची, सुरक्षित हवाई अड्डे पर उतरा विमान

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया के विमान को वातानुकूलन इकाई में आग लगने के संदेह के बाद शुक्रवार शाम को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विमान (उड़ान संख्या एआई 807)को राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर सुरक्षित रूप से उतर गया है और उसमें 175 लोग सवार थे। उन्होने बताया कि विमान की वातानुकूलन इकाई मे संदिग्ध आग लग गई थी और आपात स्थिति घोषित की गई थी। विमान ने शाम छह बजकर करीब 40 मिनट पर एहतियातन सुरक्षित लैंडिग की।

### सारा खान भारतीय दर्शकों से खुश

मुंबई। आपका शो 'अहसास' जिंदगी के माध्यम से भारतीय दर्शकों के लिये अब उपलब्ध होने जा रहा है, इसे लेकर सारा खान उत्साहित हैं। उन्होंने मैं बहुत खुश हूं कि भारतीय दर्शक अब मेरा शो 'अहसास' देख पायेंगे। मैं पाकि?तानी कंटेंट को अपने टीवी पर दिखाने के लिये 'जिंदगी' की दिल से आभारी हूं। 'अहसास' एक खूबसूरत लेकिन पेचीदा प्रेम कहानी है, जिसमें कई मोड़ होंगे, जो शो को मजेदार एवं प्रासंगिक बनाते हैं। मुझे उम?मीद है कि इमोशन्स, कहानियां और मेरे किरदार हिना का सफर दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ाव बनायेगा। अब्दुल्लापुर का देवदास' की मेरे दिल में एक खास जगह है। मैं दुनियाभर में मौजूद अपने प्रशंसकों की आभारी हूँ, जिन्होंने गुलबानो को इतना प्यार दिया है। इस साल का वह बड़ा ही अपेक्षित शो बन गया। लोगों पर उसके असर को देखना सचमुच दिल को सुकून देता है। मुझे अपनी सबसे अच्छी कोशिश करने और ऐसी कहानियों में काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला है। उन सभी का शुक्रिया, जिन्होंने इसे पसंद किया।

### कानपुर केंद्र पर गलत सीयूईटी-यूजी प्रश्नपत्र वितरित, परीक्षा 29 मई को पुनर्निर्धारित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के कानपुर के एक केंद्र पर सीयूईटी-यूजी परीक्षा 29 मई को पुनर्निर्धारित की गई है। इस केंद्र पर गलत प्रश्न पत्र वितरित किया गया था। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एजेंसी ने केंद्र मे प्रश्न पत्र लीक होने की खबरों का खंडन किया। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, परीक्षा 29 मई को कानपुर के महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ कॉलेज के एक परीक्षा केंद्र पर 220 से अधिक छात्रों के लिए आयोजित की जाएगी।

दक्षिण अफ्रीका की युद्ध विराम की अपील

# इजराइल आईसीजे में नरसंहार के आरोपों का जवाब देगा

एपी। हेग (नीदरलैंड)

**दक्षिण अफ्रीका** द्वारा गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में अपील किए जाने के बाद इजराइल अब शुक्रवार को अदालत में नरसंहार के आरोपों का जवाब देगा।

दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में दिसंबर में याचिका दायर की थी जिसके बाद बृहस्पतिवार को अदालत ने गाजा में जारी संघर्ष को लेकर तीसरी बार सुनवाई की।

बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका ने अदालत को बताया कि गाजा में स्थिति एक नए और भयावह चरण पर पहुंच गई है।

दक्षिण अफ्रीका ने 15 न्यायाधीशों की पीठ से तत्काल कार्वाई की अपील की।

नीदरलैंड में दक्षिण अफ्रीका के राजदूत वुसिमुजी मदोन्सेला ने न्यायाधीशों की पीठ से अपील कि वे इजराइल को गाजा पट्टी से पूरी तरह और बिना शर्त हटने का आदेश दें।

दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल की जांच के लिए आईसीजे से चार अनुरोध किए हैं। हालिया अनुरोध के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका का कहना है कि रफह में इज़राइल की सैन्य घुसपैठ से गाजा में फलस्तीन के लोगों के अस्तित्व के लिए खतरा है। इस साल की शुरुआत में सुनवाई के दौरान इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था और कहा था कि वह हर संभव प्रयास करता है कि आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं हो और वह केवल हमास के आतंकवादियों को निशाना बना रहा है। जनवरी में न्यायाधीशों ने इजराइल को आदेश दिया था कि वह गाजा में लोगों की मौत, विनाश और नरसंहार की किसी भी घटना को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करे लेकिन पीठ ने सैन्य हमले को रोकने का आदेश नहीं दिया था। न्यायालय ने पहले ही पाया है कि इजराइल के सैन्य अभियानों के कारण गाजा में फलस्तीन के लोगों को वास्तव में खतरा है। दक्षिण अफ्रीका की कानूनी टीम के सदस्य अधिवक्ता ब्लिन नी घ्रालैघ ने कहा, 'यह न्यायालय के पास कार्वाई करने का संभवतः आखिरी मौका है।दक्षिण अफ्रीका के कानूनी दल के सदस्य वकील ब्लिन नी घ्रालैघ ने कहा, न्यायालय ने पहले ही माना है कि इजराइल के सैन्य अभियानों के कारण गाजा में फलस्तीन के लोगों को वास्तव में खतरा है। यह न्यायालय के पास कार्यवाही करने का संभवतः आखिरी मौका है। इस साल की शुरुआत में सुनवाई के दौरान इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था और कहा था कि वह हर संभव प्रयास करता है कि आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं हो और वह केवल हमास के आतंकवादियों को निशाना बना रहा है। दक्षिण अफ्रीका की ओर से पेश वकील वॉन लोवे ने कहा,'रफह में इजराइल की कार्वाई गाजा के विनाश की दिशा में अंतिम चरण है'नई याचिका में कहा गया कि हेग स्थित अदालत के पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

# संयुक्त राष्ट्र, भारतीय दूतावास, इजराइल सरकार के अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि

भाषा। तेल अवीव



**गाजा में** जान गंवाने वाले भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले को यहां स्थित भारतीय दूतावास के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और इजराइल सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी।

काले (46) सोमवार को सुबह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के अन्य कर्मचारियों के साथ वैश्विक संस्था के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन हॉस्पिटल जा रहे थे, तभी वह हमले की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। हमले में जॉर्डन से संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग का एक कर्मचारी घायल हुआ है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि कर्नल काले के पार्थिव शरीर को भारत ले जाया जा रहा है।

दूतावास ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए कहा, दूतावास के अधिकारियों के साथ-साथ इजराइल के विदेश मंत्रालय, इजराइल रक्षा बल और यूएनडीएसएस तथा संयुक्त राष्ट्र के अन्य संगठनों के अधिकारियों ने कर्नल वैभव अनिल काले (सेवानिवृत्त) को श्रद्धांजलि दी।

भारतीय सेना से 2022 में, समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल काले दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने कश्मीर में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स की कमान संभाली थी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा था, हम भारत की सरकार और लोगों के प्रति खेद और संवेदना व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा दिए गए योगदान की सराहना करते हैं। गुतारेस ने भी काले के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने तत्काल मानवीय संघर्ष विराम और सभी बंधकों की रिहाई किए जाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि गाजा में अब तक संयुक्त राष्ट्र के 190 से अधिक कर्मचारी मारे गए हैं।

# सहायता सामग्री लेकर गाजा पट्टी में पहुंचे ट्रक: अमेरिकी सेना

भाषो। वाशिंगटन

युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में अमेरिका द्वारा हाल में बनाए गए एक तैरते पोतघाट के जरिए राहत सामग्री लेकर ट्रक पहली बार शुक्रवार को संकटग्रस्त इलाके में पहुंचे। इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर प्रतिबंध लगा दिए है जिसके कारण लोगों तक खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी।

अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का अनुमान है कि इस पोतघाट के जरिए गाजा पट्टी में एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते हैं। इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी शहर रफह में हमास के खिलाफ सात महीने से जारी लड़ाई को और तेज कर दिया है।

अमेरिका और सहायता समूहों ने साथ ही इस बात को लेकर सचेत किया कि इस पोतघाट परियोजना को जमीनी मार्ग से आपूर्ति पहुंचाए जाने का विकल्प नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि जमीनी मार्ग के जरिए ही गाजा में आवश्यक भोजन, पानी और ईंधन पहुंचाया जा सकता है। युद्ध से पहले, औसतन प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रक गाजा में प्रवेश करते थे।

हमास द्वारा पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल में घुसकर किए गए हमले के बाद से इजराइल ने गाजा की नाकेबंदी कर दी है। इसकी वजह से ट्रकों का परिचालन करने के लिए ईंधन की कमी, आतंकवादी हमले, सामरिक बाधाएं बनी हुई है।

हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था और इस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे तथा 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इस हमले के जवाब में इजराइल ने भी गाजा में हमास पर हमला किया।

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के हमले में गाजा पट्टी में 35,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

सहायता एजेंसियों का कहना है कि दक्षिणी गाजा में खाने-पीने की चीजें खत्म हो रही हैं और ईंधन का भंडार तेजी से कम हो रहा है, जबकि अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी और विश्व खाद्य कार्यक्रम का कहना है कि गाजा के उत्तर में पहले ही अकाल की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है।

सैनिकों ने बृहस्पतिवार को तैरते पोतघाट स्थापित करने का काम पूरा कर लिया और अमेरिकी सेना के मध्य कमान ने कहा कि शुरुआती सहायता शुक्रवार सुबह नौ बजे गाजा पहुंची। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन में कोई भी अमेरिकी सैनिक तट पर नहीं गया।

कमान ने कहा, समुद्री गलियारे के माध्यम से गाजा में फलस्तीनी नागरिकों को अतिरिक्त सहायता देने का यह एक सतत, बहुराष्ट्रीय प्रयास है जो प्रकृति में पूरी तरह से मानवीय है, और इसमें कई देशों और मानवीय संगठनों द्वारा दान की गई सहायता वस्तुएं शामिल होंगी।

पेंटागन (अमेरिकी रक्षा मंत्रालय) ने कहा कि वितरण प्रक्रिया में उसकी ओर से किसी प्रकार की सहायता की उम्मीद नहीं है। इसका समन्वय संयुक्त राष्ट्र द्वारा किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने हालांकि, कहा कि जमीनी रास्ते से की जाने वाली ईंधन आपूर्ति लगभग बंद है और इससे गाजा के लोगों तक सहायता पहुंचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा, हमें ईंधन की सख्त जरूरत है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि राहत सामग्री समुद्र के रास्ते आ रही है या जमीन के, लेकिन बिना ईंधन यह लोगों तक नहीं पहुंचेगा।

पेंटागन की प्रवक्ता सबरीना सिंह ने कहा कि अमेरिका, इजराइल से की जाने वाली हर बातचीत में ईंधन का मुद्दा उठाता है।

# रूस ने ब्रिटेन के रक्षा अताशे को निष्कासित किया

एपी। मॉस्को

**ब्रिटेन में** रूस के रक्षा अताशे को जासूसी के आरोपों में इस महीने की शुरुआत में बर्खास्त किए जाने के जवाब में रूस ने भी बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के रक्षा अताशे को अवांछनीय व्यक्ति घोषित किया और देश छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने बृहस्पतिवार को मॉस्को में ब्रिटिश दूतावास के एक प्रतिनिधि को तलब किया और लंदन से रूस के रक्षा अताशे को निष्कासित करने के बेबुनियाद फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया। बयान में कहा गया, हम इस कदम को स्पष्ट रूप से रूस के प्रति ईर्ष्या रखने की प्रकृति वाली राजनीति से प्रेरित कार्वाई के रूप में लेते हैं जिससे द्विपक्षीय संबंधों को अपूरणीय क्षति हो रही है।

ब्रिटेन ने आठ मई को रूसी रक्षा अताशे पर अघोषित सैन्य खुफिया अधिकारी होने का आरोप लगाया और दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को लेकर राजनयिक को देश से निष्कासित करने की घोषणा की।

# भारत की तकनीकी सहायता बेहद अहम: राष्ट्रमंडल प्रमुख

भाषा। लंदन

**राष्ट्रमंडल महासचिव** पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने कहा है कि इस वैश्विक संस्था के लिए भारत की तकनीकी सहायता अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह कई विकासशील देशों को विकास संबंधी चुनौतियों से निपटने की आशा प्रदान करती है।

स्कॉटलैंड ने लंदन में राष्ट्रमंडल के सदस्य देशों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक के 22वें सत्र की मेजबानी के दौरान यह बात कही।

उन्होंने राष्ट्रमंडल के साथ तकनीकी विकास के तरीकों को साझा करने की भारत की इच्छा का स्वागत किया और संगठन के शैक्षिक लक्ष्यों के प्रति अधिक प्रतिबद्धता की उम्मीद जताई।

राष्ट्रमंडल महासचिव ने लंदन में राष्ट्रमंडल सचिवालय मार्लबोरो हाउस मुख्यालय में बृहस्पतिवार को शुरू हुई दो दिवसीय बैठक में अपने संबोधन में मंत्रियों से शिक्षा तक पहुंच में बाधा डालने वाली चुनौतियों को खत्म करने, प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने और जीवन भर सीखने के लिए प्रोत्साहित होने को कहा।

स्कॉटलैंड ने कहा, भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपने तकनीकी विकास को अपने राष्ट्रमंडल परिवार के साथ साझा करने और इसे ओपन-सोर्स तरीके से साझा करने को तैयार है।

उन्होंने कहा, कई विकासशील देशों को इससे आशा जागी है क्योंकि तकनीकी विकास उन विकासात्मक चुनौतियों से आगे निकलने में सक्षम बनाता है जिनका भारत पहले ही सामना कर चुका है और जिनसे आगे निकल चुका है... उन्होंने हमारे साथ अब तक जो साझा किया है, उसके लिए मैं भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूं।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता समाज सुधारक एवं नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी थे। सत्यार्थी ने पिछले 15-20 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला और राष्ट्रमंडल देशों के बच्चों के लिए समानुभूति मेधा का प्रस्ताव रखा।

उन्होंने कहा समानुभूति मेधा निस्वार्थ, उचित और समस्याओं को हल करने वाली है। समस्या का समाधान करने वालों और समस्या से पीड़ित लोगों के बीच किसी प्रकार का कोई संपर्क नहीं होना गंभीर बात है। शिक्षा मंत्री और शिक्षा क्षेत्र यह सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं कि हमारे बच्चे समानुभूति मेधा विकसित करें और बढ़ते विभाजन और भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कम कर सकें।

# अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के संयुक्त हवाई अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी

एपी। सियोल




**दक्षिण कोरिया** और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा मानता है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में बताया कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी लेकिन उसने इस प्रक्षेपण के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। उसने यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की।

अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है और वह अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा।

दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में बृहस्पतिवार को किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था। उत्तर कोरिया अत्याधुनिक अमेरिकी विमानों की तैनाती को लेकर बेहद संवेदनशील है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड सोमवार को चौथी बार विश्वास मत हासिल करेंगे

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड 20 मई को संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। यह उनके पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा विश्वास मत होगा। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से समर्थन वापस लेने के कुछ दिनों बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है।

प्रचंड नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) से संबंध रखने पूर्व गुरिल्ला नेता हैं और उनकी पार्टी प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

विश्वास मत हासिल करने का निर्णय 13 मई को उपेन्द्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी नेपाल (जेएसपी) द्वारा पार्टी में विभाजन के बाद सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद किया गया है। यादव ने उपप्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और उनकी पार्टी सरकार से बाहर हो गई थी।

प्रतिनिधि सभा के सहायक प्रवक्ता दशरथ धमाला के अनुसार, 'प्रधानमंत्री नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 100 खंड 2 के मुताबिक विश्वास मत हासिल कर रहे हैं'।

धमाला ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय और मंत्रिपरिषद ने पहले ही इस मामले के संबंध में संसद सचिवालय को सूचित करते हुए एक पत्र भेजा है। प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं अगर वह विभाजित हो जाती है या गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर विश्वास मत हासिल करना होता है।

प्रचंड ने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था, जिसके बाद डेढ़ साल के भीतर यह उनका चौथा विश्वास मत होगा।

नई सरकार को विश्वास मत जीतने के लिए 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 वोटों की आवश्यकता है।

इससे पहले 13 मार्च को प्रधानमंत्री दाहाल ने लगातार तीसरा विश्वास मत जीता था।

# टेक्सास में पुल से टकराई ईंधन ले जा रही नौका, 2000 गैलन तेल गिरने की आशंका

एपी। गालवेस्टर (अमेरिका)

**अमेरिका में** टेक्सास के गैलवेस्टन के पास ईंधन ले जा रही एक नौका के पुल से टकरा जाने के कारण 2,000 गैलन तेल के पानी में गिर जाने की आशंका है। अमेरिकी तटरक्षक बल यूएस कोस्ट गार्ड ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

तटरक्षक बल ने बताया कि टगबोट (नौकाओं को खींचने या धक्का देने के लिए इस्तेमाल होने वाली नौका) से अलग होने के बाद बुधवार को पेलिकन आइलैंड कॉजवे पुल के एक खंभे से टकरा गई जिसके कारण पुल आंशिक रूप से ढह गया और गैलवेस्टन को पेलिकन द्वीप से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क कट गई।

मार्टिन मरीन के उपाध्यक्ष रिक फ्रीड ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पोत में 30,000 बैरल तेल रखने की क्षमता है लेकिन जब यह पुल से टकराया तो उसमें 23,000 बैरल तेल था। कोस्ट गार्ड के कैप्टन कीथ डोनोह्यू ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि हमने शुरू में जो अनुमान लगाया था, पानी में उससे कम तेल गिरा है।

उन्होंने कहा, हमने 605 गैलन से अधिक तैलीय पानी का मिश्रण निकाल लिया है। साथ ही नाव के ऊपर से अतिरिक्त 5,640 गैलन तैलीय उत्पाद बरामद कर लिया है जो पानी में नहीं गया था।

यूएस कोस्ट गार्ड ने बताया कि पानी में 2,000 गैलन तेल गिरने की आशंका है।

# शी और पुतिन ने व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान पर की चर्चा

एपी। बीजिंग

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया।

इस यात्रा की शुरुआत बीजिंग के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की मजबूती को रेखांकित करते हुए चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ शिखर सम्मेलन से हुई।

इस शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के बीच असीमित साझेदारी को भी दोहराया गया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है।

पुतिन उत्तरपूर्वी शहर हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में भाग लेंगे और हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों से मिलेंगे। हार्बिन चीन के हेलोंगशियान प्रांत की राजधानी है जहां किसी समय बड़ी संख्या में रूसी प्रवासी रहते थे। यद्यपि पुतिन की यात्रा प्रतीकात्मक अधिक है और इसमें ठोस प्रस्ताव कम हैं, फिर भी दोनों देश एक स्पष्ट संदेश भेज रहे हैं।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूट के रिसर्च फैलो जोसेफ टोरीगियन ने कहा कि इस समय वे पश्चिम को बता रहे हैं कि वे जब चाहें तब एक दूसरे के साथ खड़े हो सकते हैं।

बृहस्पतिवार को शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया जबकि शी ने कहा कि चीन यूरोप में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद करता है और वह इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा।



उन्होंने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य गठजोड़ की तैनाती की आलोचना की।

रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन पर आक्रमण के कारण विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ गए हैं। चीन के अमेरिका के साथ तनावपूर्ण संबंध हैं। उसे रूस को हथियार उत्पादन के लिए आवश्यक प्रमुख घटकों की आपूर्ति जारी रखने को लेकर दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से रूस चीन पर अधिक निर्भर हो गया है क्योंकि पश्चिमी प्रतिबंधों से वह दबाव में है। पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़कर 240 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया क्योंकि चीन ने अपने पड़ोसी को पश्चिमी प्रतिबंधों से निपटने में मदद की है।

यूरोपीय नेताओं ने चीन पर दबाव डाला है कि वह रूस से यूक्रेन पर आक्रमण समाप्त करने के लिए कहे। हालांकि इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ है।

# फ्रांस की पुलिस ने यहूदियों के प्रार्थना स्थल पर हमले की योजना बना रहे संदिग्ध को मार गिराया

एपी। पेरिस

**फ्रांस की** पुलिस ने नॉरमैंडी शहर के रूएन में यहूदियों के एक प्रार्थना स्थल में आग लगाने का षड्यंत्र रच रहे एक सशस्त्र संदिग्ध को शुक्रवार तड़के गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, संदिग्ध व्यक्ति के पास एक चाकू और धातु की एक छड़ थी। देश के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने सोशल मीडिया साइट एक्स के माध्यम से जानकारी दी कि सशस्त्र व्यक्ति को मार गिराया गया।

उन्होंने कहा, रूएन में राष्ट्रीय पुलिस अधिकारियों ने आज सुबह एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया जो शहर में यहूदियों के प्रार्थना स्थल में जाहिर तौर पर आग लगाना चाहता था। मैं तुरंत कार्वाई करने और अधिकारियों के साहस के लिए उन्हें बधाई देता हूं।

राष्ट्रीय पुलिस के मुताबिक, अधिकारियों को शुक्रवार की सुबह सतर्क किया गया कि प्रार्थना स्थल से धुआं उठ रहा है और जब वे वहां पहुंचे तो उनका सामना एक व्यक्ति से हुआ।

राष्ट्रीय पुलिस सूचना सेवा ने बताया कि वह व्यक्ति चाकू और धातु की छड़ लेकर अधिकारियों की ओर बढ़ा, तभी एक अधिकारी ने गोली चला दी और उस व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

रूएन के मेयर निकोलस माएर-रॉसिग्नोल ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि वह व्यक्ति एक कूड़ेदान पर चढ़ गया और प्रार्थना स्थल के अंदर पेट्रोल बम फेंक दिया, जिससे आग लग गई और प्रार्थना स्थल को गंभीर क्षति हुई।

# पूरन की आतिशी पारी से एलएसजी का दिखा दम

● मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में बनाये 214 रन

भाषा। मुंबई

**निकोलस** पूरन की 29 गेंद में 75 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 214 रन बनाए। पूरन ने अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के जड़ने के अलावा कप्तान लोकेश राहुल (55) के साथ 44 गेंद में 109 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाला। राहुल ने 41 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए। आखिरी ओवरों में आयुष बडोनी (10 गेंद में नाबाद 22) और कृणाल पंड्या (सात गेंद में नाबाद 12) ने सातवें विकेट के लिए 17 गेंदों में 36 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई के लिए नुवान तुषारा ने 28 रन देकर तीन जबकि पीयूष चावला ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए। टीम के बाकी सभी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। तुषारा ने पहले ओवर में देवदत्त पडीक्कल को खाता खोले बगैर पगबाधा किया। मार्कस स्टोइनिस ने अंशुल कंबोज के खिलाफ तीन चौके लगाकर दबाव कम किया तो वहीं कप्तान लोकेश राहुल ने पीयूष चावला का छठे ओवर में स्वागत दो छक्के से किया। इस अनुभवी गेंदबाज ने हालांकि इसी ओवर में स्टोइनिस को पगबाधा कर मुंबई को बड़ी सफलता दिलाई। पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 49 रन था। चावला ने 10वें ओवर में हुड्डा की नौ गेंद में 11 रन की पारी को खत्म किया। पूरन के क्रीज पर आने के बाद एलएसजी की रनगति ने रफ्तार पकड़ी। एक छोर से राहुल दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दे रहे थे तो वही पूरन कंबोज के अगले दो ओवरो में तीन छक्के और दो चौके जड़कर रन गति को तेज किया। उन्होंने 13वें ओवरों में 22 रन बटोरने के बाद अगले ओवर में हार्दिक पंड्या के खिलाफ दो छक्के जड़ दिए।उन्होंने अर्जुन के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाकर 19 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। अर्जुन चोटिल होने के बाद आगे गेंदबाजी नहीं कर सके।



### स्कोरबोर्ड

**एलएसजी पारी:** लोकेश का तुषारा बो चावला 55, पड्डीक्कल पगबाधा तुषारा 00,स्टोइनिस पगबाधा चावला 28,हुड्डा का वढ़ेरा बो चावला 11, पूरन का सूर्यकुमार बो तुषारा 75, अरशद का वढ़ेरा बो तुषारा 00,बडोनी नाबाद 22, कृणाल नाबाद 07,**अतिरिक्त:** 11,**कुल योग:** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 214 रन,**विकेट पतन:**I-I, 2-49, 3-69, 4-178, 5-178, 6-178,**गेंदबाजी:** तुषारा 4-0-28-3,अर्जुन 2.2-0-22-0,कंबोज 3-0-48-0,चावला 4-0-29-3,वढेरा 2-0-13-0,हार्दिक 2-0-27-0,नमन0.4-0-17-0,शेफर्ड 2-0-30-0

### बारिश के कारण रूकावट के बाद मैच शुरू

मुंबई और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के बीच शुक्रवार को यहां खेले जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच बारिश के कारण लगभग 40 मिनट की रूकावट आई। बारिश के बाद खेल दोबारा शुरू हो गया लेकिन ओवरो मे कटौती नही की गई है। बारिश ने जब मैच मे खलल डाला तब मुंबई ने जीत के लिए 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 3.5 ओवर मे बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। वहीं खबर लिखे जाने तक मुबई की टीम 5 विकेट गवांकर 137 रन बना लिए थे। उसे अभी 22 गेंदो में 78 रन बना थे।

# आखिरी प्लेआफ स्थान के लिए आरसीबी और सीएसके में टक्कर

● बारिश की आशंका




भाषा। बेंगलुरू

**लगातार** पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेऑफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0 . 528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर यह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0 . 387 है। मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है। आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे। आरसीबी के गेंदबाजों में यश दयाल ने इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद सिराज, ग्रीन और स्वप्निल सिंह के सामने कड़ी चुनौती है। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद है। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भी उपयोगी पारियां खेली है। पिछली चार पारियों में नाकाम रहे शिवम दुबे से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

### अदिति अशोक की मिजुहो अमेरिका ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**जर्सी सिटी (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मिजुहो अमेरिका ओपन के शुरुआती दौर में चार ओवर 76 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 99वें स्थान पर है।अदिति इस एलपीजीए प्रतियोगिता के पहले दौर में दो बर्डी के मुकाबले छह बोगी कर बैठी और इस प्रदर्शन के बाद उनके कट में जगह बनाने पर खतरा मंडरा रहा है। कोरिया की सो मी ली छह अंडर 66 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप

**बैंकॉक।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी।

### दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से सबक लेकर प्रो लीग के लिए तैयार नई कप्तान सलीमा

बेंगलुरू। भारतीय महिला हॉकी टीम की नई कप्तान सलीमा टेटे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से सबक लेकर बुधवार से बेल्जियम के एंटवर्प में शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण मे नए सिरे से शुरूआत करना चाहेंगी। पूर्व कप्तान सविता पूनिया के साथ भारत ने भुवनेश्वर और राउरकेला मे प्रो लीग के पहले चरण मे आठ मैचो मे दो ही जीत दर्ज की और नौ टीमो मे छठे स्थान पर खिसक गई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोस्ताना श्रृंखला से पहले सलीमा को टीम की कमान सौपी गई जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया।

### शारजाह मास्टर्स शतरंज में निकोलस थियोडोरोउ से हारे अर्जुन एरिगेसी

शारजाह। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होने हालांकि तीसरे दौर मे स्विटजरलैंड के निकोलाइ कचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग मे आठवें स्थान पर बने हुए है। भारत के अरविंद चिदंबरम ने अजरबैजान के मुरादली मुहम्मद को हराया।

### डोप परीक्षण में विफल होने पर खिलाड़ियों के समान कोच को भी सजा

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने शुक्रवार को डोपिंग के बढ़ते मामलो से निपटने के मामले मे नीतिगत बदलाव करते हुए खिलाड़ियो के बराबर कोच को भी सजा देने की घोषणा की। इस नीतिगत बदलाव का मकसद कोच को डोपिंग के प्रति जवाबदेह बनाना है। एएफआई को उम्मीद है कि यह स्वच्छ खेलो की संस्कृति बनाने मे मददगार होगा और इससे यह संदेश भी जाएगा कि डोपिंग को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने एएफआई की कार्यकारी परिषद की बैठक के बाद मीडिया से कहा, अगर कोई एथलीट डोपिंग मे पाया जाता है और उसे सजा दी जाती है, तो उनके कोच को भी एएफआई से समान सजा मिलेगी। कोच भी उतना ही जिम्मेदार होगा क्योंकि डोपिंग का यह पूरा मामला नियंत्रण से बाहर हो गया है। अब समय आ गया है ऐसे लोगो की पहचान की जाए और उन्हे शर्मिंदा किया जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। एनआईएस डिप्लोमा धारको सहित सभी कोचो को एएफआई के साथ पंजीकरण करना होगा।

# संन्यास का फैसला अंतर्मन की आवाज पर लिया : छेत्री



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के बाद संन्यास का फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया और घरेलू सर्किट पर अपने उत्तरदायित्व पूरे करने के बाद वह ब्रेक लेना चाहेंगे। 39 वर्ष के छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 19 बरस के उनके सुनहरे कैरियर पर भी विराम लग जाएगा जिसमें उन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल भारत के लिए सर्वाधिक 94 गोल किए। छेत्री ने वर्चुअल बातचीत में कहा , संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया। मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं , डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है। यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया। उन्होंने हालांकि मानसिक स्वास्थ्य के मसले पर विस्तार से कुछ नहीं कहा। मौजूदा दौर में विभिन्न खेलों में यह खिलाडि़यों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है। छेत्री ने कहा , मैं खुद से लड़ रहा था। समग्र रूप से सोचने की कोशिश कर रहा था और अचानक यह फैसला लिया। एक साल बेंगलुरू एफसी के लिए खेलूंगा। घरेलू फुटबॉल कब तक खेलूंगा , पता नहीं। उसके बाद ब्रेक लूंगा। यह पूछने पर कि बतौर खिलाड़ी कैरियर खत्म होने पर क्या वह कोचिंग के बारे में सोचेंगे, छेत्री ने कहा , मैं कभी ना नहीं कहूंगा। ब्रेक के दौरान इस पर सोचूंगा लेकिन अभी यह मेरे एजेंडे में प्राथमिकता नहीं है। छेत्री का इंडियन सुपर लीग टीम के साथ अनुबंध अगले साल तक है। बाईचुंग भूटिया के बाद भारतीय फुटबॉल के ध्वजवाहक रहे छेत्री ने कहा कि उन्होंने फैसला लेने से पहले कोच इगोर स्टिमक से बात की। मैं स्टिमक के पास गया और इस फैसले के बारे में बताया। वह मेरी बात समझ गए। कोच के अलावा उन्होंने भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली से भी इस पर बात की। वह मेरे काफी करीब है और मुझे समझता है।

### जब छेत्री ने संन्यास के ऐलान से पहले दोस्त विराट कोहली को बताया ...

**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे मे घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नही किया। भारत के लिए सर्वाधिक 150 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता मे छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेगे। छेत्री ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया है। उन्होंने इसकी सार्वजनिक घोषणा करने से पहले कोहली को इसके बारे मे बताया। छेत्री ने भुवनेश्वर से आनलाइन मीडिया संवाद मे कहा , मैने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब है। मैने उससे बात की क्योंकि वह इसे समझ सकता था। उन्होंने कहा , खेल के उतार चढाव, संन्यास। मुझे पता था कि वह समझेगा। इससे पहले शुक्रवार को कोहली ने आईपीएल मे अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के एक्स पेज पर शॉर्ट वीडियो इंटरव्यू मे कहा , छेत्री महान खिलाड़ी है। उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है। मुझे लगता है कि वह इस फैसले से संतोष महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा , पिछले कुछ साल मे हम काफी करीब आए और मै उसे शुभकामनाएं देता हूं। वह बहुत प्यारा इंसान है। छेत्री ने जब 2018 मे मुंबई मे हीरो कप मैच के दौरान प्रशंसको से भारतीय फुटबॉल टीम की हौसलाअफजाई की भावनात्मक अपील की थी, तब कोहली उनका साथ देने सबसे पहले आगे आने वालो मे थे। कोहली ने 2022 मे छेत्री के जन्मदिन पर कहा था , इस दोस्ती के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं कप्तान। कोहली ने यह भी बताया कि उनकी बेटी वामिका बल्ला घुमाने लगी है लेकिन उन्होंने कहा कि वह अपने बच्चों पर कभी भी क्रिकेट खेलने के लिए दबाव नही बनाएंगे। मेरी बेटी ने बल्ला उठाया और उसे घुमाने मे मजा आ रहा है लेकिन आगे क्या बनना है, यह उसका फैसला होगा।

### बांग्लादेश से एक जून को टी20 विश्व कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत

भाषा। दुबई

**भारतीय** टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया गया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैम्पियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं। वहीं पाकिस्तान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलकर कीवी टीम आठ जून को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप का पहला मैच खेलेगी। अभ्यास मैचों को टी20 का दर्जा हासिल नहीं है लिहाजा टीमें सभी 15 खिलाडि़यों को उतार सकती हैं।

### कोरिया में अभ्यास करेंगी तीरंदाज दीपिका

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किए के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी। पिछले महीने शंघाई मे विश्व कप मे रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) मे फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल मे अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या मे होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराए, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है। इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली मे एक सप्ताह अभ्यास को भी मंजूरी दे दी है। ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी की विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की गुजारिश भी मान ली गई है।

### वर्ल्ड चैंपियंस एडिशन की मांग

**मुंबई।** भारत के सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड, शाओमी ने विश्व में रेडमी नोट 13 सीरीज के 15 मिलियन से ज्यादा स्मार्टफोन बेचने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस भारी सफलता की खुशी में शाओमी ने सीरील के लिए कीमतों में भारी कमी की घोषणा की है, और अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एजीए) के साथ गठबंधन में एक इंडिया एक्सक्लुसिव रेडमी 13 प्रो+ 5जी वर्ल्ड चैंपियंस एडिशन पेश किया है। शाओमी ने अपनी संपूर्ण श्रृंखला के लिए बेहतरीन मूल्यों की घोषणा की है। अब रेडमी नोट 13 सीरीज 5जी 15,499 रुपये के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध होगी। शाओमी का उद्देश्य नोट सीरी? की सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक पहुँचाना है। 8जीबी, 256जीबी के लिए 17,499 रुपये और 12जीबी 256जीबी के लिए 19,499 रुपये के प्रभावी मूल्य में उपलब्ध होगा।ये स्मार्टफोन मी.कॉम, अमेजन, फ्लिपकार्ट, शाओमी होम और शाओमी रिटेल पर सभी बैंक ऑफरों के साथ उपलब्ध होंगे।भारत में अपनी 10वीं वर्षगाँठ मनाने से पहले, शाओमी ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ गठबंधन में एक इंडिया-एक्सक्लुसिव स्मार्टफोन, रेडमी नोट 13 प्रो, 5जी वर्ल्ड चैंपियंस एडिशन पेश किया है।

### आईकू गेमिंग पर भी देगा जोर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए, हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज लखनऊ में अपना बिल्कुल नया फुल डे, फुली लोडेड स्मार्टफोन - आईकू जेड 9 पेश किया। यह सीमलेस गेमिंग एक्सपीरियंस के लिए तैयार किया गया है, इसमें सीमलेस गेमप्ले के लिए सुपर गेम मोड और छह मोशन कंट्रोल ऑप्शन और कोरेस्पोंडिंग इलस्ट्रेशन के साथ मोशन कंट्रोल शामिल है। इमर्सन को और बढ़ाते हुए, 4जी गेम वाइब्रेशन बीजीएमआई, कॉल ऑफ ड्यूटी और जेनशिन इम्पैक्ट जैसे सपोर्टेड टाइटल्स में गेमप्ले को बेहतर बनाता है।ब्रांड की राज्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है, पिछले एक वर्ष में 12प्रतिशत की वृद्धि और पहली तिमाही 2024 में लगातार आईकू की कुल बिक्री में 10प्रतिश का योगदान हुआ है, जो अलग अलग प्राइस रेंज में इनोवेशन के प्रति हमारी अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता करता है। इसमे उसने हार्डवेयर से लेकर साफ्टवेयर पर रिसर्च के साथ इनोवेशन पर ध्यान दिया है। आईकू सीरीज़ ने लगातार उत्तर प्रदेश में प्यार और सराहना हासिल की है और पिछले 18 महीनों से यूपी में सबसे अधिक बिकने वाली सीरीज़ में से एक है, जो भारत के शीर्ष तीन राज्यों में शुमार है।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने आल राउंडर से ज्यादा गेंदबाजों को प्रभावित किया है : शाहबाज अहमद

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने शुक्रवार को कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम आल राउंडर की तुलना मे गेंदबाजो के लिए सबसे बड़ा दुस्वप्न साबित हुआ है। शाहबाज ने इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र मे 138 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 186 रन बनाए है। लेकिन उनका मुख्य कौशल बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी करना है जो उनके लिए फायदेमंद नही रहा है क्योंकि इससे उन्होने केवल तीन विकेट ही झटके है जिसमे भी उनका इकोनोमी रेट 10.60 का है और यह इतना अच्छा नही है। शाहबाज ने पीटीआई वीडियो से कहा, अब प्रत्एक टीम के पास कुल नौ बल्लेबाज (एक आल राउंडर और आठ बल्लेबाज) हो गए है।

### मेरे रिकॉर्ड को अभी कोई खतरा नहीं : उसेन बोल्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज फर्राटा धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक मे होंगे लेकिन प्रतिभागियो को चिंता करने की जरूरत नही है क्योंकि वह पेरिस मे सिर्फ उन्हे खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे। वह अपने शानदार रिकॉर्ड टूटने के प्रति जरा भी चिंतित नही है और उनका मानना है कि निकट भविष्य मे इन्हे कोई खतरा नही है। न्यूयॉर्क से पीटीआई को फोन पर दिए साक्षात्कार मे बोल्ट ने संन्यास के बाद जिंदगी, फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य मे भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे मे बाते की। बर्लिन मे 2009 विश्व चैम्पियनशिप मे 100 मीटर मे उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर मे 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है। बोल्ट ने कहा, मुझे नही लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है। इस समय नही है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा।

### मेस्सी के शुरुआती करार के गवाह रहे नैपकिन के लिए आठ करोड़ रुपए से ज्यादा की बोली लगी

**लंदन।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का स्पेन के क्लब बार्सीलोना के साथ पहले करार का गवाह रहे नैपकिन के लिए नीलामी मे 7,62,400 पाउंड (लगभग 8.05 करोड़ रुपए) की बोली लगी। ब्रिटेन मे नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स ने यह जानकारी दी। लगभग 25 साल पहले बार्सीलोना टेनिस क्लब मे 13 साल के मेस्सी को अनुबंधित करने का सैद्धांतिक समझौता नैपकिन पर लिखा गया था। इसके तुरंत बाद क्लब के साथ औपचारिक और विस्तृत अनुबंध हुआ। बोनहम्स ने बताया कि यह नैपकिन मेस्सी के देश अर्जेंटीना के एजेंट होरासियो गैगियोली की ओर से मुहैया कराया गया था, जो इस करार का हिस्सा थे।

### सात्विक-चिराग तथा तनीषा-अश्विनी थाईलैंड ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय पुरूष युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां थाईलैंड ओपन मे मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप पर सीधे गेम मे जीत के साथ सेमीफाइनल मे अपनी जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग मे तीसरे स्थान काबिज भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे आरिफ और याप पर 21-7, 21-14 से आसान जीत हासिल की।अंतिम चार चरण मे उनका सामना चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी भी सेमीफाइनल मे पहुंचने मे सफल रही। इस जोड़ी को ली यू लिम और शेन सेउंग चान की छठी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई जोड़ी पर 21-15 21-23 21-19 से जीत हासिल करने के लिए एक घंटे 16 मिनट तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। सेमीफाइनल मे भारतीयो का सामना शीर्ष वरीय थाईलैंड की जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविडा प्राजोंगजई की जोड़ी की चुनौती होगी। युवा भारतीय शटलर मेईराबा लुवांग मैसनाम का शानदार सफर खत्म हो गया। उन्हे थाईलैंड के चौथे वरीय कुनलावुत वितिडसार्न से 12-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# परवीन के निलंबन से भारत ने गंवाया ओलंपिक कोटा

● 57 किग्रा में फिर से होगी कोटा हासिल करने की कोशिश

भाषा। नई दिल्ली



**पिछले 12 महीने** में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) द्वारा निलंबित किए जाने के बाद भारत महिलाओं के 57 किग्रा वजन वर्ग में फिर क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा। पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी थी जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। इससे उन पर 22 महीने का निलंबन लगाया गया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, परवीन हुड्डा को ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) द्वारा 22 महीने के लिए निलंबित किया गया है। हालांकि संबंधित एजेंसियों के साथ चर्चा के बाद, परवीन की सजा की तारीख को कम करते हुए बदल दिया गया है जिससे उन्हें अब शुक्रवार से 14 महीने का निलंबन झेलना होगा। विज्ञप्ति के अनुसार, कई चर्चाओं के बाद आईटीए ने परवीन पर एक प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया है जिसमें 22 महीने की अयोग्यता अवधि लागू करना शामिल है। इसे अब छह महीने पीछे की तारीख में कर दिया गया है। अब यह प्रतिबंध 17 मई 2024 से शुरू होकर 14 महीने का होगा। इसका मतलब है कि परवीन इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों में भाग नहीं ले पाएंगी। मुक्केबाजी में, कोटा देश को नहीं बल्कि एथलीट को दिया जाता है। इस तरह भारत के ओलंपिक जाने वाले दल में तीन मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) बची हैं। आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर 24 मई से बैंकॉक में है। इससे भारत के पास महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में क्वालीफाई करने का एक और मौका होगा। लेकिन देश सिर्फ उन्हीं रिजर्व खिलाड़ियों को उतार सकता है जो 11 अप्रैल तक पंजीकृत हुई थीं।

# भारत के चार मुक्केबाजों का एलोर्डा कप में कांसे से अभियान खत्म




भाषा। अस्ताना (कजाखस्तान)

**भारतीय मुक्केबाजों** के लिए एलोर्डा कप में शुक्रवार का दिन निराशाजनक रहा क्योंकि सभी चारों पुरुष मुक्केबाज अपने सेमीफाइनल हार गए जिससे उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। एफाबा सिंह सोईबाम (48 किग्रा) और अभिषेक यादव (67 किग्रा) क्रमश: कजाखस्तान के झुसुपोव असखत और मुरसाल नुरबेक से रिव्यू के बाद सेमीफाइनल में 3-4 से हार गए।
विशाल (86 किग्रा) को मौजूदा विश्व चैम्पियन कजाखस्तान के ओरलबे नुरबेक से 0-5 से पराजय मिली। गौरव चौहान भी एक अन्य कजाखस्तान के मुक्केबाज और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता कमशिबेक कुनकाबाएव से 92 किग्रा से अधिक वर्ग के सेमीफाइनल में 0-5 के समान अंतर से हार गए। बृहस्पतिवार को शलाखा सिंह संसंवाल (70 किग्रा) और मोनिका (81 किग्रा से अधिक) ने अपना अभियान सेमीफाइनल में मिली हार के बाद कांस्य पदक से खत्म किया।

# मनु का ओलंपिक चयन ट्रायल्स में दबदबा बरकरार



भाषा। भोपाल

**ओलंपियन मनु** भाकर ने शुक्रवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल्स (ओएसटी) में शानदार स्कोर से एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह की चुनौती पस्त करते हुए पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। मनु ने तीसरे ओएसटी में 241.0 का शानदार स्कोर बनाकर ईशा (240.2) और रिदम सांगवान (220.3) को पछाड़ा। सुरभि राव (199.3) और पलक (179.1) क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने 246.8 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक से पीछे रहे। सरबजोत सिंह (242.4) ने दूसरा स्थान हासिल किया। उनके बाद अर्जुन सिंह चीमा (218.8), वरूण तोमर (197.3) और रविंदर सिंह (176.9) क्रमश: तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स (ट्रायल 3) ने 252.6 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (252.1) से आगे रहीं। नैन्सी शूट ऑफ में इलावेनिल से पिछड़कर तीसरे स्थान पर रहीं जबकि मेहुली घोष और तिलोत्मा सेन क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स में श्री कार्तिक सबरी राज ने 24 शॉट के शूटआउट में बढ़त बनाई।

# हमें ओलंपिक से पहले मानसिक शांति की जरूरत: महिला पहलवान

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा। सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल मानसिक शांति की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा



हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। तोक्यो ओलंपिक के बाद हालांकि इस आक्रामक पहलवान ने अपने खेल में काफी सुधार किया। उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक विश्व रजत जीतने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप के दौरान लगी घुटने में चोट के कारण एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थीं। अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा, हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है। ओलंपिक से पहले हमें मानसिक शांति की जरूरत है। पहले से ही दो महीने तैयारी के लिए बहुत कम समय है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।